100 प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 3 अंक: 306 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 06 जुलाई 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## हिमाचल में बारिश ने मचाई तबाही, 8 लोगों की मौत की आशंका, कुल्लू में बादल फटा

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में मॉनसून ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। मंगलवार रात से बुधवार सुबह तक प्रदेश में भारी बारिश हुई। पूरे प्रदेश में मॉनसून की वजह से कम से कम 8 लोगों की मौत होने की खबर है। अकेले कुल्लू जिले में 7 लोग लापता बताए जाते हैं। कुल्लू से लेकर किन्नौर और शिमला सहित अन्य स्थानों पर जानमाल की नुकसान की खबरें हैं।

शिमला में ढली के पास लैंडस्लाइड में जहां 14 साल की किशोरी की मौत हो गई। वहीं, उसके भाई और बहन घायल हैं। ये अपने परिवार के साथ सड़क किनारे पर सोए हुए थे। कुल्लू में मणिकर्ण घाटी में चोंज गांव की पहाड़ियों में बादल फटाने से कैंपिंग साइट बह गई है। इसके साथ ही मलाणा डैम की साइट को भी नुकसान हुआ है। कसोल में भूस्खलन की वजह से सड़क पर मलबा एकत्र हो गया है। कुल्लू में भारी बारिश होने से चोज नाले में बाढ़ आ गई है। पार्वती नदी भी उफान पर है।

कुल्लू प्रशासन ने लोगों को नदी नालों के पास नहीं जाने का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही लारजी औ पंडोह में पानी बढ़ने का अलर्ट जारी किया गया है। कुल्लू प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मंडी के सुंदरनगर के रोहित, राजस्थान के पुष्कर का कपिल, धर्मशाला का रोहित चौधरी, कुल्लू के बंजार का अर्जुन लापता हो गए हैं। इसके अलावा, इलाके में छह ढाबे, तीन कंपिंग साइड, एक गौशाला और उसमें बंधी 4 गायें बह गई हैं। वहीं, गेस्ट हाउस में भी मलबा घुसा है। साथ ही कुछ अन्य मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। मलाणा में डेम साइट में एक महिला बह गई है और उसकी मौत हो गई है।



ब्यास नदी में एक कार गिर गई है और दो युवक लापता हैं। फिलहाल, तमाम फ्लड प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव का काम शुरू किया गया है सीएम जयराम ठाकुर ने कुल्लू में भारी बारिश के बाद सूबे के सभी जिलों के डीसी से बात की है और राहत और बचाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं। सीएम ने वुर्चअली शिमला से डीसी से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए बात की है।

किन्नौर में भी रुक रुक बारिश से जिले के कई नालों में पानी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। सतलुज नदी का जल स्तर भी बढ़ा है। उपायुक्त किन्नौर आबिद हुसैन सादिक द्वारा स्थानीय लोगों व पर्यटकों से आह्वान किया है कि अनावश्यक यात्रा ना करे और जिले में 8 जुलाई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के दौर को देखते हुए पर्यटक और स्थानीय लोग नदी-नालों और पहाड़ियों की ओर ना जाएं, ताकि किसी के जानमाल का नुकसान न हो। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह तक मंडी के तत्तापानी में 103 एमएम, बिलासपुर के बरठीं में 95 एमएम, शिमला के मशोबरा में 82 एमएम, शिमला के सुन्नी में 90 एमएम, कुफरी में 78 एमएम, धर्मशाला में 76 एमएम बारिश हुई है। कुल्लू के भुंतर में 12 एमएम पानी बरसा है। हिमाचल में 9 जुलाई तक मौसम खराब रहने का अनुमान जताया गया है।

## भारत और चीन ने मिलकर भर दिया रुस का खजाना, पुतिन से दोनों देशों ने निभाई दोस्ती



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस से तेल का आयात बंद कर दिया था। इसका मकसद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को सबक सिखाना था। लेकिन रूस ने पिछले तीन महीने में भारत और चीन को 24 अरब डॉलर का तेल बेचकर पश्चिमी देशों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान चीन ने रूस से 18.9 अरब डॉलर का तेल, गैस और कोल खरीदा। यह इस साल पहले की तुलना में दोगुना है। भारत ने भी मार्च से मई के दौरान रूस से 5.1 अरब डॉलर का तेल खरीदा जो एक साल पहले की तुलना में पांच गुना है। यानी रूस ने पिछले साल की तुलना में इस साल इन दोनों देशों से 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त कमाई की।

रिपोर्ट के मुताबिक इससे रूस को अमेरिका और यूरोपीय देशों को तेल की बिक्री से होने वाले नुकसान की भरपाई करने में मदद मिलेगी। जानकारों का कहना है कि चीन रूस से हर तरह की एनर्जी खरीद रहा है। पाइपलाइन और पैसिफिक पोर्ट्स के जरिए एक्सपोर्ट किए जाने वाली सारी एनर्जी रूस को जा रही है। दूसरी ओर भारत अटलांटिक से कार्गो के जरिए यूरोप को जाने वाले तेल को खरीद रहा है। आने वाले कई दिनों तक यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है।

चीन दुनिया में तेल का सबसे बड़ा इम्पोर्टर है। भारत को रूस से तेल मंगाना महंगा पड़ता है, क्योंकि यह कार्गो के जरिए आता है। यही वजह है कि भारत परंपरागत रूप से रूस से काफी कम तेल मंगाता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध ने इस स्थिति को बदल दिया है। यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत 139 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी, जो 2008 के बाद सबसे अधिक है। मई में इराक के बाद रूस भारत का दूसरा सबसे बड़ा सप्लायर रहा। इस दौरान भारत ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भी ज्यादा तेल रूस से मंगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद किया है और उनकी जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया: 'डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। भारत के विकास, विशेष रूप से वाणिज्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में योगदान के लिए उन्हें व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। वे अपने विद्वतापूर्ण स्वभाव और बौद्धिक कौशल के लिए भी जाने जाते थे।'

### पीएम मोदी ने दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फोन पर दलाई लामा को उनके 87वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने दलाई लामा की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी प्रार्थना की। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि 'धर्मगुरु दलाई लामा को आज फोन पर 87वें जन्मदिन की बधाई दी। हम उनके लंबे जीवन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं।'

### बूस्टर डोज अब 9 की जगह 6 महीने बाद ही लगवा सकते, सरकार ने बदले नियम

नई दिल्ली, एजेंसी। मोदी सरकार ने कोरोना से बचाव के लिए बूस्टर डोज लगाने के नियम में बदलाव किया हैं। बूस्टर डोज अब 9 की जगह 6 महीने बाद ही लगवा सकते हैं। अगर आपने दूसरा डोज ले लिया है, तब अब आपको बूस्टर डोज के लिए 9 महीने की जगह 6 महीने या 26 हफ्ते इंतजार करना होगा। मोदी सरकार की ओर से कहा गया कि 18 से 59 वर्ष के सभी लोगों को अब 9 महीने के बजाय 6 महीने बाद बूस्टर डोज दी जाएगी. टीकाकरण पर सरकार की सलाहकार संस्था–नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन ने दूसरे और बूस्टर डोज के बीच के अंतर को कम करने की सिफारिश की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और एडमिनिस्ट्रेशन को लिखे पत्र में कहा, प्राइवेट कोविड टीकाकरण केंद्रों में दूसरी खुराक की तारीख से 6 महीने या 26 सप्ताह पूरे होने के बाद 18–59 वर्ष के सभी लोग बूस्टर डोज ले सकते हैं।

### पीएम मोदी ने पी. गोपीनाथन नायर के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध गांधीवादी और स्वतंत्रता सेनानी पी.गोपीनाथन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## भारत ने यूक्रेन संकट पर बिल्कुल रूख अपनाया : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने यूक्रेन संकट पर बिल्कुल सही रूख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद पेचीदा मसला है, जहां सबसे तात्कालिक मुद्दा युद्ध को बढ़ने से रोकना है। यूक्रेन युद्ध में भारत की रणनीति की तुलना महाभारत में भगवान कृष्ण की रणनीति से करते हुए उन्होंने कहा कि कृष्ण ने युद्ध को रोकने के लिए जो भी उनके बस में था, वह सबकुछ किया। देखा जाए तो नई दिल्ली ने भी यही किया।



एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और सामरिक हित दांव पर हैं और रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न ईंधन और खाद्यान्न की कमी के मद्देनजर भारत को अपने लोगों के हितों की रक्षा करनी है। जयशंकर ने कहा भारत दक्षिण एशिया पर बहुत अधिक ध्यान दे रहा है और पड़ोसी देश इस क्षेत्र के एकीकरण में नेतृत्व करने के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। मंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय में मोदी एट20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर एक चर्चा में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने श्रीलंका को उसके आर्थिक संकट में मदद की है।

भाजपा के दो पूर्व प्रवक्ताओं द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी से उठे विवाद पर जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की छवि बदलने और खाड़ी देशों के साथ जुड़ाव और संबंधों पर बहुत ध्यान दिया है और कई देशों ने भारत के तर्क को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कई देशों ने इस टिप्पणी का मसला उठाया और कई देशों ने राजदूतों को बुलाकर यह मुद्दा उठाया। जयशंकर ने कहा हमने कहा है कि जो कहा गया है वह पार्टी के विचारों को नहीं दशार्ता है और राजदूतों ने भी यही रेखांकित किया और ह्यमेरे ख्याल से उन्होंने इस स्वीकार किया है।

## केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने अपने पद से दिया इस्तीफा, उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नकवी पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यक मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे थे। वे पिछली सरकार में केंद्रीय मंत्री थे। उनका राज्यसभा का कार्यकाल इसी महीने खत्म हो रहा है। बीजेपी ने उन्हें राज्यसभा का टिकट नहीं दिया था जिसके बाद यह तय हो गया था कि उन्हें मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना होगा। इस्तीफा देने से पहले नकवी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में देश और लोगों की सेवा में नकवी के योगदान की सराहना की है। नकवी केंद्र सरकार में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री थे और राज्यसभा में भाजपा के उपनेता भी थे। राज्यसभा में उनका कार्यकाल 7 जुलाई को समाप्त हो रहा है। पार्टी उन्हें अब कोई नई भूमिका सौंप सकती है। हालांकि उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में भी नकवी के नाम की चर्चा है।

नकवी बीजेपी में हमेशा से सेंटर स्टेज पर रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता के रूप में उन्होंने लंबे समय तक काम किया है। इसके साथ ही बाजपेयी और आडवाणी के भी करीबी रह चुके हैं। नकवी पहली बार 1998 में लोकसभा चुनाव जीते थे और बाजपेयी मंत्रिमंडल में सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री बनाए गए थे। उसके बाद वे 26 मई 2014 को मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री बने थे। उस समय नजमा हेपतुल्ला इसी मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री थीं। लेकिन 12 जुलाई 2016 को नजमा के राज्यपाल बन जाने के बाद नकवी के इस मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार दे दिया गया।

## गैस के दाम में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि, कांग्रेस का आरोप गरीब कल्याण के नाम पर लोगों को लूट रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने गैस के दाम में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि को मोदी सरकार का जनविरोधी निर्णयह्न करार देकर कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में की गई बढ़ोतरी वापस ले, ताकि जनता को राहत मिल सके। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट किया, ह्यह्यभाजपा व उसके पूंजीपति मित्रों के जनता से लूट-लूट कर खाने के दांत कुछ और हैं, दिखाने के कुछ और हैं। (सरकार ने) कार्यकारिणी बैठक में ह्लगरीब कल्याणह्व बोलकर पिछले 2-3 दिनों में आटा, अनाज, दही, पनीर पर 5 प्रतिशत ह्यगब्बर सिंह टैक्सह्न लगा दिया। आज रसोई गैस पर 50 रु और बढ़ाकर गरीब-मध्य वर्ग की कमर तोड़ दी।ह्लह्ल

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसकर ट्वीट किया, क्या यह महाराष्ट्र सरकार को गिराने की कीमत है? कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा, कभी महंगाई को हराने की बात करने वाले प्रधानमंत्री मोदी का महंगाई प्रेम, आज जगजाहिर है। महंगाई के प्रति इनकी गलत नीतियों की वजह से ही आज अमीर और अमीर हो गए हैं तथा गरीब और गरीब हो गए। रागिनी ने सिलेंडर के दामों में वृद्धि को ह्यजनविरोधी निर्णय करार देकर कहा, ह्यदिल्ली में आज सिलेंडर 1053 रुपये का है, लेकिन दूरदराज के इलाकों में इसकी कीमत कहीं ज्यादा है।'

उन्होंने कहा, मैं मोदी सरकार से पूछना चाहती हूं, कि इतना महंगा एलपीजी सिलेंडर कौन खरीद सकता है? वह किसान, जिसकी आय 27 रुपए प्रतिदिन हो गई है ? या फिर वे महिलाएं जिनका घरेलू बजट महंगाई के कारण बिगड़ता जा रहा है ? रागिनी ने कहा, कांग्रेस पार्टी लगातार बढ़ती महंगाई, दैनिक जीवन की जरूरी चीजों पर जीएसटी लगाने की कवायद के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन करेगी और सड़क से लेकर संसद तक जनता जनार्दन की आवाज को उठाने का काम हम करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह मांग करती रहेगी कि पेट्रोज, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी वापस ली जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। घरेलू रसोई गैस के दाम में बुधवार को 50 रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। मई महीने से एलपीजी की दरें तीसरी बार बढ़ाई गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 1,053 रुपये हो गई है।

## स्वेदशी एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत बनकर तैयार स्वतंत्रता दिवस पर नौसेना में होगा शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत अगले महीने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल हो जाएगा। दूसरे विमानवाहक युद्धपोत से समंदर में भारत की ताकत में एक बड़ा इजाफा हो जाएगा। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जिनके पास एयरक्राफ्ट कैरियर बनाने की क्षमता है। मंगलवार को भारतीय नौसेना के सह-प्रमुख वाइस चीफ वाइस एडमिरल एस एन घोरमाडे ने बताया कि इंडिजिनेस एयरक्राफ्ट कैरियर आईएसी विक्रांत 15 अगस्त के करीब पूरी तरह से तैयार होकर इंडियन नेवी के जंगी बेड़े में शामिल हो जाएगा। इस साल 15 अगस्त पर देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में देश का सबसे ताकतवर जंगी जहाज, आईएसी विक्रांत भारतीय नौसेना में शामिल हो जाएगा। नौसेना में शामिल होने पर आईएसी विक्रांत को आईएनएस (इंडियन नेवल शिप) विक्रांत के नाम से जाना जाएगा। राजधानी दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वाइस एडमिरल घोरमाडे ने बताया कि विक्रांत पर तैनात करने के लिए हाल ही में फ्रांस के रफाल (मेरीटाइम) और अमेरिका के एफ-18 होरनेट के ट्रायल भी गोवा स्थित नेवल एविएशन बेस पर किए गए थे। दोनों फाइटर जेट के ट्रायल की रिपोर्ट आने के बाद ये तय किया जाएगा कि इन दोनों में से कौनसा लड़ाकू विमान विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। वाइस चीफ के मुताबिक, डीआरडीओ भी स्वेदशी ट्विन इंजन डेक बेस्ट फाइटर यानि टीईडीबीएफ पर काम कर रही है। जबतक टीईडीबीएफ बनकर तैयार नहीं हो जाता तबतक रफाल या फिर एफ-18 में से कोई एक इस पर तैनात किया जाएगा। इसके अलावा भारतीय नौसेना के दूसरे एयरक्राफ्ट कैरियर, आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात होने वाले रूसी फाइटर जेट, एमआईजी29के को भी विक्रांत पर तैनात किया जा सकता है। दरअसल, किसी भी विमान-वाहक युद्धपोत की ताकत होती है उस पर तैनात किए जाने वाले लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर। समंदर में एयरक्राफ्ट कैरियर एक फ्लोटिंग एयरफील्ड के तौर पर काम करता है। उस पर तैनात फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर कई सौ मील दूर तक समंदर की निगरानी और सुरक्षा करते हैं। दुश्मन का कोई युद्धपोत तो क्या पनडुब्बी तक भी उसके आसपास फटकने की जुर्रत नहीं करती है।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और आदेश गुप्ता ने डॉ मुखर्जी के जन्मजयंती पर वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121वीं जयंती पर आज प्रदेश भाजपा की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी एवं जयवीर राणा, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक विष्णु मित्तल, जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद सहित प्रदेश, मोर्चा एवं जिला के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि डॉ मुखर्जी की उम्र के हिसाब से उनकी सोच बहुत बड़ी थी। जनकल्याण का जो जज्बा उनके दिल में था, वह उम्र बड़ी होने से नहीं बल्कि जनता के लिए संघर्ष करने से आता है। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी की राष्ट्रवादी सोच को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मूर्तरुप दिया और अनुच्छेद 370 को समाप्त कर सभी को यह सोचने और महसूस करने का अवसर प्रदान किया कि कश्मीर हमारा है।

गोयल ने कहा कि कश्मीर के लिए मोदी सरकार ने जो बड़े आर्थिक सुधार के कदम उठाए हैं। उसके परिणाम स्वरुप वहां पर्यटन बढ़ रहा है और देश के साथ-साथ वहां विदेशी निवेश आ रहा है। श्री गोयल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याण की अनेक योजनाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि गरीबों के लिए मुफ्त राशन की योजना वास्तव में अनूठी है।

गोयल ने कहा कि कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 8 वर्षों में जो काम किए हैं वह अपने आप में मिसाल हैं। श्री मोदी से पहले सरकारी खरीद में व्यापक भ्रष्टाचार था और कुछ व्यापारियों और सरकारी तंत्रों की सांठगांठ से काम होता था। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने इस भ्रष्ट व्यवस्था को समाप्त कर दिया और उसे पूरी तरह से पारदर्शी बना दिया। आज देश और विश्व की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा और स्वरुप श्री मोदी के नेतृत्व में भारत ही देने में सक्षम है।

श्री गुप्ता ने कहा कि अमर बलिदानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सब के लिए प्रेरणा श्रोत हैं और उनके विचारों को सार्थक करने के लिए ही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सभी योजनाएं जनकल्याण के लिए हैं और इसका खाका डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के पहले उद्योगमंत्री रहते ही तैयार कर दिया था।

गुप्ता ने कहा कि डॉ मुखर्जी को ज्यादातर लोग कश्मीर आंदोलन के कारण जानते हैं लेकिन बंगाल और पंजाब विभाजन में भी उनकी बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यह डॉ मुखर्जी की ही सोच थी कि जनता द्वारा चुनी सरकार जनता के लिए ही होनी चाहिए। आज भाजपा सरकार की सभी योजनाओं में जनहित की बात स्पष्ट रुप से झलकती है।

## 18 दिन में तकनीकी खामी की 8 घटनाओं पर डीजीसीए ने स्पाइसजेट को दिया कारण बताओ नोटिस




नई दिल्ली, एजेंसी। विमानन नियामक डीजीसीए ने पिछले 18 दिनों में तकनीकी खामी की आठ घटनाओं के बाद बुधवार को स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में कहा गया है कि घटना की समीक्षा से पता चलता है कि आंतरिक सुरक्षा निरीक्षण खराब है और रखरखाव को लेकर पर्याप्त कदम नहीं उठाए जाने से सुरक्षा में कमी आई है। डीजीसीए ने स्पाइसजेट को नोटिस पर जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है।

नोटिस के अनुसार डीजीसीए द्वारा सितंबर 2021 में किए गए वित्तीय आकलन से यह भी पता चला है कि एयरलाइन द्वारा संरक्षा संबंधी आपूर्तिकताओं द्वारा स्वीकृत विक्रेताओं को नियमित आधार पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे कलपुर्जों की कमी हो रही है और विमान के संचालन के लिए आवश्यक एमईएल (न्यूनतम उपकरण सूची) की बार-बार मांग की जा रही है। डीजीसीए ने कहा स्पाइसजेट एयरलाइन विमान नियम 1937 की 11वीं अनुसूची और नियम 134 की शर्तों के तहत सुरक्षित, दक्ष और विश्वसनीय हवाई सेवाओं को सुनिश्चित करने में नाकाम रही है।

डीजीसीए के नोटिस पर प्रतिक्रिया करते हुए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने ट्वीट किया सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा करने वाली छोटी से छोटी त्रुटि की भी गहन जांच की जाएगी और इसे ठीक किया जाएगा।

# दिल्ली में आयोजित होगा देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल, 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक विश्वस्तरीय 'दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल' का दिल्ली करेगी मेजबानी : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने के लिए आज बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली में देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक चलने वाले विश्वस्तरीय ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवलह्व का दिल्ली मेजबानी करेगी। जिसमें दिल्ली के लोगों और दिल्ली की संस्कृति का अनुभव करने के साथ-साथ शॉपिंग करने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को निमंत्रित किया जाएगा। हमें दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का यह बहुत बड़ा मौका होगा और आने वाले कुछ सालों में इसे हम दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया भर से टॉप के आर्टिस्ट को निमंत्रित किया जाएगा और 200 से अधिक मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।एक स्पेशल फूड वाक्स होगा, जिसमें दिल्ली और बाहर के सभी नामी-गिरामी रेस्टोरेंट और होटल इंडस्ट्री भाग लेंगी। बाहर से लोगों को दिल्ली बुलाने के लिए हम होटल, ट्रैवल एजेंट्स और एयरलाइन्स के साथ बात कर रहे हैं, ताकि लोगों को विशेष पैकेज ऑफर किए जा सकें। इस आयोजन से दिल्ली की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा। व्यापारियों व बिजनेसमैन को अपना बिजनेस बढ़ने का एक बड़ा अवसर मिलेगा और हजारों रोजगार पैदा होंगे।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दिल्ली में ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवलह्व का आयोजन करने का ऐलान किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस ऐलान से जो लोग दिल्ली में हैं, उनको बहुत खुशी होगी और जो लोग दिल्ली से बाहर हैं, वे आगामी फरवरी के महीने में दिल्ली आने की अपनी प्लानिंग कर लें। वे लोग दिल्ली आने के लिए अपनी टिकट बुक कर लें, क्योंकि 28 जनवरी 2023 से 26 फरवरी 2023 तक 30 दिन के लिए दिल्ली में ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवलह्व मनाया जाएगा। यह अपने भारत देश का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल होगा। आज तक इतना बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल कभी नहीं हुआ होगा। अभी हम इसकी शुरूआत कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले कुछ सालों के अंदर इसे हम दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग फेस्टिवल बनाएंगे। यह फेस्टिवल 30 दिन का होगा। पिछले कई महीनों से हमारी तैयारी चल रही थी। हमारी प्लानिंग पूरी हो गई है। अब इस फेस्टिवल को लागू करने की तैयारियां शुरू हो गई है। इसका काउंटडाउन शुरू हो गया है। दिल्ली के लोगों का अनुभव करने, दिल्ली की संस्कृति का अनुभव करने और शॉपिंग करने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवलह्व में निमंत्रित किया जाएगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस फेस्टिवल में युवाओं के लिए बहुत कुछ होगा। परिवार के लिए बहुत कुछ होगा। बच्चों के लिए बहुत कुछ होगा। बुजुर्गों के लिए बहुत कुछ होगा। अमीरों, मिडिल क्लास और गरीबों के लिए बहुत कुछ होगा। कुल मिलाकर ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवलह्व के अंदर हर तबके लिए कुछ न कुछ होगा। साथ ही, इस शॉपिंग फेस्टिवल में शॉपिंग का अभूतपूर्व अनुभव होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ह्लदिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल में खूब भारी छूट मिलेगी। पूरी दिल्ली को सजाया जाएगा। दिल्ली के सभी बाजारों, सभी दुकानें और सभी मॉल्स को सजाया जाएगा। दिल्ली दुल्हन बनेगी। इस फेस्टिवल के दौरान सभी बाजारों में, सभी दुकानों में प्रोडक्ट के ऊपर भारी छूट होगी।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इसमें कई सारी प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। मसलन, अध्यात्मिक के ऊपर प्रदर्शनी होगी। गेमिंग, खासकर कंप्यूटर गेम को लेकर प्रदर्शन होगी। टेक्नोलॉजी, हेल्थ के ऊपर प्रदर्शनी होगी। इसके अलावा, मनोरंजन के बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवाओं और परिवार के लिए अनलिमिटेड इंटरटेनमेंट होगा। देश और दुनिया भर से टॉप के आर्टिस्ट को निमंत्रित किया जाएगा।

# उत्पादन के बाद खाद्यांन्नों का रखरखाव निश्चित रूप से एक चुनौती : तोमर

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि उत्पादन के बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र के लिए एक चुनौती है, इसके लिए मोदी सरकार ने ई-नाम और अन्य सुविधाओं की स्थापना के जरिये आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के माध्यम से इस मसले के हल को कई कदम उठाए हैं।



तोमर ने कहा कि उत्पादन के बाद की चुनौतियों से निपटने के लिए, सरकार ने अबतक लगभग 1,000 विनियमित थोक मंडियों को इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) से जोड़ा है, कृषि-बुनियादी ढांचा कोष के तहत 13,000 परियोजनाओं के लिए 9,500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं तथा ड्रोन जैसी तकनीकों को बढ़ावा देने के अलावा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना को प्रोत्साहित किया है।

तोमर ने कहा, उत्पादन नहीं, लेकिन उत्पादन बाद खाद्यान्नों का रखरखाव निश्चित रूप से आज एक समस्या है ह्लह्ल तोमर ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में समय-समय पर उत्पादन बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को हल करने के प्रयास किए गए थे लेकिन वांछित परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सके।

केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि हालांकि, पिछले आठ वर्षों में, उत्पादन के बाद खाद्यान्नों के रखरखाव के मुद्दों को ठीक करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, ताकि किसानों को बेहतर मूल्य मिले और उनकी आय में सुधार हो। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों का भी अच्छा बाजार है, क्योंकि उनके निर्यात में वृद्धि हुई है। लेकिन किसानों को बेहतर दाम पाने के लिए गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### देशभर के 75 नगर वनों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ह्लआजादी का अमृत महोत्सवह्व की भावना के तहत 8 जुलाई, 2022 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ₹हरियाली महोत्सव₹ का आयोजन करेगा। हरियाली महोत्सव-ह्लवृक्ष महोत्सवह्व का आयोजन न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के जीवन को बनाए रखने बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में पेड़ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस महोत्सव को वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति जनता में उत्साह पैदा करने के एक प्रभावी उपकरण के तौर पर देखा जाता है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित पहल के पूरक के रूप में इस महोत्सव का बेहद महत्व है। पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और इस धरती को इकोसिस्टम से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान करने में वन/हरियाली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से देशभर में हरियाली महोत्सव मनाया जाता है।

### कोविड टीकाकरण: अब तक 198 .20 करोड़ से अधिक टीके लगे, 24 घंटों में 16 ,159 नए केस



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 198.20 करोड़ (1,98,20,86,763) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,59,16,027 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.70 करोड़ (3,70,80,378) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

भारत में सक्रिय मामले आज 1,15,212 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.26 प्रतिशत हैं। भारत में स्वस्थ होने की दर 98.53 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 15,394 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरूआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,29,07,327 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 16,159 नए मामले सामने आएं। पिछले 24 घंटों में कुल 3,54,465 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 86.49 करोड़ से अधिक (86,49,05,684) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 3.84 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 3.56 प्रतिशत है।

# पर्यावरण संरक्षण विभाग ने पौधारोपण करके डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। मां भारती के अमर सपूत, राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद् लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रबल समर्थक, एक विधान-एक निशान-एक प्रधान सिद्धांत के शिल्पकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में पौधारोपण किया गया। प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में यह पौधारोपण अभियान चलाया गया। उन्होंने कार्यकताओं के साथ गाड़ौली गांव में पौधारोपण किया।



पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण प्रकोष्ठ के सह संयोजक राजेश गुलिया, रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल, कमांडर उदयवीर, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, विजय वर्मा, केपी गर्ग, रजनीश राठी, हरकेश प्रधान, जितेश गोगिया, सतीश तायल, मनीष समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक होना चाहिए। यह हम सभी का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करके अपने पर्यावरण को बचाएं, ताकि आने वाली पीढियां एक स्वच्छ और स्वस्थ परिवेश में सांस ले सके। श्री गोयल ने कहा कि हमें हर महापुरुष की जयंती, उनके बलिदान दिवस पर पर्यावरण को समर्पित करना चाहिए। क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण वर्तमान में ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक के नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों से सुधारा जा सकता है। कोई पेड़ लगाए तो कोई इसे प्रदूषित करने से बचे। इस तरह सब-मिलकर पर्यावरण को सुधारने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

डा. मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि उन्होंने सांस्कृतिक दृष्टि से सभी को एक बताया। ऐसे में धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। उनका यह मानना था कि विभाजन जैसी परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से हुई थी। हकीकत यह है कि हममें कोई अन्तर नहीं है। हमारी एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही विरासत है। यह दुख की बात है कि उनके इन विचारों को बाकी के राजनैतिक दलों के नेताओं से दूसरे रूप में जनता के बीच रखा।

# रक्तदान से कई फायदें हैं इसलिए यह महादान कहलाता है: आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आज प्रदेश कार्यालय मे श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति पखवाड़े के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में दिल्ली के सभी जिलों से अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने रक्त दान किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रक्तदान करने वालों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। मुख्य अतिथि के रुप में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद हारुन, मोर्चा प्रभारी आतिफ रशीद, सह-प्रभारी इम्प्रीत सिंह बक्शी मोर्चा महामंत्री अली रजा (बिलाल) एवं इरफान सलमानी देहल्वी व अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने रक्तदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 250 यूनिट से अधिक रक्त भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं ने दिया।



आदेश गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान कहलाता है और भाजपा पूरे साल यह कार्यक्रम कई बार आयोजित करती है। अभी हाल ही में युवा मोर्चा द्वारा भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसलिए समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जिससे कईयों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कई लोगों को डर लगता है, लेकिन आज भाजपा कार्यकताओं ने रक्तदान कर इस मिथ्या को गलत साबित कर दिया है। क्योंकि इसके कई फायदें होते हैं। वजन पर कंट्रोल होने के साथ-साथ दिल की सेहत भी अच्छी होती है।

# जून में कोयला उत्पादन 32.57 प्रतिशत बढ़कर 67.59 मिलियन टन हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत का कोयला उत्पादन जून 2021 की तुलना में जून, 2022 के दौरान 50.98 एमटी से 32.57 प्रतिशत बढ़कर 67.59 मिलियन टन (एमटी) हो गया। कोयला मंत्रालय के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष जून के दौरान, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी की खानों/अन्य ने क्रमशः 51.56 एमटी, 5.56 एमटी और 10.47 एमटी उत्पादन करके 28.87 प्रतिशत, 5.50 प्रतिशत और 83.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। शीर्ष 37 कोयला खदानों में से 22 खानों ने 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादन किया और अन्य नौ खानों का उत्पादन 80 से 100 प्रतिशत के बीच रहा।



वहीं, कोयले की रवानगी 20.69 फीसदी बढ़कर 75.46 एमटी हो गई, जो जून 2021 की तुलना में जून, 22 में 62.53 एमटी थी। 22 जून के दौरान सीआईएल और कोयला उत्पादन करने वाली कंपनी की खानों/अन्य ने क्रमशः 58.98 और 11.05 एमटी भेज कर 15.20 प्रतिशत और 88.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। एससीसीएल ने महीने के दौरान 0.46 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की। बिजली की मांग में वृद्धि के कारण जून 21 में 49.62 एमटी की तुलना में इस साल जून के दौरान बिजली उपयोगिताओं का प्रेषण 30.77 प्रतिशत बढ़कर 64.89 एमटी हो गया।

# समाज की तरक्की के लिए लड़कियों का शिक्षित और आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी। कालकाजी विधायक आतिशी बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के भगिनी निवेदिता कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची। यहां उन्होंने छात्राओं को जीवन के निर्णय स्वयं लेने की सलाह दी। विधायक आतिशी ने कहा कि हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लड़कियां एक टीम लीडर के तौर पर आगे आएं। दूसरी लड़कियों के लिए भी एक रोल मॉडल बनें। दिल्ली विश्वविद्यालय के भगिनी निवेदिता कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक आतिशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक आतिशी ने कहा कि लड़कियों के जीवन के जरूरी निर्णय अक्सर उनके परिवार के दूसरें लोग लेते है। छात्राएं अपनें जीवन के निर्णय स्वयं लेना सीखें ताकि मुश्किल दौर में वे दूसरों को उसके लिए जिम्मेदार ठहराने के बजाय स्वयं उसका डटकर सामना कर पाएं। मेरा यह मानना है कि लड़कियां खुद अपने सपनों को चुनें, दूसरों को अपने सपनों को तय करने न दें। उन्होंने कहा कि आज दुनिया की सबसे टॉप कंपनियों को भारतीय महिलाएं लीड कर रही है और वे सभी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। अगर वे दुनिया की टॉप कंपनियों को लीड कर सकती है तो छात्राएअ भी कर सकती हैं।



विधायक आतिशी ने लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए कहा कि लड़कियों के लिए शिक्षित होना बेहद जरूरी है। जब महिलाएं अधिक संख्या में विभिन्न क्षेत्रों में लीडरशिप रोल में आगे आएगी तभी हमारा समाज और देश तरक्की की राहों पर आगे बढ़ेगा।

उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे जो भी करियर का चयन करें उसमें अपनी रुचि का हमेशा ध्यान रखें, सिर्फ पैसे कमाने के मकसद से करियर का चयन ना करें। किसी करियर को सिर्फ इसलिए ना चुनें ना क्योंकि उनको सिर्फ पैसे कमाने हैं। छात्राएं वो काम चुनें जिसमें उनकी रुचि हो और जिससे उनको संतुष्टि मिले। छात्राएं जीवन में जितनी भी सफल हों, कभी अपने देश, समाज एवं अपने माता-पिता को ना भूलें क्योंकि ये ही हम सबको इसके काबिल बनाते है कि हम अपने जीवन के फैसले खुद ले सकें और देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभा सकें। इस समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणि एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट रणधीर लाल शर्मा सहित कॉलेज के प्रिन्सिपल (कार्यवाहक) प्रो. राज भारद्वाज भी मौजूद थी।

# ना-आयन बैटरी और सुपरकैपेसिटर से तेजी से चार्ज होने वाली ई-साइकिल विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी। वैज्ञानिकों ने नैनो-सामग्री का उपयोग ना-आयन-आधारित बैटरियों और सुपरकैपेसिटरों को विकसित करने के लिए किया है, जिन्हें तेजी से चार्ज किया जा सकता है और उन्हें ई-साइकिल में लगाया जा सकता है। कम लागत वाली ना-आयन आधारित प्रौद्योगिकियां सस्ती होंगी और इससे ई-साइकिल की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद है। सोडियम-आयन (ना-आयन) बैटरियों ने सोडियम की उच्च प्राकृतिक प्रचुरता और परिणामस्वरूप ना-आयन बैटरी की कम लागत के कारण लिथियम-आयन बैटरी के लिए एक संभावित पूरक तकनीक के रूप में अकादमिक और व्यावसायिक रुचि को बढ़ाया है।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर में भौतिकी विभाग में प्रोफेसर, डॉ. अमरीश चंद्र, ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए शोध कर रहे हैं, जो ना-आयन पर आधारित हैं, और उनकी टीम ने बड़ी संख्या में नैनो सामग्री विकसित की है। टीम ने सोडियम आयरन फॉस्फेट और सोडियम मैंगनीज फॉस्फेट का उपयोग किया है जिसे उन्होंने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के प्रौद्योगिकी मिशन डिवीजन (टीएमडी) के समर्थन से ना-आयन-आधारित बैटरी और सुपरकैपेसिटर प्राप्त करने के लिए संश्लेषित किया है। इन सोडियम सामग्रियों को बैटरी विकसित करने के लिए कार्बन के विभिन्न नई संरचनाओं के साथ जोड़ा गया था। ये सोडियम सामग्री ली-आधारित सामग्री से सस्ती, उच्च प्रदर्शन करने वाली है, और इसे औद्योगिक स्तर के उत्पादन तक बढ़ाया जा सकता है। ना-आयन सेल को भी अनेक अन्य भंडारण तकनीकों की तुलना में सुरक्षित विकल्प बनाने के लिए कैपेसिटर के समान शून्य वोल्ट में पूरी तरह से डिस्चार्ज किया जा सकता है। इस तथ्य का लाभ उठाते हुए कि ना-आयन बैटरी को तेजी से चार्ज किया जा सकता है, डॉ. अमरीश ने इसे ई-साइकिल में जोड़ा है जो आम जनता के लिए एक आसान, किफायती विकल्प है।

# केजरीवाल सरकार ने शुरू किया 'मिशन कुशल कर्मी' कार्यक्रम, श्रमिकों के अपस्किलिंग में मिलेगी मदद, श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया ने लांच किया कार्यक्रम

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के श्रमिकों को बेहतर जिन्दगी देने के लिए प्रतिबद्ध केजरीवाल सरकार दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी व दिल्ली कंस्ट्रक्शन बोर्ड के साथ मिलकर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत उनका अपस्किलिंग करेगी इस बाबत उपमुख्यमंत्री व श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को ह्यमिशन कुशल कर्मीह्न नामक इस स्किलिंग प्रोग्राम को लांच कियो इस मौके पर दिल्ली विधानसभा के एजुकेशन स्टैंडिंग कमिटी की चेयरपर्सन व कालका जी से विधायक आतिशी, डीएसईयू की उपकुलपति प्रो.निहारिका वोहरा व कंस्ट्रक्शन बोर्ड के सचिव अरुण कुमार झा उपस्थित रहें

श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी द्वारा सिम्पलेक्स, नरेडको और इंडिया विजन फाउंडेशन के साथ निर्माण श्रमिको, राजमिस्त्रियों आदि को कुशल कारीगर बनाने के लिए शुरू किया गया ये प्रोग्राम बेहद खास है जहाँ 15 -15 दिन के एक विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरीय श्रमिकों के अपस्किलिंग का काम किया जाएगो और इसके तहत 1 साल में 2 लाख श्रमिकों को विभिन्न क्षेत्रों में स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से अपस्किलिंग के साथ श्रमिकों की आय में भी ₹8000 तक की बढ़ोतरी होगी। साथ ही निर्माण कंपनियों को अच्छे, स्मार्ट तरीके से काम करने वाले श्रमिक मिलने से उनकी प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, काम भी बेहतर होगा, वेस्टेज कम होगा और भरपूर बचत भी होगी। सिसोदिया ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान श्रमिकों की दिहाड़ी का नुकसान न हो इसके लिए ट्रेनिंग पूरा करने के बाद सभी श्रमिकों को 4200 रुपए भी दिए जाएंगे उन्होंने कहा कि लोग कुछ सिखाने के लिए ट्रेनिंग देने के लिए फीस लेते है लेकिन अरविंद केजरीवाल जी की सरकार में हम अपने श्रमिक भाई-बहनों को सीखने के लिए पैसे दे रहे है उन्होंने कहा कि आमतौर पर ऐसा होता है कि लोगों को ट्रेनिंग लेने के लिए किसी इंस्टिट्यूट जाना होता है लेकिन देश में ये पहली बार है जब कोई यूनिवर्सिटी वहीं आकर श्रमिकों को प्रशिक्षण देने का काम कर रही है जहाँ श्रमिक काम कर रहे है

दिल्ली विधानसभा के एजुकेशन स्टैंडिंग कमिटी की चेयरपर्सन व कालका जी से विधायक आतिशी ने कहा कि डीएसईयू द्वारा किया गया ये कार्यक्रम बेहद खास है इस कार्यक्रम के के माध्यम से हम उन निर्माण श्रमिक भाई-बहनों को ट्रेनिंग देने का काम करेंगे जो हमारे शहरों के निमार्ता है उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम की मदद से निर्माण श्रमिक अपने कौशल में कुछ और नया जोड़ पाएंगे जो उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेगो उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग के बाद श्रमिकों की आय में भी वृद्धि होगी और वे अपना जीवनस्तर बेहतर कर पाएंगे उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्किल एंड एंत्रप्रेन्योरशिप अभी 3 जगहों पर ऐसे ट्रेनिंग सेंटर्स चला रही है तथा आने वाले दिनों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ेगी इन सभी सेंटर्स पर श्रमिकों के लिए शानदार ट्रेनिंग एरिया भी बनाए गए है

**क्या है 'मिशन कुशल कर्मी'**

➡ इस कार्यक्रम का उद्देश्य अगले दो सालों में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में उद्योग की मांग को ध्यान में रखते हुए 2 लाख से अधिक रजिस्टर्ड निर्माण श्रमिकों को अपस्किलिंग करनी है

➡ निर्माण श्रमिकों को 120-घंटे (15 दिन) ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग दी जाएगी

**'मिशन कुशल कर्मी' से श्रमिकों को क्या लाभ होंगे ?**

➡ प्रशिक्षण के पूरा हो जाने के बाद हर श्रमिक को मिलेगा 4200 रुपए का वेज कंपनसेशन

➡ अपस्किलिंग के बाद श्रमिकों की आय में होगा सुधार, प्रशिक्षण के बाद प्रतिमाह 3000 से 8000 रुपए तक बढ़ेगी आय

➡ इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स की स्टडी के अनुसार इस प्रशिक्षण से गुजरने के बाद श्रमिकों की उत्पादकता में 40% की होगी वृद्धि, किया की गुणवत्ता में 25% की वृद्धि और निर्माण के दौरान सामग्री की बबार्दी 50% तक कम होगी

➡ श्रमिकों के डोमेन स्किल्स और सॉफ्ट स्किल्स में होगा सुधार, बढ़ेगा आत्मविश्वास

संक्षिप्त समाचार

## कस्बा के बाजार में चोरों का आतंक, एक दिन में कुछ समय के अंतराल में दो बाइकें चोरी

मदरलैंड संवाददाता, एटा/मिरहची। कस्बा के चौराहे पर इन दिनों चोरों का आतंक व्याप्त है। कुछ समय के अंतराल में चोर दुकानों के सामने खड़ीं दो बाइकों को चुरा ले गये। कुछ समय के अंदर बाजार से दो बाइकें चोरी हो जाने से ग्राहकों और व्यापारियों में हडकंप व्याप्त हो गया है। हांलांकि चौकी इंचार्ज जवाहर सिंह धाकड़े ने चोरी की तहरीर मिलने के थोड़ी समयावधि में एक बाइक को मय चोर सहित घर से पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। कस्बा निवासी अमित कुमार की दुकान पर रह रहे कर्मचारी कमल कुमार पुत्र रोशनलाल निवासी खैरपुर थाना मारहरा की बाइक दुकान के बाहर खड़ी थी शाम के समय बहुत देर से घात लगाये बैठे दो बाइक चोर कमल की हीरो स्पलेंडर चोरी कर ले गये। कमल ने पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दो चोरों को बाइक चुराकर मारहरा मार्ग की ओर ले जाते देखा। वहीं थोडी ही देर पश्चात कासगंज रोड स्थित राजवीर टेंट की दुकान पर खड़ी सुहैल पुत्र इसराइल निवासी गांव कुटैना मांफी की बाइक भी चोर चुरा ले गये। अचानक थोड़े समय में दो बाइकों की चोरी हो जाने की सूचना लोगों में फैल गई। बाइक चोरी की लिखित सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज कस्बा मिरहची जवाहर सिंह धाकड़े चोरी की बाइकों की बरामदगी को सुरागरसी में जुट गये। थोड़ी सी मशक्कत के बाद चौकी प्रभारी को सफलता मिल गई। उन्होंने सुहैल की बाइक को कस्बा के ही निवासी के घर से चोर को बाइक सहित बरामद कर लिया। पुलिस दूसरी बाइक की बरामदगी को प्रयासरत है।

## शोक सभा आहुत

मदरलैंड संवाददाता, एटा/मिरहची। ब्लाक सभागार में शोक सभा का आयोजन बीडीओ मनोज शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। ब्लाक सभागार में आयोजित शोक सभा में ग्राम पंचायत जिन्हैरा के पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश उपाध्याय के बड़े भाई ओमप्रकाश उपाध्याय उर्फ डीएम साहब के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में प्रधान प्रतिनिधि मिरहची बौबी साहू, देवेंद्र लोधी, बंटू दिवाकर, रिंकू यादव, पप्पू यादव, भूपसिंह वर्मा, लक्ष्मी उपाध्याय, लालू यादव, पटवारी लाल वर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, रिंकू यादव आदि ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## यात्री महिला जहर खुरानी का शिकार

मदरलैंड संवाददाता, एटा/मिरहची। रोडवेज बस में कासगंज से मिरहची आ रही बुजुर्ग महिला जहरखुरानों का शिकार हो गई। बस परिचालक बेहोशी की हालत में महिला को सिरसाटिप्पू नहर पर छोड़कर भाग गया। कासगंज के मुहल्ला नाथूराम गली खेडिया निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला सावित्री देवी पत्नी बीरेंद्र माहेश्वरी कस्बा मिरहची में आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिये कासगंज से रोडवेज बस में सवार हुईं। बस में पहले से सवार जहर खुरानों ने अकेली महिला को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया। तत्पश्चात महिला का पर्स और गहने उतारकर ले गये। बेहोशी की हालत में महिला मिरहची के स्थान पर सिरसाटिप्पू नहर तक पहुंच गई। बस में बेहोशी की हालत में महिला के पड़े होने की जानकारी होने पर परिचालक महिला को बेहोशी की हालत में सिरसाटिप्पू नहर पर सड़क किनारे डालकर मौके से भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने बेहोश महिला की जानकारी कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शाम तक महिला की बेहोशी दूर नहीं हुई थी।

## अवैध ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करें एसडीएम

मदरलैंड संवाददाता, एटा। अवैध ईंट-भट्ठों पर कार्रवाई के लिए अल्टीमेटम दिया गया है। राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम ने यह निर्देश तीनों एसडीएम को दिए। कलक्ट्रेट में हुई बैठक में डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि एसडीएम के साथ समन्वय स्थापित कर आबकारी विभाग अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई करें। डीएम ने दस बड़े बकाएदारों पर कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। साथ ही पांच वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा। कहा कि किसी तालाब पर एक बार पैमाइश होने के बाद दोबारा कब्जा करने वाले लोगों पर भूमाफिया के तहत कार्रवाई की जाए। तहसीलों में प्राइवेट लोगों से काम कराने की शिकायतों को लेकर कहा कि किसी भी पटल पर प्राइवेट व्यक्ति नहीं दिखने चाहिए। यदि कहीं जरूरत है तो एसडीएम कार्रवाई करें। कंट्रोलरूम में लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं तथा नियमित रूप से सत्यापन करें। एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एसडीएम सदर शिव कुमार, एसडीएम जलेसर अलंकार अग्निहोत्री, एसडीएम अलीगंज मानवेंद्र सिंह, एएसडीएम राम नयन, तहसीलदार सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

## अधिकांश हाईमास्ट व स्ट्रीट लाईट खराब



मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला की नूंह नगर परिषद में लगी अधिकांश हाईमास्ट व स्ट्रीट लाईट खराब हैं जिससे शहर के कई हिस्से अंधेरे में रहते है, इससे लोगों को जहां काफी परेशानी हो रही हैं तो वहीं असामाजिक तत्वों का इस बात का फायदा पहुंच रहा है। सीवरलाईन की वजह से गलियां खुदी होने व उबड़ खाबड़ रास्तों पर अंधेरे में लोग गिरकर चोंटिल हो रहे हैं। हांलाकि, नगर परिषद की हाल ही में नई बॉडी गठित हुई है जिसके अध्यक्ष संजय मनोचा बने हैं और शहरवासियों की यह समस्या बाखूबी जानते है जो प्रमुखता से जल्द समस्या समाधान की बात कह रहे हैं। गोपाल पंडित, गोबिन्द, यश कथूरिया, सलीम, साकिर आदि ने बताया कि नूंह क्षेत्र में लगाई गई अधिकांश हाईमास्ट व स्ट्रीट लाईट खराब हैं इससे जहां शहर की सुन्दरता को ग्रहण लग रहा है तो वहीं, लोग अंधेरे में गिरकर चोंटिल हो रहे हैं तथा चोरों को भी इसका लाभ पहुंच रहा हैं। इस बारे में नूंह नगर परिषद के ईओ से सम्पर्क करने पर बताया गया कि साहब कार्यालय में नही है और आने पर सूचना दी जायेगी।

## अधूरे कार्य को तत्काल समय से पूरा कर लिया जाये : एकता सिंह

बाराबंकी, एजेंसी। कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से ऊपर के निर्माण कार्ये की समीक्षा, मुख्यमंत्री की घोषणा, क्रिटिकल गैप की समीक्षा बैठक आहूत की गई, जिसमें विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग में निर्माण कार्ये को समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

# साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा- मलखान सिंह




» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान लगातार जारी और बुधवार को राजकीय माध्यमिक स्कूल शाहपुर नंगली में छात्रों को साइबर अपराधों के बारें में जागरूक किया गया। थाना साइबर क्राईम नूंह के प्रभारी निरीक्षक मलखान सिंह ने बताया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा। वैसे जिला नूंह में साइबर क्राईम थाना और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो काम रही है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, वालेट, यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचना चाहिए। सभी छात्रों को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्रों को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित छात्रों एवं स्कूल स्टाफ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया और कहा कि नशा तस्करों के बारे में बेखौफ होकर नूंह पुलिस को सूचना दें तथा जिला नूंह को नशा मुक्त करने में नूंह पुलिस का सहयोग करें।

इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से साइबर थाना के सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार, सिपाही राजू, सिपाही मनोज कुमार सोशल मीडिया सैल नूंह, स्कूल मुख्याध्यापक हंसराज व स्कूल स्टाफ के अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

# बेसिक के छात्र का हुआ स्पोर्ट कॉलेज को चयन



» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा/मिरहची। ब्लाक क्षेत्र मारहरा के कंपोजिट स्कूल सूरतपुर मांफी के छात्र का खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्र का प्रदेश स्तर के स्पोर्ट कॉलेज के लिये चयन हुआ है। प्राथमिक स्तर के छात्र का स्पोर्ट कॉलेज में चयन होने पर स्कूल के शिक्षकों, अभिभावक व ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया है।

ब्लाक मारहरा क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल सूरतपुर मांफी की कक्षा 6 का छात्र प्रवीन कुमार खेलों में प्रतिभाशाली रहा है। प्रवीन कुमार ने ब्लाक, जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रवीन कुमार की खेलों में लगन को देखते हुये बेसिक शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के आधार पर प्रवीन कुमार का प्रदेश स्तरीय स्पोर्ट कॉलेज को चयन हुआ है। प्रवीन कुमार के प्रदेश के स्पोर्ट कॉलेज में चयन को लेकर कंपोजिट स्कूल सूरतपुर मांफी पर स्कूल के शिक्षकों ने सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभाशाली छात्र प्रवीन कुमार को सम्मानित करते हुये उत्साबर्धन किया, साथ ही अपने छात्र के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना भी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कंपोजिट स्कूल के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने प्रवीन में छिपी प्रतिभा को तरासने का श्रेय स्कूल व ब्लाक के व्यायाम शिक्षक जयराम सिंह को दिया। कार्यक्रम में राजेश यादव, सर्वेश यादव, अरविंद कुमार, चंद्रप्रभा भारती, अमीर सिंह, नवनीत यादव, दीपक वर्मा, शरद चौहान, आशुतोष यादव, प्रमिला वर्मा, भूरी सिंह व गांव के राजू बघेल, डा. विनोद कुमार, राजेंद्र सिंह, मुनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# आपसी सदभाव बनाने में सहयोग करें सभी धर्म के लोग

» मदरलैंड संवाददाता



एटा/मिरहची। कांवड यात्रा और बकरीद पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त है। इसी क्रम में बुधवार की शाम सीओ सदर की अध्यक्षता में पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ सदर राघवेंद्र सिंह राठौर की अध्यक्षता में आहूत पीस कमेटी की बैठक में सीओ सदर ने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी धर्म विशेष के व्यक्ति को धार्मिक माहौल बिगाड़ने का अधिकार नहीं है। अगर किसी भी व्यक्ति विशेष ने धार्मिक माहौल बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया तो संबंधित व्यक्ति को चिन्हित कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अतः सभी धर्मों के लोग आपस में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने मेंप्रशासन को सहयोग प्रदान करें। बैठक में देर से पहुंचे सीओ सदर राघवेंद्र सिंह राठौर ने लोगों को जानकारी दी कि कुछ सिरफिरे लोग सोशल मीडिया के माध्यम से कस्बा व क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं, लेकिन आप लोगों को ऐसे लोगों के बहकावे में नहीं आना है। पीस कमेटी की बैठक में चौकी प्रभारी जवाहर सिंह धाकड़े, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बौबी साहू, सुनहरी खां, मु. बौबी, खिलाड़ी राम साहू, शाहिद हुसैन, मु. रफीक, मु. हनीफ, अब्दुल कलाम, जहांगीर खां, अमित गुप्ता, रामनिवास लोधी, अब्दुल सलाम भारती, मुबीन खां, विजय भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप लोधी सुनहरी खां, आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# सीएम फ्लाइंग ने गुड़ फैक्ट्री व पानी की बोतल प्लांट पर छापेमारी कर सैम्पल लिए, सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर 25000 रू0 का जुमार्ना लगाया

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। मुख्यमंत्री उडनदस्ता (सीएम फ्लाइंग) रेवाडी की टीम ने उप निरीक्षक सतेन्द्र के नेतृत्व में बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर फिरोजपुर झिरका के बीवां रोड पर गुड़ बनाने वाली फैक्ट्री पर रेड़ की। इस दौरान खादय सुरक्षा अधिकारी नूंह श्यामलाल व उनकी टीम भी मौजूद रही। यह गुड़ फैक्ट्री पंकज ट्रेडर्स के नाम से चलाई जा रही थी तथा निरीक्षण के दौरान गुड़ फैक्ट्री पर मुकेश कुमार पुत्र रमनलाल निवासी फिरोजपुर झिरका हाजिर मिला। जिसने पूछताछ में यह फैक्ट्री उसके द्वारा संचालित बताई। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में करीब 40 क्विंटल गुड़ तैयार, 150 कटटे चीनी के मिलने पर अधिकारियों द्वारा सैम्पल लिया गया जिनको डीएफएसओ नूंह द्वारा लैब में ले जाया गया। लिए गए सैम्पल की पुष्टि होने पर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को नूंह के वार्ड नं-1, नजदीक मौलवी खालिद का मदरसा पलड़ी रोड़ पर जमील पुत्र अब्दुल रहमान के मकान में पानी की बोतलों का अवैध धंधा करने की सूचना के बाद रैड मारी। इस दौरान टीम के साथ नूंह नगर परिषद के बीआई सरफराज, श्यामलाल खादय सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान मकान में 256 पेटी व 2 पेटी बेली लिची की मिली। संचालक द्वारा कोई वैद्य लाईसेंस व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। टीम ने पानी व बेली लिची के सैम्पल लिए गए। जिनको डीएफएसओ द्वारा परीक्षण हेतु लैब में ले जाया गया, बीआई सरफराज द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल के तहत 25000/-रू0 का जुमार्ना किया गया तथा लिए गए सैम्पल की पुष्टि होने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।



# ज्ञानवापी मामले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में टली सुनवाई

प्रयागराज, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित बहुचर्चित ज्ञानवापी मस्जिद और स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर के बीच चल रहे विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है। इस मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस प्रकाश पाडिया की बेंच न बैठने के चलते सुनवाई टल गई है. अब इस मामले में दाखिल याचिकाओं पर अगले हफ्ते में सुनवाई हो सकती है।

गौरतलब है कि वाराणसी की जिला अदालत में 31 साल पहले वर्ष 1991 में मुकदमा दाखिल हुआ था, जो बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट की दहलीज तक पहुंचा. हालांकि अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि वाराणसी जिला अदालत में चल रहे मुकदमे की सुनवाई हो सकती है या नहीं। इलाहाबाद हाईकोर्ट को मुख्य रूप से यही तय करना है। इसके साथ ही विवादित परिसर का एएसआई से खुदाई कराकर सर्वेक्षण कराए जाने समेत कई अन्य मुद्दों पर भी अदालत में बहस होनी है। आपको बता दें कि 20 मई को हुई पिछली सुनवाई पर हिंदू पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली थी। स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर पक्षकार की तरफ से उनके वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने अपना पक्ष रखा था, जिसके बाद यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने अपनी दलीलें पेश की थीं। अब इस मामले में आगे की सुनवाई में मुस्लिम पक्षकार अपनी बहस जारी रखेंगे, जबकि मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद इस मामले में यूपी सरकार भी अपना पक्ष रखेगी। ज्ञानवापी विवाद को लेकर कुल पांच याचिकाएं मस्जिद इंतजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल हैं. इन याचिकाओं पर जस्टिस प्रकाश पाडिया की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश से 31 जुलाई तक विवादित परिसर के सर्वे पर रोक लगी हुई है।

# अपेक्षाओं की बोझ के तले दबा नूंह शहर

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला मुख्यालय नूंह शहर अपेक्षाओं के बोझ के तले दबता जा रहा है। शहरवासियों की माने तो जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं व समस्याओं का सही तरीके से हल न होने से लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी पनप रही है खासकर पार्किंग, पार्क, अवैध अतिक्रमण आदि के अलावा बारात घर, सामुदायिक केन्द्र आदि सुविधाए न मिल पाने से शहरवासियों के समक्ष अब तक सरकार की नाकामी प्रेषित हो रही है। लेकिन इस बार भाजपा-जजपा गठबंधन प्रत्याशी के अध्यक्ष की कुर्सी मिलने से यहां तीन इंजन की सरकारी बनी है और शहरवासी नूंह का चहुमुंखी विकास के लिए आस लगाए हुए हैं।

शहरवासी राहुल रोहताश सिंगला, कमल खुराना, हुकम सक्सेना, कृष्ण मोहन बंसल, वेद नम्बरदार, राजू कटारिया, सुभाष संगेलिया, खलील एडवोकेट व सलीम ने बताया कि चुनाव के बाद नूंह शहरवासी नूंह में रिकार्ड विकास की आस बांधे हैं और यहां पर हर क्षेत्र में विकास देखना चाहते हैं। खासकर नूंह शहर में लगने वाले जाम से निजात, अवैध अतिक्रमण हटाना, योगा आदि करने के लिए सुन्दर पार्क के अलावा हर वार्ड में बारात घर, सामुदायिक केन्द्र आदि सुविधा के लिए आस बंधाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि नूंह शहर में सीवरलाईन डलने से रास्ते खराब हो गये हैं, इनका सुधारीकरण सबसे पहले होना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी अब टाईट रखना चाहिए ताकि जन समस्याओं का जल्द समाधान हो सके।

इस बारे में नूंह नगर परिषद के नव नियुक्त अध्यक्ष संजय मनोचा ने माना कि नूंह नगर परिषद में काफी समस्याएं हैं और उनकी प्रमुखता समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने शहरवासियों से कहा कि उन तक जनहित की समस्याए लेकर आएं ताकि शहर का विकास कराया जा सके।

# श्रवण मास में मंदिर.ईदुल अजहा पर मस्जिद.ईदगाह पर होगी चाक चौबंद व्यवस्था

अलीगढ़, एजेंसी। आगामी 10 जुलाई को बकरीद व उसके बाद श्रवण मास के पर्व को देखते हुये महापौर मौ0 फुरकान और नगर आयुक्त गौरांग राठी ने संयुक्त रूप से नगर निगम स्तर से की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये शहरवासियों को बकरीद पर नगर निगम इंतिजामो को बेहतर से बेहतर कराये जाने का भरोसा दिलाया।बुधवार को नगर निगम जवाहर भवन में महापौर और नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से समीक्षा की बकरीद पर नगर निगम अधिकारी कर्मचारियों के दायित्व निर्धारित किये। नगर आयुक्त गौरांग राठी ने बताया बकरीद. पर परम्परागत की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए नगर निगम के सभी अधिकारियों मुस्तैद कर दिया गया है नगर निगम का प्रयास 9 जुलाई से पूर्व शहजमाल ईदगाहए जमालपुर ईदगाहए जीवनगढ़ ईदगाहए ऊपरकोट जामा मस्जिद सहित महानगर की सभी धार्मिक स्थलों व मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने का रहेगा। व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में नगर आयुक्त ने विस्तार से बताया बकरीद की व्यवस्थाओं के लिये प्रमुख स्थानों पर पढ़े जाने वाली परम्परागत नमाज को पूर्ण कराने व तीन दिन तक चलने वाली कुबार्नी को देखते हुये नगर निगम व्यवस्थाओं के लिये 6 सेक्टर बनाये गये है। सेक्टर.01 शाहजमाल ईदगाह क्षेत्रए सेक्टर.02 ऊपरकोट जामा मस्जिद क्षेत्रए सेक्टर.03 हाथीपुल व देहलीगेट क्षेत्रए सेक्टर.04 जमालपुर ईदगाह क्षेत्रए सेक्टर.05 जीवनगढ़ ईदगाह क्षेत्र बनाये गये है। नगर आयुक्त गौरांग राठी ने बताया बकरीद पर धार्मिक स्थलों के आसपास साफ सफाईए अपशिष्टों को उठाने दफनानेए कंट्रोल रूमए आवारा पशुओं की रोकथामए पेयजलापूर्तिए स्ट्रीट लाइट के लिए भी अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किये गए है।महाप्रबंधक;जलद्ध अनवर ख्वाजा 9105053405:. इदुल जुहा के अवसर सम्पूर्ण महानगर की पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायेगें और परम्परागत रूप से ईदगाहए जामा मस्जिदए थाना देहली गेटए सब्जी मण्डीए हाथी पुलए जमालपुर ईदगाहए जीवनगढ़ ईदगाह आदि क्षेत्रों पर पानी के टेंकर खड़े कराने की व्यवस्था करायेंगे व भारी वर्षा की संभावना को देखते हुये धार्मिक स्थलों के आस.पास पम्प सैट की व्यवस्था मय जनरेटर के किया जाना सुनिश्चित करायेगें।अधिशासी अभियन्ता अशोक कुमार भाटीष्इदुल जुहा के अवसर पर शाहजमालए जमालपुरए जीवनगढ़ ईदगाहए एवं ऊपकोट जामा मस्जिदए की ओर जाने वाले मार्गों पर यदि कहीं कोई गड्डे आदि हों तो उसको अनिवार्य ठीक कराया जाना सुनिश्चित करेगें। इसके साथ.साथ वर्षा होने पर जल भराव आदि की स्थिति उत्पन्न होने की आंशका को दृष्टिगत रखते हुये निर्माण विभाग स्टोर में एक गैंग मय कर्मचारियों के पर्याप्त मात्रा में बालू आदि के कट्टे भरवाकर रखवाया जाना भी सुनिश्चित करेगें।



नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम0के0माथुर 9837026595:. महानगर की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें। इदुल जुहा के दिन प्रातः काल सम्पूर्ण महानगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर साफ सफाई की व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

समस्त स्वच्छता निरीक्षक:.ष इदुल जुहॉ के अवसर पर समस्त स्वच्छता निरीक्षक अपने.अपने वार्ड व तैनाती स्थल की सफाई व्यवस्था के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें और कुबार्नी के अवशेष किसी भी दशा में खुले में न पड़े रहें और कुबार्नी के अवशेषों के प्रतिदिन निस्तारण व उठाये जाने में किसी भी तरह की लापरवाही के लिये सम्बन्धित स्वच्छता निरीक्षक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें

समस्त जोनल अधिकारी;जोनद्धष समस्त जोनल अधिकारी इदुल जुहॉ हेतु बनाये गये सेक्टर के अतिरिक्त अपने अपने जोन में इदुल जुहॉ के अवसर पर नगर निगम सम्बन्धी व्यवस्थाओं के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें। सभी जोनल अधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदए मदरसा व ईदगाह के प्रबंधन समितिए मुल्ला मौलवी व मुतवाली से संपर्क कर कुबार्नी के अवशेषों को हटवाने के लिए व्यवस्थाएं कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।समस्त कलस्टर प्रभारी; पार्षद वार्डद्धष इदुल जुहॉ के अवसर पर तीन दिन तक नियमित अपने वार्ड में मुस्तैद रहेगें और कुबार्नी के अवशेषों को निस्तारित कराये जाने के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें उक्त दोनों पर्व पर किसी भी तरह की लापरवाही पार्षद वार्ड में पाये जाने पर सम्बन्धित कलस्टर प्रभारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें।प्रभारी कंट्रोल रूम:.ष इदुल जुहा के अवसर पर जामा मस्जिदए जमालपुर ईदगाह तथा शाहजमाल ईदगाह के आस.पास नमाज से पूर्व कैटल क्रेचर टीम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़वाया जाना सुनिश्चित करेगें। इसके साथ.साथ प्रभारी कंट्रोल रूम इदुल जुहा के अवसर पर नमाज के बाद कंट्रोल रूम में उपस्थित रहकर महानगर के विभिन्न स्थानों पर डलने वाले कुबार्नी के अवशेषों को एटूजैड व वर्कशॉप से उठवाने की व्यवस्था करायेगें।अधिशासी अभियन्ताध्प्रभारी वर्कशॉप मनोज कुमार प्रभातष 8860311555:. इदुल जुहा के दिन वर्कशॉप वाहनों को प्रातः 5 बजें कार्य पर निकलने एवं पर्याप्त संख्या में कर्मचारीध्लेबरध्मैकेनिलक लोडरध्जेसीबी मशीन लोन जॉल आदि रखेगें ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनका उपयोग किया जा सके। कुबार्नी अवशेषों को उठवाने के मोबाइल वाहनए कॉम्पेक्ट बिन्स मोबाइल टेम्पो लगवाएंगे। आवारा पशु की रोकथाम:.नोडल अधिकारी डॉ0राजेश कुमार वर्माए पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधि0 8755348598:. इदुल जुहा के अवसर पर नगरीय क्षेत्र में आवारा पशुओं को पकड़ने के लिये पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगें और खुले में घूमने वाले पशुओं के स्वामियों पर कार्यवाही कराएंगे।नगरायुक्त ने बताया दोनों पर्वो की महत्वता नगर निगम अलीगढ़ के लिए महत्वपूर्ण है कुबार्नी के अपशिष्ट को दफनाने के दो जगह चिलकोरा व स्लाटर हाउस पर बड़े गड्ढे खुदवाए गए है साथ साथ ही 46 स्थानों पर कुबार्नी अपशिष्ट डालने के लिए 46 कूड़ेदानए 20 ट्रैक्टर ट्रालीए 15 मोबाइल ट्रैक्टरए 25 मोबाइल टेम्पो को लगाया गया जो लगातार तीन दिन एरिया में घूमते रहेंगे. सुबह 5 से 7 बजे व दोपहर में 2 बजे से 4 बजे तक पेयजल आपूर्ति का टाइम निर्धारित की गई है 15 पेयजल टैंकर भरवाकर रखेंगे गए है। बारिश की संभावना को देखते हुए सभी पम्पिंग स्टेशन एक्टिव रखने अतिरिक्त पंप सेटए वाहनए लेबरए की समुचित व्यवस्था के लिए सभी अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिए गए हैष्नगरायुक्त ने बताया बकरीद की व्यवस्थाओं को अगले दो दिन में पूरा करने की डेडलाइन निर्धारित की गई है और अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार गुप्त 7042602888 को इदुल जुहा के अवसर पर सम्पूर्ण महानगर में की जाने वाली नगर निगम सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाओं के वरिष्ठ नोडल अधिकारी बनाया गया है। मो0 फुरकान ने कहा अलीगढ़ गंगा जामुनी तहजीब का शहर है खुदा का शुक्र है इस बार ईदुलजुहा व श्रवण मास एक साथ आगे पीछे मनाये जायेगे उन्होंने कहा गंगा जामुनी तहजीब का एहतराम करें प्यार और इकलाख के साथ मनाये इदुल जुहा व सावन मास पर नगर निगम उम्दा इंतिजाम करेंगा।

संक्षिप्त समाचार

## गणपति विहार में शिव मंदिर के स्थापना दिवस में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




मदरलैंड संवाददाता , रुड़की । गणेशपुर स्थित गणपति बिहार में बुधवार को शिव मंदिर की स्थापना के अवसर पर भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की गई । इस दौरान कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया ! इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी ! कलश यात्रा गणपति विहार से होते हुए क्षेत्र में कई जगहों से होकर गुजरी ! क्षेत्रवासियों द्वारा जगह–जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया ! मंदिर में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में मेयर गौरव गोयल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे । उन्होंने पूजा–अर्चना की तथा कलश यात्रा में शामिल हुए । इस अवसर पर पंडित सुमित मिश्रा, रमेश चंद शर्मा, अविनाश शर्मा, अनिल चौधरी, सुभाष यादव, प्रताप चौधरी, कृष्णपाल, मोहन त्यागी, कविता चौधरी, पूनम शर्मा,अर्चना चौधरी,बबीता चौधरी, सरिता शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, प्रदीप चौधरी, कुलदीप सैनी, तेज सिंह पुंडीर,सुरेश तिवारी,प्रदीप राठी आदि मौजूद रहे ।

## भाजपाइयों ने जताया कुल्लू हादसे पर दुख, दीपदान किया




मदरलैंड संवाददाता , रुड़की ! भाजपाइयों ने बुधवार को गंगनहर किनारे दीपदान कर कुल्लू हादसे में मारें गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी ! इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति की कामना भी की ! हादसे पर दुख जताते हुए विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि कुल्लू हादसे में जिन बच्चों की जान गई है वह वास्तव में बेहद दुखद घटना है ! वह ईश्वर से कामना करते हैं कि ईश्वर बच्चों के परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ! उन्होंने हादसे के बाद तत्काल रेस्क्यू में जुटी टीमों की सराहना की ! कहा कि मृतको को तो वापस नहीं लाया जा सकता और न ही सरकार की ओर से की गई मुआवजे की घोषणा परिवारों के दुख को कम कर सकती हैं ! जिन परिवारों के बच्चों की हादसे में मौत हुई है उनके दर्द को वह अच्छी तरह से समझ सकते हैं ! कहा कि दुख की इस घड़ी में वह तमाम परिवारों के साथ खड़े हैं ! इस अवसर पर संजय अग्रवाल, सावित्री मंगला, नवीन गुलाटी, डॉ नवनीत शर्मा, आर्य समाज नंद विहार के अध्यक्ष हरपाल सिंह, जवाहरलाल आर्य, डॉ बीएल अग्रवाल आदि मौजूद रहे !

## जयंती पर सीएम ने दी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



देहरादून, एजेंसी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की । मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एकता एवं अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं जनसंघ के संस्थापक थे । मातृभूमि के प्रति समर्पित उनकी जीवन गाथा सदैव हम सभी को प्रेरित करती रहेगी ।

## परिवहन मंत्री ने किया साक्षी ढाबे का औचक निरीक्षण

देहरादून, एजेंसी । पिछले कई दिनों दिल्ली स्थित एक चिकित्सालय में अपना उपचार करा रहे प्रदेश के परिवहन मंत्री चन्दनराम दास ने दिल्ली से देहरादून लौटते हुए परिवहन मंत्री चन्दन रामदास ने खतौली स्थित रोडवेज परिवहन द्वारा अनुबंधित साक्षी ढाबे का औचक निरीक्षण किया और ढाबे के संचालक को आवश्यक निर्देश दिये । इस अवसर पर परिवहन मंत्री चन्दन रामदास ने ढाबे पर सफाई व्यवस्था व खाने का निरीक्षण किया । ढाबे पर रूकी रोडवेज बस की सवारियों से भी परिवहन मंत्री ने बातचीत की और उनके सुझाव भी मांगे । इस अवसर पर मन्त्री ने खाने की व अन्य व्यवस्थाओ के बारे में भी जानकारी ली ।

# भाजपाइयों ने मनाई जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की ! भाजपा पूर्वी मंडल द्वारा सिविल लाइंस स्थित शक्ति केंद्र के संयोजक वैद्य टेक वल्लभ के आवास पर जनसंघ संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता केएलडीएवी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ बीएल अग्रवाल ने की । इस अवसर पर मुख्य वक्ता अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व के सबसे कम आयु के कलकत्ता विश्व विद्यालय के उपकुलपति रहे। अखिल भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष भी थे । उन्होंने जम्मू की रैली में कहा था कि इस देश में दो विधान ,दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। उस समय कश्मीर में वहां के मुख्यमंत्री को वजीर प्रधानमंत्री माना जाता था ,वहां का संविधान अलग था तथा उनका झंडा भी अलग था और कश्मीर में जाने के लिए परमिट भी लेना पड़ता था । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सिविल लाइंस शक्ति केंद्र के संयोजक वैद्य




टेक वल्लभ ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी 12 जून 1953 को बिना परमिट किए कश्मीर में आंदोलन के साथ कश्मीर की यात्रा शुरू की लेकिन रास्ते में ही उन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने धारा 370 और 35ए को हटाने की मांग भी की थी और इसके लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 और 35ए हटाकर उनके सपने को साकार कर दिया है ! पूरा देश डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ऋणी है जिन्होंने भारत के अभिन्न अंग कश्मीर के लिए अपना बलिदान किया॥ इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने भारत माता के चित्र एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम मे राजकुमार शर्मा विनित प्रजापति, आदर्श गुप्ता, सावित्री मंगला, संजय शर्मा, समीर अंसारी, सुरिता शर्मा, राजन पाठक आदि उपस्थित रहे।

# पल्लवी कुकरेती बनी मोदी आर्मी की प्रदेश उपाध्यक्ष

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की ! भारतीय मोदी आर्मी ने मंगलवार को संगठन का विस्तार करते हुए मिलाप नगर, ढंडेरा निवासी पल्लवी कुकरेती को उत्तराखंड का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है ! प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक कुमार सुंदरियाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव आहुजा के नेतृत्व में पूरे देश में भारतीय मोदी आर्मी काम कर रही है ! उत्तराखंड में संगठन की मजबूती को लेकर पल्लवी कुकरेती को यह जिम्मेदारी दी गई है ! जल्द ही पूरे प्रदेश में जिलाध्यक्षों की भी घोषणा कर दी जाएगी ! संगठन का उद्देश्य मोदी सरकार की नीतियों और केंद्र की सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना है ! सुंदरियाल ने नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी कुकरेती को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वह पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी और आम जन तक प्रचार करेंगी ! उधर नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष पल्लवी कुकरेती ने कहा कि संगठन की ओर से उन्हे एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, जिसे वह पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से निभाने का प्रयास करेंगी ! प्रदेश भर में संगठन को मजबूत करना ही उनका लक्ष्य रहेगा ! खासकर महिलाओं के बीच जाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा !

# सडकुल से गिट्टी सट्टा खाईबाड़ गिरफ्तार



हरिद्वार, एजेंसी । सिडकुल पुलिस ने क्षेत्र से सूचना पर गिट्टी सट्टा खिलाने वाले खाईबाड़ को गिरफ्तार किया है । जिसके पास से पुलिस ने गिट्टी व नगदी बरामद की है । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया । सिडकुल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि क्षेत्र के लोगों से सूचना मिल रही थी कि एक खाईबाड़ लोगों को गिट्टी सट्टा खिलवा रहा है । जोकि सट्टा लगाने वाली राशि का दुकाना देने का लालच देकर लोगों को रिझा रहा है । गिट्टी सट्टे में कई ग्रामीण मोटा पैसा गंवाने के बाद उनके घर में कलह की स्थिति बनी हुई थी। सिडकुल क्षेत्र में गिट्टी सट्टे का कुछ लोगों ने वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में भी वायरल कर दिया। जिसको गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिट्टी सट्टा खाईबाड़ को मंगलवार की शाम को क्षेत्र से दबोच लिया । जिसके पास से पुलिस ने गिट्टी व नगदी बरामद की है । पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम समीर चंद पुत्र सतीश चंद निवासी ग्राम टाण्डा कोठी असमौली सम्भल यूपी हाल श्रीराम होटल रावली महदूद सिडकुल बताया है । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# मुख्यमंत्री ने किया 'स्टार्ट-अप ग्राण्ड चैलेंज' कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरिद्वार रोड स्थित एक होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित ह्यह्यस्टार्ट-अप ग्राण्ड चैलेंजहह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 10 प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में घोषणा की कि स्टार्ट अप उत्तराखंड के तहत




ह्यह्यआइडिया ग्रेट चैलेंजहह के रूप में दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख तथा स्टार्टअप को एक साल तक दिया जाने वाला मासिक भत्ता 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए किया जायेगा। जबकि एससी, एसटी, दिव्यांग और महिलाओं को दिया जाने वाले मासिक भत्ता 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए किये जाने की मुख्यमंत्री ने घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट इंडिया द्वारा तैयार की गई वैलनेस रिपोर्ट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार युवाओं को इनोवेटिव कार्यों एवं उनके विचारों को प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से देश के हर क्षेत्र में नवाचार हुए हैं । स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे तमाम योजनाओं के जरिए देश में काम करने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहन मिला है । मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप करने वाले युवाओं को कहा कि आज उनकी पहचान अपने क्षेत्र और जिले स्तर की है, आने वाले समय में कई युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाएंगे । मेहनत के सुखद परिणाम अवश्य मिलते हैं। उन्होंने कहा कि धैर्य एवं दूरदर्शिता ही मनुष्य को कर्मयोगी बनाती है । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड धर्म एवं आध्यात्म का केन्द्र है । इस साल अभी तक 34 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा कर चुके हैं। प्रदेश में अब कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है । उन्होंने सभी शिव भक्तों से आग्रह किया है कि उत्तराखंड में आने वाले प्रत्येक शिवभक्त यहां एक-एक पौधा जरूर लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल बाद जब उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष की यात्रा पूर्ण करेगा, तब हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के विकास की यात्रा हम सबकी है, राज्य के समग्र विकास के लिए सबकी भूमिका भी बढ़ जाती है । मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्य संस्कृति एवं कार्य व्यवहार आया है । हम उत्तराखण्ड में भी कार्यसंस्कृति में सुधार ला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य में रोजगार के अवसरों में वृद्धि का प्रयास किया गया है वहीं नवोन्मेषी विचारों को उद्यम में परिवर्तित करने तथा युवाओं की सृजनशीलता को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से स्टार्ट-अप नीति लागू की गई है। इस नीति के माध्यम से युवाओं को रोजगार सृजन एवं की ओर प्रेरित कर स्टार्ट-अप इको सिस्टम तैयार करने का प्रयास किया गया है। राज्य सरकार स्टार्ट-अप नीति के माध्यम से कॉलेज स्तर से उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, सचिव उद्योग डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, महानिदेशक/आयुक्त उद्योग रणवीर सिंह चैहान, टाई देहरादून के चेयरमैन प्रकाश, उद्योग निदेशक सुधीर चन्द्र नौटियाल, संयुक्त निदेशक शिखर सक्सेना, औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधिगण एवं स्टार्टअप से जुड़े उद्यमी मौजूद थे।

- 'आइडिया ग्रेट चैलेंज' के रूप में दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख तथा स्टार्टअप को एक साल तक दिया जाने वाला मासिक भत्ता 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार किया
- एससी, एसटी, दिव्यांग और महिलाओं को दिया जाने वाले मासिक भत्ता 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए किये जाने की भी घोषणा की

# जहा नारी का सम्मान, वहां संस्कृति का उत्थान: शैलदीदी

## शांतिकुंज में पांच दिवसीय महिला टोली प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिद्वार, एजेंसी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज द्वारा घोषित नारी सशक्तिकरण वर्ष-2022 में नारी की भूमिका एवं नारी विकास को लेकर विभिन्न अभियान चलाया रहा है। इसके अंतर्गत समाज के अंतिम छोर में बसे बहिनों के लिए भी कार्यक्रम निर्धारित है। इन कार्यक्रमों के लिए शांतिकुंज से ब्रह्मवादिनी बहिनों की उच्च प्रशिक्षित टोली देश भर में प्रव्रज्या करेंगी। टोली का कार्यक्रम इसी माह के मध्य से प्रारंभ होकर अक्टूबर 2022 तक चलेगा। करीब तीन माह तक शांतिकुंज की ब्रह्मवादिनी टोली देश भर में श्रृंखलाबद्ध तरीके से आयोजित कार्यक्रमों, प्रशिक्षण शिविरों का संचालन, नेतृत्व करेंगी। ब्रह्मवादिनी बहिनों को संबोधित करते हुए संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने कहा कि सम्पूर्ण समाज में पुरुष के समान नारी की भी भूमिका है। नारियों को सम्मान की दृष्टि से जहाँ देखा, समझा व माना जाता है, वह समाज, संस्कृति का सदैव उत्थान होता हुआ चला जाता है। आदिकाल से अब तक इतिहास इसका साक्षी है। शैलदीदी ने कहा कि नारी सशक्तिकरण कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से बहिनों के उत्साह को पोषित करें, आत्म सुरक्षा के भाव को विकसित करें, स्वावलंबी बनने की दिशा में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें तथा परिवार, समाज के विकास में अपनी प्रतिभा नियोजित करने के लिए उत्साहित करें। समापन सत्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम विभाग



समन्वयक श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि नारी के बिना सृष्टि की कल्पना अधुरी है। नारी है, तो परिवार, समाज व राष्ट्र है। गायत्री परिवार के संस्थापक युगदृषि पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्यश्री ने इक्कीसवीं सदी को नारी सदी कहा है । पांच दिन चले इस प्रशिक्षण शिविर में कुल पन्द्रह सत्र हुए, जिसमें युगदृषि की बहिनों से आशा व अपेक्षा, नारियों जागो अपने को पहचानों, नारी की गौरव गरिमा, इक्कीसवीं सदी नारी सदी, समयदान का युगधर्म, परिवार निर्माण, यज्ञीय जीवन, आओ गढ़े संस्कारवान पीढी जैसै महत्त्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षणार्थी ब्रह्मवादिनी बहिनों को विस्तृत जानकारी दी गयी। शिविर में श्रीमती शेफाली पण्डया, डॉ. गायत्री शर्मा, सुश्री दीना त्रिवेदी, डॉ. ओपी शर्मा, संदीप कुमार, केपी दूबे, वीरेन्द्र तिवारी आदि ने संबोधित किया।

# किशोरी को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार



हरिद्वार, एजेंसी। कनखल पुलिस ने किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी को यूपी से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस किशोरी का मेडिकल कराते हुए न्यायालय में 164 के बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है । कनखल थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सिंह चैहान ने बताया कि कनखल क्षेत्र निवासी एक महिला ने 02 जुलाई को तहरीर देते हुए शिकायत की थी । तहरीर में कहा गया हैं कि उसकी नाबालिग बेटी को 30 जून की रात को गौरव ऊर्फ कपिल पुत्र सतपाल निवासी बड़ोत छपरौली चुंगी के पास बागपत यूपी बहला फुसलाकर भगा ले गया । पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को दबोचने के लिए उसके सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए तलाश शुरू कर दी । पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को घर से गिरफ्तार करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस दोनों को लेकर हरिद्वार पहुंची। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस किशोरी का मेडिकल के बाद न्यायालय में 164 के बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

### कांवड़ की ऊंचाई अधिक से अधिक सात फीट निर्धारित

# कांवड मेले में चार करोड़ कांविड़यों के आने की सम्भावना

## कांवड़ मेले को लेकर पडौसी जनपदों के अधिकारियों के साथ बैठक

हरिद्वार, एजेंसी । गढ़वाल मण्डल आयुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को डामकोठी में कांवड़ मेला-2022 के सफल आयोजन हेतु सीमावर्ती जनपदों के जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने प्रस्तुतीकरण देते हुये आगामी 14 जुलाई से 27 जुलाई 2022 तक चलने वाले कांवड़ मेले के सम्बन्ध में विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दो वर्षों से कोविड-19 के कारण कांवड़ यात्र नहीं हो पा रही थी। वर्ष 2019 में हुई कांवड़ यात्र के विभिन्न पहलुओं की जानकारी भी बैठक में साक्षा की तथा किस राज्य से तथा कितनी संख्या में यात्री यहां आते हैं, के सम्बन्ध में भी अवगत कराया । उन्होंने कांवड़ की ऊंचाई के सम्बन्ध में बताया कि कांवड़ की अधिक से अधिक ऊंचाई सात फीट होनी चाहिये, ताकि वह कांवड़, यात्र में व्यवधान उत्पन्न न करे । इस वर्ष कांवड़ियों की संख्या चार करोड़ के लगभग हो सकती है, जिनमें से अधिकतर युवा कांवड़िये होंगे, जिसको देखते हुये सारी व्यवस्थायें की जा रही हैं । बैठक में सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों के साथ बार्डर में किस तरह की रणनीति अपनाई जाये कि कांवड़ यात्र का सकुशल संचालन काफी अच्छे ढंग से हो सके, के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ, जिसमें सीमावर्ती जनपदों से आये हुये अधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुये कांवड़ यात्र के सफल संचालन के लिये अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये । गढ़वाल मण्डल आयुक्त सुशील कुमार ने बैठक में सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों से कहा कि जो भी कांवड़ यात्री आपके जनपद से हरिद्वार की ओर प्रस्थान करेंगे, तो उनकी एक सूची जरूर तैयार कर ली जाये तथा उसकी जानकारी सभी को आपस में शेयर की जाये, जिससे आकस्मिकता के समय काफी मदद मिल सकती है । उन्होंने कहा कि सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण एक बड़ी चुनौती है, इसलिये इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।आस्था के साथ-साथ अन्य पहलुओं का भी पूरा ध्यान रखा जाये । उन्होंने निर्देश दिये कि दुकानों में कोई भी ऐसी चीज की बिक्री नहीं होनी चाहिये, जिसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, ऐसी वस्तुओं की बिक्री पर पूरी तरह से रोक होनी चाहिये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि जो भी कांवड़िये यात्र पर निकलें तो वे अपने साथ कोई न कोई पहचान पत्र अवश्य लेकर चलें तथा रोड साइड की जितनी भी दुकानें हैं, वे अपनी



ओरेजनल आईडी जरूर रखें। जिलाधिकारी हरिद्वार ने बैठक में कावंड़ यात्र के दौरान प्रयोग किये जाने वाले जुगाड़ वाहनों का जिक्र करते हुये कहा कि इनसे यात्र के दौरान काफी व्यवधान पैदा होता है । इस पर गढ़वाल मण्डलायुक्त ने कहा कि इस पर रोक होनी चाहिये । उन्होंने कहा कि जुगाड़ वाहनों का प्रयोग न किया जाये, के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। बैठक में सीमावर्ती जनपदों से लेकर हरिद्वार तक किस तरह का ट्रैफिक प्लान होगा, के सम्बन्ध में भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में प्रतिभाग करने आये सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों ने आगामी कांवड़ के दौरान हर स्तर पर अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक सांसद हरिद्वार ने भी अल्प समय के लिये बैठक में प्रतिभाग किया तथा आगामी कांवड़ यात्र की सफलता के लिये शुभकामनायें दीं। गढ़वाल मण्डल आयुक्त सुशील कुमार का डामकोठी परिसर पहुंचने पर पुष्पगुच्छ, गंगाजलि भेंटकर भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर केएस नगन्याल डीआईजी, डॉ. राजेश कुमार जिलाधिकारी देहरादून, चन्द्र भूषण सिंह जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर, विजय कुमार जिलाधिकारी पौड़ी, पूर्ण बोरा सीडीओ बिजनौर, विनीत जायसवाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर, यशवन्त सिंह एसएसपी पौड़ी, नवनीत सिंह एसएसपी टिहरी गढ़वाल, वीर सिंह बुदियाल एडीएम (राजस्व) हरिद्वार, पीएल शाह एडीएम (प्रशासन)हरिद्वार, रामजी शरण शर्मा एडीएम टिहरी, नरेन्द्र बहादुर सिंह एडीएम (ई) मुजफ्फरनगर, राज सिंह एडीएम (राजस्व) मुजफ्फरनगर एके सिंह सिटी मजिस्ट्रेट हरिद्वार, पूरन सिंह राणा एसडीएम हरिद्वार, डीएस नेगी एसडीएम नरेन्द्र नगर, डॉ. प्रवीन रंजन सिंह एसपी सिटी बिजनौर, राजेश कुमार एसपी सिटी सहारनपुर, अक्षय कौण्डे एसपी ट्रैफिक देहरादून, हिमांशु कुमार एसपी (क्राइम) हरिद्वार, कुलदीप सिंह एसपी ट्रैफिक मुजफ्फरनगर, प्रमेन्द्र डोभाल एसपी देहात हरिद्वार, स्वतंत्र कुमार सिंह एसपी सिटी हरिद्वार, वैभव सैनी सीओ पौड़ी, सुश्री निहारिका सेमवाल सीओ आपरेशन हरिद्वार, सुरेश तोमर अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

## वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार भारती को हरियाणा भर के पत्रकारों ,यूनियन संगठनों ने उनके निधन को एक भारी क्षति बताया

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। फतेहाबाद के वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार भारती का निधन हो गया है। वे 65 वर्ष के थे और लगभग 2 वर्ष से कोमा में थे। दो साल पहले हुए गंभीर सड़क हादसे के बाद से ही वो लगातार कोमा में चले आ रहे थे। आज सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ गयी थी। उनका निधन हो गया। दाह संस्कार के समय हरियाणा के कई पत्रकार सामाजिक धार्मिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन हरियाणा के उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ,हिसार जिला के प्रधान संजीव महता ,हरियाणा प्रेस क्लब के प्रधान मान सिंह वर्मा ,नारनौंद प्रेस क्लब के प्रधान सुनील मान , हांसी व हिसार के पत्रकारों ने उनकी कलम को साधुवाद किया। एच यू डब्ल्यूजे हरियाणा के अध्यक्ष अजय मल्होत्रा भिवानी रोहतक से सोमनाथ शर्मा शिरीष जोशी मनमोहन को छू लिया सतीश कुमार रविंदर शर्मा मुकेश सुभाष बहादुरगढ़ तहसील भारद्वाज यमुनानगर से सुरेंद्र मेहता कैथल से नवीन मल्होत्रा रामचंद्र सैनी रामपाल फौजी गुंजन सुरेंद्र गुप्ता नरेंद्र ख्यालिया सोमवार शर्मा फतेहाबाद से अशोक अर्जुन जग्गा करनाल के पत्रकारों भारत देश हमारा के हरियाणा संस्करण के संपादक डॉ केके सिंधु रविंद मलिक सतीश सिकरवार संजीव रोहिल्ला व अन्य पत्रकारों ने भी स्वः रामकुमार भारती एक नेक इन्सान के साथ आम आदमी की बात को प्रशासन व सरकार तक पहुँचाते थें क

## पंचकूला से फिरौती के लिए अपहरण की घटना का 12 घंटे में किया पटाक्षेप

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक हांसी नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए शहर थाना पुलिस ने अपहरण हुए लड़के अंकित उम्र 22 साल को बरामद करने में सफलता हासिल की है।

अंकित के परिजनों ने थाना शहर में दरख्वास्त देकर अभियोग अंकित करवाया की उसके लड़के अंकित का अपहरण कर लिया है। छोड़ने की एवज में 15 लाख रुपए की मांग की गई है। जो पुलिस अधीक्षक महोदया ने उप पुलिस अधीक्षक जुगल किशोर के नेतृत्व नेतृत्व में एक टीम का गठन करके शहर थाना पुलिस ने अपरहण हुए अंकित को पंचकूला से बरामद कर लिया हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि अंकित अपने परिजनों से मनमुटाव के चलते घर से खुद ही चला गया था और मनगढ़ंत कहानी बनाकर अपने घर वालों के मोबाइल फोन पर खुद ही फिरौती के 15 लाख रुपए देने की मांग का मैसेज कर दिया। थाना शहर थाना टीम के प्रयासों से 12 घंटे के अंदर अंदर अंकित उपरोक्त को कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करके परिजनों को सौंप दिया है।

## पेट्रोल पंप पर हथियारों के बल पर लूट करने के आरोप में तीन को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार हुए अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए नारनौंद थाना के अंतर्गत आने वाली मिर्चपुर पुलिस चौकी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अजय वासी गोइया जिला जींद व राकेश , सोनू वासी बनारसी जिला संगरूर पंजाब के रूप में हुई। जिन्होंने दिसंबर 2021 में मिर्चपुर पेट्रोल पंप से हथियारों के बल पर लूट कर ली थी जिन को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करके रिमांड के बाद जेल भेज दिया जिन को प्रोडक्शन वारंट पर जींद जेल से लेकर जेल भेज दिया हैं।

## दूसरी जिला हिसार ग्रैप्लिंग कंप्टीशन 14 जुलाई को चौधरी बजे सिंह कुश्ती अखाड़ा डाबड़ा में होगी।

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। दूसरी जिला हिसार ग्रैप्लिंग कंप्टीशन 14 जुलाई को चौधरी बजे सिंह कुश्ती अखाड़ा डाबड़ा में होगी। ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ हिसार के महासचिव रण सिंह पंवार ने बताया की 19, 20, 21 अगस्त को देहरादून उत्तराखंड में सब जूनियर नेशनल ग्रेपलिंग चैंपियनशिप होनी है इससे पहले जुलाई के अंतिम सप्ताह में हरियाणा राज्य स्तरीय सब जूनियर ग्रेपलिंग चैंपियनशिप होनी निश्चित की गई है। इसलिए राज्य कमेटी की तरफ से आदेश किए गए थे कि 15 जुलाई से पहले सभी जिला स्तर की प्रतियोगिताएं संपन्न करवा ली जाएं इसलिए 14 जुलाई को हिसार कमेटी ने जिला स्तर पर द्वितीय ग्रेपलिंग टूनार्मेंट करवाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में 15 साल तक के महिला पुरुष पहलवान भाग ले सकते हैं जिनका पंजीकरण ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया की साइट पर हो चुका है। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आने वाले सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।वजन पुरुष वर्ग भारवर्ग29,32,35,38,42,47,53,59,66,73,100 किलो ग्राम भारवर्ग व महिला खिलाड़ी वजन28,30,32,34,37,40,44,48 ,52,57,72 किलोग्राम भार वर्ग में दोनों दोनों प्रकार की ग्रेपलिंग गी और नोगी के भार वर्ग के खिलाड़ी भाग ले पाएंगे 9:00 से 11:00 तक वजन लिए जाएंगे और उसके बाद प्रतियोगिता आरंभ हो जाएगी। इस अवसर पर ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ हिसार के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता खिलाड़ियों को जिला कमेटी की तरफ प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने योगेश अग्रवाल को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। आज ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लाईज एंड वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार की अगुवाई में नए बने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पब्लिक हेल्थ डिवीजन नंबर 1 योगेश अग्गरवाल को मिला और फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया और हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसडीओ प्रभजोत सिंह,अशवनी कुमार राजिंदर कुमार, जगमोहन सिंह और रवि कुमार उपस्थित थे।

# उचाना को जल्द साउथ और नॉर्थ बाईपास की मिलेगी सुविधा, सरकार द्वारा रोडमैप तैयार - डिप्टी सीएम

## उचाना के पार्कों, जलघरों, तालाबों का होगा कायाकल्प, कार्य प्रगति पर - दुष्यंत चौटाला

» मदरलैंड संवाददाता



उचाना/चंडीगढ़। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना शहर को जल्द ही साउथ और नॉर्थ बाईपास की सुविधा मिलेगी। इन दोनों बाईपास के बनने से शहरवासियों को वाहनों के आवाजाही से होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार द्वारा रोडमैप तैयार कर लिया गया है और इसमें साउथ बाईपास के लिए अधिकृत की गई जमीन का पचास प्रतिशत से ज्यादा पंजीकरण हो चुका है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शेष बचा एक्वायर एरिया का भी जल्द रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नॉर्थ बाईपास की स्वीकृति के लिए सरकार द्वारा एनएचएआई को प्रस्ताव भेज दिया गया है और निकट भविष्य में इसकी स्वीकृति मिलने के बाद सम्बन्धित बाईपास का भी निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। डिप्टी सीएम बुधवार को उचाना स्थित जेजेपी कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरान्त पत्रकारों से रूबरू थे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए उचाना विधानसभा क्षेत्र में भारतीय परिवहन निगम के तत्वाधान में 30 करोड़ रूपए की लागत से चालक प्रशिक्षण केन्द्र बनवाया जाना प्रस्तावित है और इसके कार्य क्षेत्र के किसी भी गांवों में दस एकड़ पंचायती जमीन उपलब्ध होते ही शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पंचायती राज विभाग द्वारा खेड़ी मसानिया में 20 करोड़ की लागत से ग्रामीण अभियांत्रिकी एवं कार्य कुशलता केन्द्र का निर्माण करवाया जाएगा, इसके लिए विभाग को जमीन भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों एवं शहर में भविष्य में पेयजल की सुचारू आपूर्ति करवाई जानी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए कार्य प्रगति पर है, विभिन्न जलघरों में पुरानी पाईप लाईनों का बदलवाया जा रहा है और आवश्यकतानुसार नए बुस्टिंग स्टेशन बनाए जा रहे है।

उचाना के सुधारीकरण एवं विकास के विषय पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी पार्क एवं सड़कों की कायाकल्प का कार्य जारी है। इसके अलावा जल अमृत महोत्सव मिशन के तहत चिन्हित तालाबों का भी सौंदर्यकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार का एकमात्र उद्देश्य जनसेवा एवं विकास है और इस दिशा में सरकार निरन्तर नए उल्लेखनीय फैसले लेकर जनता के हितों में काम रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में भी शहर की तर्ज पर विकास कार्य करवाया जा रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कि विकास के मामले में किसी भी इलाके को पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर अधिकारियों की उपस्थिति में जन समस्याएं सुनी और उनके नियमानुसार उचित समाधान के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद इलाका वासियों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक वाजिब समस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपनी सामर्थ्य अनुसार जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करें। उपमुख्यमंत्री के जनता दरबार में जुलाना के विधायक अमरजीत ढांडा, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेन्द्र लितानी, उपमुख्यमंत्री के निजी सचिव प्रो. जगदीश सिहाग, पूर्व विधायक पिरथी नम्बरदार, पूर्व विधायक भाग सिंह छातर, पूर्व विधायक रामकुमार कटवाल, हलका जजपा प्रधान विश्ववीर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नाले में सैन चौक का पानी नहीं डालने के लिए लोग मिले ईओ से

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। नगर परिषद द्वारा सैन चौक का पानी गंदे नाले में निकालने की योजना के विरोध में मोहल्ला नई सराय, रविदास मार्ग के लोगों ने बुधवार को ईओ सुमनलता से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व पार्षद दयानंद सोनी भी साथ थे। ज्ञापन देने वालों का कहना है कि नप इस योजना से पैसे की बबार्दी करेगी, वहीं जमालपुर, पुरानी सराय व सैन चौक पर बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा, क्योंकि गंदे नाले का पानी नप द्वारा बनाए गए चैंबरों के जरिये वापस सैन चौक पर आ जाएगा।

ज्ञापन में मोहल्लावासी अशोक कुमार, कैलाश उर्फ बबलू, टिंकू सैनी, सुरेश सैनी, प्रीतम, जितेंद्र कुमार व देवेंद्र ने बताया कि नगर परिषद सैन चौक का पानी गंदे नाले में डालना चाहती है, जबकि यह संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि शहर का ढाल दक्षिण से उत्तर की ओर है। पूर्व में जब भी बाढ़ का पानी आया है, तब तब नाला ओवरफ्लो होकर सैनी चौक, नई सराय, पुरानी सराय, जमालपुर की ओर पानी गया है। उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि सैन चौक व गंदे नाले का तल दोनों लेवल में है, ऐसे में क्या नगर परिषद नाले के तल के नीचे पाइप डालेगा या पाइप डालने की बजाए अगर नगर परिषद चैंबर बनाकर पंप से पानी नाले में डालेगा तो भी नाले में लगातार पानी जाना संभव नहीं, उल्टा गंदे नाले का पानी वापस सैन चौक के पास आ जाएगा, क्योंकि सैन चौक नीचा होने के कारण वहीं पानी जमा हो जाएगा। इससे पुरानी सराय व जमालपुर को बाढ़ का खतरा बन जाएगा। ज्ञापन में बताया गया है कि यदि नगर परिषद को सैन चौक पर जमा होने वाला बरसाती पानी निकालना ही है तो वह तेलिया जोहड या फिर महावीर चौक के पास बडे नाले में कनेक्शन करके इस पानी को निकाल सकती है। इस योजना में पैसा भी कम लगेगा। उन्होंने ज्ञापन में तुरंत इस योजना पर रोक लगाने तथा इस पानी की निकासी के लिए तेलिया जोहड तक लाइन बिछाने की मांग की है, ताकि लोगों को सैन चौक पर भरने वाले बरसाती पानी से छुटकारा मिल सके।

## पति को साजिश रचा के फसाया पुलिस प्रशासन से इंसाफ की करी मांग

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना :नताशा ढिल्लो निवासी न्यूज बी आर एस नगर ने पुलिस प्रशासन से करी इंसाफ की मांग उन्होंने कहा कि मेरी बेटी 9 साल की है वो भी इतनी डरी हुई है की घर से बाहर निकले को भी डरती है उनके पूरे परिवार को तंग परेशान किया जा रहा है उन्होंने कहा कि मेरे परिवार को अगर कुछ होता है तो अमित अरोड़ा जिम्मेदार होगा नताशा ढिल्लो ने आरोप लगाया कि उनके पति को झूठे केस में फसाया जा रहा है और गैंगस्टर के साथ अमित अरोड़ा के संबध है मगर वो मेरे पति के ऊपर झूठे आरोप लगा रहा है उसके ऊपर आफ आई आर नंबर 121थाना दुगरी में 3 जुलाई 2020 में हुई है आफ आर आई आर नंबर 64 थाना दुगरी मे 20 मई 2022 में हुई मगर पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है नताशा ने बताया कि इस की शिकायत कितनी बार रेलवे डिपार्टमेंट को की गई है मगर कोई जवाब नहीं आया उन्होंने कहा कि पूरा रेलवे डिपार्टमेंट मिला हुआ है जब वो फरार है तो उसकी हाजिरी रजिस्टर में कैसे लग रही है उन्होंने प्रशासन से मांग करी थी उन्हें इंसाफ दिया जा।

## अब तक हुई 39 एमएम बारिश

### किसान जुटे हैं जोर शोर से बिजाई में



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। कनीना क्षेत्र में विगत दिनों 39 एमएम बारिश हो चुकी है। यह बारिश दो बार में हुई है। किसान जोर शोर से बीजाई कार्य में जुटे हुये हैं।

अभी तक बाजरे की आधी बीजाई हो चुकी है तथा आधी और होने वाली है। गत दिनों से किसान खरीफ फसल बतौर बाजरे की बिजाई में लगे हुये हैं। बीजाई लायक बारिश पहले ही हो चुकी है।

किसान अजीत कुमार, कृष्ण कुमार, योगेश कुमार, सूबे सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने बताया कि उन्होंने बीजाई कर दी है। कनीना क्षेत्र में करीब 8500 हेक्टेयर में बाजरे की बिजाई हो चुकी है। कृषि वैज्ञानिक भी इस समय बिजाई को समय अनुकूल मानते हैं। उनका कहना है कि इस समय बिजाई का अर्थ है कि भावी फसल के लिए पर्याप्त समय बच जाएगा और यह फसल करीब 72 दिन में पक कर तैयार हो जाती है। कृषि विस्तार सलाहकार डा देवराज यादव का कहना है कि बाजरे के अंकुरण के लिए जितनी नमी चाहिए वो वायुमंडल में है। उनका कहना है कि बीजाई लायक बारिश हो चुकी है। किसानों को मौसम का ख्याल रख बीजाई करनी चाहिए।

## 370 के निराकरण के पश्चात कश्मीर में जो एकात्मकता- स्वतंत्रता एवं विकास के फूल खिल रहे हैं वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग व संघर्ष का परिणाम है: राकेश शर्मा

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल।डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिवस पर भाजपा देश,प्रदेश,गांव व नगर में अनेक कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

जनसंघ के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट एवं मंडल अध्यक्ष मनीष संघी व सभी सम्मानित साथियों के साथ पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए व उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा को दोहराया।आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि देश की एकता व अखंडता के लिए बंगाल को पूर्वी पाकिस्तान में जाने से रोका गया! वहीं कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान का विरोध कर धारा 370 को हटाने का संकल्प लिया! वही परमिट सिस्टम को तोड़ जम्मू कश्मीर में दाखिल हुए जिसमें वहां की सरकार ने उनको कारागार में डाल दिया! और षड्यंत्र के तहत उनकी वहां मौत हो गई! देश की एकता,अखंडता व एक संविधान के लिए मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया! आज भाजपा की सरकार में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को सार्थक करते हुए जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई व तीन तलाक के अमानवीय प्रावधान को हटाकर मुस्लिम बहनों को आजादी दिलाई। नारनौल मंडल अध्यक्ष मनीष संघी ने बताया कि आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन उनके कार्यकताओं के साथ पौधारोपण कर मनाया गया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 21 अक्टूबर को उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की और मुखर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने और उन्होंने कश्मीर को विशेष दर्जा देने और अलग झंडा रखने का विरोध किया। इस अवसर पर महावीर शर्मा, महेंद्र सिंह गौड़, चंद्रकांत शास्त्री, जोगेंद्र राजपूत, श्रीमती मंजू सोनी, सुरेंद्र सोनी, जोगेंद्र जेदिया, संदीप यादव, संदीप वर्मा, रमेश जांगड़ा, मुरारी लाल, सतीश वाल्मीकि, मोहन शर्मा व रतन शर्मा मौजूद थे।

### युवा पीढ़ी में सेवा कार्यों के लिए जोश आवश्यक

## भारत विकास परिषद के रक्तदान शिविर में बोले उपायुक्त डॉ जयकृष्ण आभीर

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। युवा पीढ़ी में सेवा कार्यों के लिए जोश अवश्य होना चाहिए। रक्तदान महादान है यह दान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस तरह का सेवा कार्य करने वाले युवा एवं संस्थाएं बधाई के पात्र हैं। उक्त बात मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए जिला उपायुक्त महेंद्रगढ़ डॉ जयकृष्ण आभीर ने बॉयज आईटीआई नारनौल में भारत विकास परिषद शाखा नारनौल के तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में कहीं। उन्होंने इस अवसर पर जिले में चल रहे जल संरक्षण एवं सेल्फी विद तलैया का भी जिक्र करते हुए कार्यकताओं को साधुवाद दिया। उन्होंने रक्तदान शिविर की आयोजक संस्था भारत विकास परिषद, रक्तदाताओं व आईटीआई प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने भारत विकास परिषद के सेवा कार्यों का संक्षिप्त परिचय दिया एवं आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नर नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष बेगराज गोयल व समाजसेवी भावेश मित्तल रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए बेगराज गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने एक प्रसंग के साथ रक्तदान की सार्थकता को बताते हुए कहा कि इस पुनीत कार्य का प्रतिफल अवश्य मिलता है। आईटीआई के प्राचार्य विनोद खनगवाल ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों और संस्था का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाखा अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने आईटीआई के छात्रों एवं समस्त रक्तदाताओं को बधाई दी तथा मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। शाखा सचिव नरोत्तम सोनी ने बताया कि शिविर में 70 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर आईटीआई के चेयरमैन सुरेश चौधरी, प्रांतीय सचिव संजय शर्मा, जिला महिला संयोजिका प्रीति शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, डॉ शिवानी पाराशर, सुभाष सिंगला, बजरंग, लाल गुप्ता, देवेंद्र सोनी , सुनील चुघ, भीमसेन शर्मा, दिनेश शर्मा, मुकुल शर्मा आईटीआई इंस्ट्रक्टर वीरेंद्र कुमार, जसवंत सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## किसान जुटे निराई कार्यों में अगेती बाजरे की फसल की हो रही है गुड़ाई

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। कनीना क्षेत्र में जहां बाजरे संबंधित कृषि कार्यों में लगे हुए हैं। अगेती की बिजाई की है वे निराई कार्यों में तो पछेती बीजाई करने वाले किसान अभी बीजाई के कार्यों में ही लगे हुए हैं।

अगेती बिजाई करने वाले किसान खेतों में अवांछनीय पौधे, खरपतवार आदि को हटाने का कार्य कर रहे हैं। किसान सूबे सिंह और राजेंद्र सिंह ने बताया कि खेतों में निराई का कार्य चल रहा है ताकि बारिश के बाद फसल को अधिक लाभ हो सके। उन्होंने बताया कि अभी जा पछेती बिजाई की गई है उसे अभी अंकुरित होने में समय लगेगा। अगेती बीजाई की फसल बड़ी हो चुकी है। बारिश होती तो उसे ज्यादा लाभ होगा। ऐसे में किसान अपने खेतों से निराई करके बाजरे की फसल में खाद आदि डालने का प्रयास हैं। उल्लेखनीय है कि किसानों के खेतों में जंगली चौलाई,सांटी, बुई, घास सहित कई अवांछनीय पौधे फसल के साथ पैदा हो गए हैं और फसल को कमजोर कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि निराई करने के बाद पैदावार बढ की संभावना होती है।

जहां पछेती बिजाई के तहत कनीना और आसपास क्षेत्र में बाजरे की बिजाई अभी हाल ही में की है और किसान अभी भी जुटे हुए हैं। किसान अगेती फसल उगा कर खुश है जो अब बड़ी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि जब कुछ दिनों पहले बारिश हुई थी तो उसका लाभ उठाकर कुछ किसानों ने अगेती फसल उगा दी थी तत्पश्चात जून माह में जो बारिश हुई है उसमें अच्छी फसल उगाई गई है। कनीना क्षेत्र में करीब 19 हजार हेक्टेयर पर बाजरे की फसल बीजाई किये जाने की संभावना है।

खेतों में निराई करने के लिए भारी पैसा खर्च करना पड़ता है। विभिन्न प्रकार की दवाई डालकर इन पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। खरपतवार पशुचारे के रूप में जरूर काम आते हैं किंतु किसानों ने पशु रखने ही कम कर दिए हैं।

कुछ खरपतवार तो किसी काम की नहीं है तो कुछ खरपतवार को किसान पशुचारे के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। बारिश के बाद तो इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। इनको नष्ट करने के लिए दिनरात किसानों को खेतों में काम करना पड़ता है तथा उन्हें हाथों से उखाड़कर फेंकना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि बाजार से महंगे दामों पर खरपतवारनाशी खरीदकर लानी पड़ती है। दुकानदार महेश कुमार, कुलदीप सिंह ने बताया कि अलग अलग खरपतवार को नष्ट करने के लिए दवाओं की जरूरत पड़ती है। किसान इनको डालकर खरपतवार से निजात पा सकते हैं।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# इस्लाम को कलंकित करती है कन्हैया की हत्या



तनवीर जाफरी

(लेखक - /ईएमएस)

मंहगाई, बेरोजगारी, भय, भूख, भ्रष्टाचार , सांप्रदायिकता, जातिवाद, लोकतांत्रिक, आर्थिक व सीमावर्ती चुनौतियों जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहे हमारे देश में आये दिन कोई न कोई ऐसा ह्यभूचालह्न आ जाता है या जानबूझकर लाया जाता है जिससे देश की यह वास्तविक समस्यायें नेपथ्य में चली जाती हैं। ऐसा ही एक विषय जिसे लेकर विगत एक महीने से भी अधिक समय से पूरा देश उद्वेलित हो रहा है वह है भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता के रूप में एक भाजपाई नेत्री नूपुर शर्मा द्वारा गत 27 मई को ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे पर एक टीवी चैनल पर डिबेट के दौरान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर की गई एक आपत्तिजनक टिप्पणी। नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग देश के कई राज्यों में सड़कों पर प्रदर्शन करने उतर आए थे। इस दौरान कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों के उग्र हो जाने के चलते हिंसा भी भड़क उठी थी। कई इस्लामिक देशों ने भी इस टिप्पणी पर भारत सरकार से नाराजगी दर्ज कराई थी। परिणाम स्वरूप भाजपा ने नूपुर शर्मा को प्रवक्ता पद व पार्टी से हटाते हुए यह भी कहा था कि नूपुर शर्मा का बयान भारत सरकार का मंतव्य नहीं है। परन्तु दो कट्टरपंथी लोगों ने इसी प्रकरण के चलते पिछले दिनों उदयपुर में नुपुर शर्मा समर्थक कन्हैया नामक एक दर्जी की बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि हत्यारों में से एक कुछ समय पूर्व पाकिस्तान भी गया था अतः इस हत्याकांड में पाकिस्तान की कथित साजिश की भी पड़ताल की जा रही है।





इन सब के बीच इसी प्रकरण में पिछले दिनों देश के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत औरन्यायाधीशजेबीपरदीवालाकीअवकाशकालीन बेंच ने नुपुर शर्मा की एक अजी पर सुनवाई करते हुए उसे कड़ी फटकार लगाई और कहा कि शर्मा के बयान ने पूरे देश में अशांति फैला दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई के दौरान नुपुर शर्मा की टिप्पणियों को ह्वतकलीफदेहह्व बताया और कहा कि ह्वउनको ऐसा बयान देने की क्या जरूरत थी?ह्व सर्वोच्च न्यायालय ने ये सवाल भी किया कि एक टीवी चैनल का एजेंडा चलाने के अलावा ऐसे मामले पर डिबेट करने का क्या मकसद था, जो पहले ही न्यायालय के अधीन है? माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने शर्मा की बयानबाजी पर सवाल किया और कहा, ह्वअगर आप एक पार्टी की प्रवक्ता हैं, तो आपके पास इस तरह के बयान देने का लाइसेंस नहीं है.ह्व सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि उन्हें टीवी पर जाकर पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ह्वजिस तरह से नुपुर शर्मा ने देशभर में भावनाओं को उकसाया, ऐसे में देश में ये जो भी हो रहा है उसके लिए वह अकेली ज़िम्मेदार हैं। माननीय अदालत ने यह भी कहा, ह्वजब आपके खिलाफ एफआईआर हो और आपको गिरफ़्तार नहीं किया जाए, तो ये आपकी पहुँच को दिखाता है। उन्हें लगता है उनके पीछे लोग हैं और वो गैर-ज़िम्मेदार बयान देती रहती हैंह्व। अदालत ने इसके अतिरिक्त भी अनेक तल्ख टिप्पणियां कीं।

उपरोक्त अदालती टिप्पणियों से एक बार फिर यह जाहिर हो गया कि देश में सत्ता अपने निजी एजेंडे पर चलने के लिये भले ही बेलगाम क्यों न हो परन्तु इसके बावजूद देश में कानून का राज है और देश की अदालतों के फैसले ही सर्वमान्य हैं। परन्तु यदि कोई भी पक्ष भावनाओं को भड़काने के नाम पर हिंसा का सहारा ले या निर्मम हत्या का सहारा लेने लगे तो उसे किसी भी कीमत पर सही नहीं ठहराया जा सकता। वैसे भी यदि पूरे विश्व में ह्यभावनाओं को भड़कानेह्न के नाम पर हत्याएं होने लगें और कानून के बजाये हिंसा का सहारा लिया जाने लगे फिर तो पूरा संसार ही सुलग उठेगा। आज इस दुनिया में जहां हजरत इमाम हुसैन के मानने और उनपर अपनी जान तक न्योछावर करने वाले करोड़ों लोग हैं वहीं दुनिया में यजीद समर्थक भी मौजूद हैं। राम को आराध्य मानने वाले हैं तो रावण के समर्थक भी मिल जायेंगे। जहां हमारे ही देश में गाँधी को महात्मा कहने व उन्हें अपना आदर्श मानने वाले हैं वहीं उनके हत्यारे गोडसे के चाहने वालों की भी कमी नहीं। तो क्या वैचारिक मतभेद के चलते लोगों की ह्यभावना आहतह्न हो और लोग एक दूसरे की हत्या और हिंसा पर उतारू हो जायें ?

कोई भी व्यक्ति किसी के भी विचारों से सहमत या असहमत हो सकता है। अकेले कन्हैया लाल ही नुपुर शर्मा का समर्थक नहीं बल्कि लाखों लोग उसके साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। यदि उदयपुर जैसी घटना हर जगह घटित होने लगे फिर तो न कानून बचेगा न देश न ही इंसानियत। वैसे भी क्रूर हत्यारों ने जिस तरह कन्हैया की हत्या कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को धमकी दे डाली और हत्या की वीडीओ बनाकर सोशल मीडिया पर डालने जैसा दुस्साहस किया वह निश्चित रूप से न केवल अक्षम्य अपराध है बल्कि यह किसी बड़ी साजिश का हिस्सा भी प्रतीत होता है। इस्लाम धर्म वैसे भी बदले से अधिक क्षमा करने की प्रेरणा देता है। अपने उद्भव काल से लेकर आज तक पूरे विश्व में इस्लाम की बदनामी व रुस्वाई का कारण ही कट्टरपंथी व अतिवादी मुसलमानों के हिंसक कारनामे रहे हैं। करबला से लेकर तालिबानी अफगानिस्तान तक इसके अनेक उदाहरण नजर आते हैं। नुपुर शर्मा के आपत्तिजनक बयान से दुनिया के मुसलमानों में जितना उबाल आया था वैसी ही स्थिति कन्हैया की बेरहमी से की गयी हत्या के बाद खड़ी हो गयी है। मुसलमानों के विरोध के मौके की तलाश में बैठे लोगों को एक बार फिर ह्यऊर्जा ह्य मिल गयी है जिसके जिम्मेदार कन्हैया के हत्यारे तथा ह्य धार्मिक भावनाओं ह्य के नाम पर हिंसा भड़काने वाले अतिवादी प्रवृति के लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस्लाम और इंसानियत दोनों को ही कलंकित करती है कन्हैय्या की नृशंस हत्या।

## संपादकीय



### केंद्र एवं राज्यों के बीच टकराव से लोकतंत्र खतरे में ?

भारतीय संविधान में संघात्मक प्रणाली की शासन व्यवस्था है। केंद्र एवं राज्यों के बीच संविधान में स्पष्ट रूप से अधिकारों एवं दायित्वों को परिभाषित किया गया है। संविधान में विधायकों प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों तथा दायित्वों की स्पष्ट व्याख्या है। पिछले 8 वर्षो में केंद्र एवं राज्यों के संबंधों, वित्तीय एवं कानून व्यवस्था को लेकर लगातार टकराव बढ़ रहा है। कई मामलों में केंद्र ने बिना राज्य सरकार की सहमति अथवा मांग के सुरक्षा व्यवस्था में दखल देना शुरू कर दिया है। इसी तरह केंद्र की जांच एजेंसी के द्वारा केंद्र के इशारे पर राज्यों में राजनीतिक मामलों में केन्द्रीय हस्तक्षेप के आरोप लग रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपालों की भूमिका को लेकर गैर भाजपा शासित राज्यों का टकराव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में कुछ माहों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यों की पुलिस के बीच भी सीधी टकराव देखने को मिल रहा है। पंजाब पुलिस का दिल्ली एवं हरियाणा पुलिस का सीधा टकराव 6 मई 2022 को देखने मिला। पंजाब पुलिस एक मामले में दोषी भाजपा नेता तजिन्दर बग्गा को गिरफ्तार कर पंजाब ले जा रही थी। उसी दौरान दिल्ली पुलिस में बग्गा के पिता की शिकायत पर पंजाब पुलिस पर अपहरण का मामला दर्ज कर दिया। हरियाणा पुलिस ने दिल्ली पुलिस की सूचना पर पंजाब पुलिस को रोककर आरोपी को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया। दिल्ली पुलिस ने तजिन्दर सिंह बग्गा को पंजाब पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा कर उसके पिता को सौंप दिया। पिछले वर्षो में चुनाव नजदीक आते ही गैर भाजपा नेताओं को ईडी, सीबीआई आयकर के छापों को लेकर भी केंद्र एवं राज्यों के बीच लगातार टकराव बढ़ रहा है। कई राज्यों ने राज्य सरकार की अनुमति के सीबीआई के छापों पर रोक लगा दी है। इसके बाद ईडी, और आयकर के छापे राज्यों में बढ़ गए हैं। विपक्ष का आरोप होता है, चुनाव में बदनाम करने, चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने एवं चुनाव के दौरान गैर भाजपाई नेताओं को हिरासत में लेकर चुनाव को प्रभावित किया जाता है। बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों में दलबदल कराकर सरकारों को अस्थिर करने का आरोप लगता है। महाराष्ट्र में इसी माह शिवसेना के विधायकों को ईडी के नोटिस, जांच एवं संपत्ति जप्त कर महाराष्ट्र की उद्धव सरकार को गिराने का आरोप भी केंद्र सरकार पर लग रहा है। पश्चिम बंगाल के चुनाव में केंद्र सुरक्षा बलों का अतिरिक्त बल और उसकी भूमिका को लेकर केंद्र एवं राजय के बीच बड़ा टकराव देखने को मिला था। हाल ही में छत्तीसगढ़ की पुलिस एंकर का कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट लेकर गाजियाबाद पहुंची थी। पुलिस ने देखकर आरोपी की गिरफ्तारी भी कर ली थी। किंतु कुछ ही समय बाद उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार टीवी एंकर को पुलिस की हिरासत से छुड़ाकर उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने कब्जे मैं ले लिया। मामले को तूल पकड़ता देख उत्तर प्रदेश पुलिस ने टीवी एंकर रोहित के खिलाफ एक मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी बता दी। इस कार्यवाही से उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली पुलिस के बीच का टकराव सारा देश में चर्चा का विषय बन गया है।

# दर्दनाक हादसा- हिमाचल की सड़कों पर मौत का तांडव कब थमेगा?




नरेन्द्र भारती

पिछले महिने दो हृदयविदारक हादसों में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।पहला हादसा राजधानी षिमला में हुआ जहां एक कार के लगभग 250 फुट गहरी खाई में गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई जिनमें दो एसएसबी के जवान व एक आईटीआई का छात्र था। दूसरे हादसे में चंबा में बारातियों से भरी जीप के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई थी और 18 बाराती घायल हो गए थी इस मालवाहक जीप में 26 बराती सवार थे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खोया और यह जीप 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई और आठ लोग बेमौत मारे गए मरने वालों में 18 से 30 साल तक के नौजवान थे जबकि एक 10 साल का लड़का था ।लोग इतने लापरवाह होते जा रहे है कि जानबूझकर हादसों को न्यौता दे रहे है यदि जीप में क्षमता से अधिक लोग सवार किये गए तो हादसा होना निषचित था।


अल सुबह घर से काम पर निकले लोगों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा कि चंद मिनटों में मौत के आगोष में समा जाएगें ।ताजा हादसा आज 4 जुलाई 2022 को कुल्लु के सैंज में हुआ यहां एक निजि बस के गहरी खाई में गिरने से स्कूली बंच्चो समेत 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई ।यह हादसा सुबह 8 बजे के करीब हुआ ।एक बार फिर लाषों के ढेर लगे, चारों तरफ खून बिखरा, लाषों को ढापनें के लिए कफन भी कम पड गए ।घरों के इकलौते चिराग बूझ गए। हादसे से हर तरफ चीखो -पुकार मच गई ।सैंज में हुए मौत के इस मंजर में हुई इन अकाल मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। इन हादसों से जनमानस खौफजदा है ।प्रदेष में एक दिन में 11 लोगों की मौतें बहुत ही दुखद है। प्रदेष में ऐसा कोई दिन नहीं होता जब किसी की सड़क हादसे में मौत न हुई हो हादसों का यह क्रम लगातार जारी है ।सबक न सीखना लागों की आदत बन गया है इतने हादसे हो रहे है मगर सुधार षून्य ही है ।इस पर मंथन करना होगा। है ।कुछ दिन पहले कुल्लु में ही यक स्कारपियों के गहरी खाई में गिरने से 11 लोगों की मौत हो गइ र्थी। हिमाचल में चंबा से लेकर किन्नौर तक सड़क हादसे होते जा रहे है ।प्रतिदिन मौत का तांडव हो रहा है ।दर्दनाक हादसों में परिवार के परिवार मौत के आगोष में समाते जा रहे है। ।हर रोज दर्जनों लोग मारे जा रहे है। हादसों के आंकड़ो पर नजर डाली जाए तो रौंगटे खडे हो जाते है। जनवरी 2022से लेकर 4 अगस्त 2022 तक सात महिनों में हजारों हादसे हो चुके है और हजारों लोग मारे जा चुके है और यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कई भीशण हादसे हो चुके है। है ।आंकडों के अनुसार 9 अप्रैल 2018 को एक भीशण हादसा कांगड़ा के नूरपुर के चेली में घटित हुआ था जहां एक निजि स्कूल की बस के खाई में गिरने से 26 बच्चो समेत 30की मौत हो गई थी ।अधिकतर बच्चे नर्सरी में पढ़ने वाले थे इस हादसे में मरने वालों में बस का चालक ,एक षिक्षक व एक युवती षामिल थे। एक तेज रफतार मोटर साईकल सवार को बचाने के चलते यह हादसा सामने आया ।हादसा इतना भंयकर था कि 24 बच्चो ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया था ।वहीं 7 मई 2016 को जोगिन्द्रनगर के पास हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस के गहरी खाई में गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। मई 2016 को दोपहर कांगड़ा के ढलियारा में पंजाब से आए श्रध्दालूओं से भरी एक बस के 100 फीट खाई में गिरने से सात लोगों की मौत हो गई थी और 33 के लगभग घायल हो गए थे। प्रदेष में घटित यह खौफनाक हादसे बहुत ही दुखद हैं। इस सड़क हादसों में 11 लोगों की दर्दनाक मौत से हर हिमाचली उद्वेलित है। 2017 में भी हादसे पर हादसे हुए थे लोग असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं मगर हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते ही जा रहे है लोग बीते हादसों को कैसे भूल जातें है । हिमाचल में हर रोज लापरवाही के कारण लोगों को मौत नसीब हो रही है अगर लोग जरा सी सावधनी बरते तो हादसों को रोका जा सकता है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है ।बीते हादसों पर नजर डाली जाए तो रौगटे खडे हो जाते है लगभग दो वर्श पहले एक भीशण हादसा मंडी के झिड़ी में हुआ था जब एक निजि बस चालक की लापरवाही के कारण 40 से अधिक लोगों की असमय मौत हो गई थी। व्यास नदी में गिरी इस बस में लगभग 70 सवारियां सवार थी। चालक कथित तौर पर मोबाईल फोन पर बात कर रहा था कि बस अनियंत्रित हो गई और नदी में समा गई। पल भर में ही यात्री लाषों में तब्दील हो गये। गनीमत रही कि राफटिंग दल ने जान जोखिम में डालकर 17 लोगों की जिदंगियां बचा ली नही तो मरने वालों का आंकडा 60 हो जाता यह हादसा नहीं सरासर हत्याएं थी कि चालक ने खुद छलांग लगाकर यात्रियों को असमय मौत के मुहं में धकेल दिया। 27नवंबर 2015 को राजधानी षिमला जिला की तहसील कुपवी में एक बोलैरो जीप गिरने से चार युवकों की ददंनाक मौत हो गई थी यह सब युवा अभी 25 और 30 वर्श की उम्र के थे ।किन्नौर के कल्पा मे भी एक जीप के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई यह दोनों हादसे एक ही दिन हुए जिसमें पांच धरों के चिराग बूझ गए थे। पिछले महिने दो हृदयविदारक हादसों में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।पहला हादसा राजधानी षिमला में हुआ जहां एक कार के लगभग 250 फुट गहरी खाई में गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई जिनमें दो एसएसबी के जवान व एक आईटीआई का छात्र था। दूसरे हादसे में चंबा में बारातियों से भरी जीप के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई थी और 18 बाराती घायल हो गए थी इस मालवाहक जीप में 26 बराती सवार थे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खोया और यह जीप 250 मीटर गहरी खाई में गिर गई और आठ लोग बेमौत मारे गए मरने वालों में 18 से 30 साल तक के नौजवान थे जबकि एक 10 साल का लड़का था ।लोग इतने लापरवाह होते जा रहे है कि जानबूझकर हादसों को न्यौता दे रहे है यदि जीप में क्षमता से अधिक लोग सवार किये गए तो हादसा होना निषचित था। बीते हादसों से न तो यात्रियों ने सबक सीखे और न ही प्रषासन ने कोई सबक सीखा ।अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ओवरलोडिगं के कारण होते है क्योकि इस 42 यात्रियों कि क्षमता वाली बस में 70 यात्री सफर कर रहे थे ।यह कोई पहला हादसा नहें है इससे पहले कांगडा के आषापुरी में तथा बिलासपुर के बंदला में भी ऐसे भीशण हादसे हो चुके हैं। 2017 में इतने बड़े-बड़े हादसे हुए मगर इसमें सुधार नहीं हुआ ।आखिर कब थमेगा यह मौत का मंजर इसका जबाव प्रषासन को देना होगा। प्रतिवर्श हजारों लोग हादसों का षिकार होते है तथा इतने ही घायल होते है ।अप्रैल माह में चंबा में भी 12 यवकों की मौत हो गई थी। हमीरपुर में भी मजदूर दिवस के दिन एक टाटा सूमों के खाई में गिरने से 10 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी ।2018 के प्रथम सप्ताह से ही सड़को पर मौत रेंग रही है और सड़के रक्तरंजित हो रही हैं। अमूमन देखा गया है कि निजि बसां के कारण ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रही है। क्योकि इन बसों में अप्रषिक्षित चालकों की लापरवाही के कारण भंयकर हादसे हो रहें हैं। मोबाइल पर प्रतिबन्ध है लेकिन इसकी खुजेआम धज्जियां उडाई जा रही है। प्रषासन भी हादसे के कुछ दिन सक्रियता दिखाता है फिर वही हालात हो जातें है। लोग भी किराये में कुछ रियायत के कारण सरकारी बसों में यात्रा न कर निजि बसों को अहमिहत देतें है और जिदंगियों से खिलवाड करवातें है। चंद चांदी के सिक्कों की खतिर बसों के परिचालक बसों में अपेक्षा से अधिक यात्रियों को बिठाते है और खुद मौत को निमंत्रण देते हैं। प्रतिदिन सडकों पर ओवरलोडिग बसें सरपट दौडती रहती है मगर प्रषासन आखें बंद करके सोया रहता है जब हादसा हो जाता है तब इसकी कुभंकरणी नींद टूटती है । प्रषासन के पहुचनें तक लोगों की सासें खत्म हो चुकी होती है। यदि प्रषासन समय-समय पर कारवाई करता रहे तों इन हादसों पर लगाम लग सकती है। मगर ऐसा नहीं होता ।समझ से परे है कि प्रषासन जितना पैसा राहत कार्यों में बांटता है यदि पहले ही सुरक्षा बरती जाए तो लोगों की अनमोल जिन्दगियां बच सकती हैं। एक व्यक्ति की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर भुगतना पड रहा है। ऐसे लोगों को सजा-ए -मौत देनी चाहिए जो जानबूझकर लोगों की मौत का कारण बनते हैं। यह हादसा इतने जख्म दे गया कि लोगों को उबरने में वर्शों लग जाएगें। इसमें घरों के चिराग बूझ गये कई बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया तो कई माताओं व बहनों के सुहाग छिन गये, माता -पिता के बुढापे के सहारे असमय काल के गाल मे समा गए। विषेशज्ञ रिपोटों में सामने आता है कि 80 फीसदी हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होतें है जबकि 20 फीसदी तकनीकी खराबी के कारण होतें है। हर हादसे के बाद मैजिस्ट्रेट जांच होती है मगर कुछ समय बाद यह भी ठंडे बस्ते में पड जाती है ।ऐसे हत्यारे चालकों को सरेआम सजा देनी चाहिए ताकि भविश्य में कीमती जाने बच सके। ऐसे हादसे क्यों नहीं रूक पा रहे है यह एक यक्ष प्रष्न बनता जा रहा है। पुलिस भी इन हादसों को रोकनें में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस पैटेलिगं करने वाले भी इन दुर्घटनाओं को राकेनें में अक्षम नजर आते है। यदि इस ओवरलोडिगं बस पर षिकंजा कसा होता तो षायद यह हादसा न होता, हर चौराहे पर पुलिस होती है क्या इस पर किसी की नजर नहीं पडी। ऐसे कई सवाल है जिनका जबाब लापरवाह व बहरे हो चुके प्रषासन को देना होगा। सरकार को इन हादसों पर रोक लगानें के लिए सुधारात्मक कदम उठाने होगें मात्र मुआवजा देकर कर्तब्य की इतिश्री नहीं करनी चाहिए। ऐसे चालकों पर हत्या का मामला दर्ज करना चाहिए ।परिवहन विभाग को भी ऐसे चालकों के लाईसैसं रद्द करने चाहिए तथा बसों के रूट परमिट भी बंद कर देने चाहिए। सरकार को चाहिए कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को भी निर्देष दिए जाएं कि बस अड्डे पर प्रत्येक बस की रूटिन चैकिगं की जाए तथा बीच में भी छापामारी की जाए ताकि दोशी चालको के विरूद्व मौके पर चालान काटा जाए। बसों में मोबाइ९ल फोन पर रोक लगाई जाए। अगर अब भी कोई कदम न उठाये तो लोग बेमौत मरते रहेगें ।ऐसे हादसों से जनमानस खौफजदा होता जा रहा है। यदि प्रषासन सक्रिय होगा तो ऐसे बेलगाम चालकों पर नकेल कसी जा सकती है तथा लोगों की जिन्दगियां बच सकती हैं।

# सोश्यल मीडिया पर अंकुश जरुरी



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सोश्यल मीडिया की प्रसिद्ध कंपनी, ट्विटर, ने यह कहकर अदालत की शरण ली है कि भारत सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है, क्योंकि वह चाहती है कि ट्विटर पर जानेवाले कई संदेशों को रोक दिया जाए या हटा दिया जाए। उसने गत वर्ष किसान आंदोलन के दौरान जब ऐसी मांग की थी, तब कई संदेशों को हटा लिया गया था। लेकिन ट्विटर ने कई नेताओं और पत्रकारों के बयानों को हटाने से मना कर दिया था। जून 2022 में सरकार ने फिर कुछ संदेशों को लेकर उसी तरह के आदेश जारी किए हैं लेकिन अभी यह ठीक-ठीक पता नहीं चला है कि वे आपत्तिजनक संदेश कौन-कौन से हैं? क्या वे न्यायाधीशों की मनमानी टिप्पणियां हैं या नेताओं के निरंकुश बयान हैं या साधारण लोगों के अनाप-शनाप अभिमत हैं? सरकारी आपत्तियों को ट्विटर कंपनी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया है। उसका कहना है कि ज्यादातर आपत्तियां विपक्षी नेताओं के बयानों पर है। केंद्रीय सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि सरकार ऐसे सब संदेशों को हटवाना चाहती है, जो समाज में बैर-भाव फैलाते हैं, लोगों में गलतफहमियां फैलाते हैं और उन्हें हिंसा के लिए भड़काते हैं।



पता नहीं कर्नाटक का उच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला देगा लेकिन सैद्धांतिक तौर पर वैष्णव की बात सही लगती है परंतु असली प्रश्न यह है कि सरकार अकेली कैसे तय करेगी कि कौनसा संदेश सही है और कौनसा गलत? अफसरों की एक समिति को यह अधिकार दिया गया है लेकिन ऐसे कितने अफसर हैं, जो मंत्रियों के निदेर्शों को स्वविवेक की तुला पर तोलने की हिम्मत रखते हैं? इस बात की पूरी संभावना है कि वे हर संदेश की निष्पक्ष जांच करेंगे लेकिन अंतिम फैसला करने का अधिकार उसी कमेटी को होना चाहिए, जिस पर पक्ष और विपक्ष, सबको भरोसा हो। इसमें शक नहीं है कि सामाजिक मीडिया जहां सारे विश्व के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है, वहीं उसके निरंकुश संदेशों ने बड़े-बड़े कोहराम भी मचाए हैं। आजकल भारत में चल रहा पैगंबर-विवाद और हत्याकांड उसी के वजह से हुए हैं। जरुरी यह है कि समस्त इंटरनेट संदेशों और टीवी चैनलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन कोई भी नहीं कर सके। सामाजिक मीडिया और टीवी चैनलों पर चलनेवाले अमर्यादित संदेशों की वजह से आज भारत जितना परेशान है, उससे कहीं ज्यादा यूरोप उद्वेलित है। इसीलिए यूरोपीय संघ की संसद ने कल ही दो ऐसे कानून पारित किए हैं, जिनके तहत गूगल, एमेजान, एप्पल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियां यदि अपने मंचों से मयार्दा भंग करें तो उनकी कुल सालाना आय की 10 प्रतिशत राशि तक का जुमार्ना उन पर ठोका जा सकता है। यूरोपीय संघ के कानून उन सब उल्लंघनों पर लागू होंगे, जो धर्म, रंग, जाति और राजनीति आदि को लेकर होते हैं। भारत सरकार को भी चाहिए कि वह इससे भी सख्त कानून बनाए लेकिन उसे लागू करने की व्यवस्था ठीक से करे।

## ऐसा भी क्या सेल्फियाना

» प्रभात गोस्वामी

प्रभात गोस्वामी का तीसरा व्यंग्य संग्रह ऐसा भी क्या सेल्फियाना पढ़ने का अवसर मिला। चुटीले चालीस व्यंग्य आलेखों के साथ समकालीन चर्चित सोलह व्यंग्यकारो की प्रतिक्रियायें भी किताब में समाहित हैं। ये टिप्पणियां स्वयमेव ही पुस्तक की और प्रभात जी के व्यंग्य कर्म की समीक्षायें हैं। प्रभात गोस्वामी कि जो सबसे बडी खासियत पाठक के पक्ष में मिलती है वह है उनका विषयों का चयन। वे पाठकों की रोजमर्रा की जिंदगी के आजू बाजू से मनोरंजक विषय निकाल कर दो तीन पृष्ठ के छोटे से लेख में गुदगुदाते हुये कटाक्ष करने में माहिर हैं। ऐसा भी क्या सेल्फियाना लेख के शीर्षक को ही किताब का शीर्षक बनाकर प्रकाशक ने साफ सुथरी त्रुटि रहित प्रिंटिग के साथ अच्छे गेटअप में किताब प्रकाशित की है। सेल्फी के अतिरेक को लेकर कई विचारशील लेखकों ने कहीं न कही कुछ न कुछ लिखा है। मैंने अपने एक व्यंग्य लेख में सेल्फी को आत्मनिर्भरता का प्रतीक बतलाया है। प्रभात जी ने सेल्फी की आभासी दुनियां और बाजार की मंहगाई, सेल्फी लेने की आकस्मिक आपदाओ,किसी हस्ती के साथ सेल्फी लेने का रोचक वर्णन, अपने क्रिकेट कमेंटरी के फन से जोड़ते हुये किया हैं। किन्तु जीवन यथार्थ के धरातल पर चलता है, सोशल मीडीया पर पोस्ट की जा रही आभासी सेल्फी से नहीं, व्यंग्य में इसका आभास तब होता है जब भोजन की जगह पत्नी व्हाट्सअप पर आभासी थाली फारवर्ड कर देती हैं। इस व्यंग्य में ही नहीं बल्कि प्रभात जी के लेखन में प्रायः बिटविन द लाइन्स अलिखित को पढ़ने, समझने के लिये पाठक को बहुत कुछ होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### पोखर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, भैंस चराने के दौरान हुई घटना



मदरलैण्ड संवाददाता, मोतीहारी । सुगौली नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक में बुधवार की शाम पोखर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जानकारी की मुताबिक सुगौली नगर पंचायत के वार्ड संख्या एक निवासी रघुवर महतो (60वर्ष) की मौत भैंस चराने के दौरान पोखर में डूबने से हो गई। स्थानीय थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल मोतिहारी भेजा गया है।

### मक्का व्यवसायी से लूट का प्रयास, *ग्रामीणों ने एक बदमाश को दबोचा



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। फारबिसगंज बुधवार को मक्का व्यवसायी से अपराधियों द्वारा रु० लूट का प्रयास करने मामला प्रकाश में आया हैं। घटना को लेकर पीड़ित मक्का व्यवसायी मो०राजा पिता अब्दुल जलील ने बताया कि वह मक्का का व्यवसाय करता हैं और बथनाहा पंचायत के फेना बेलाही वार्ड 10 का रहने वाला हैं आगे उसने बताया कि फारबिसगंज एसबीआई से डेढ़ लाख रु० निकाल कर वापस अपने घर बथनाहा जा रहा था। जैसे ही फारबिसगंज के कोठी हाट स्थित गोल चक्कर के पास पहुँचा तो गोल चक्कर के पीछे से आये मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियो ने रु० छिनने की कोशिश की।शोर करने पर कुछ लोगो ने एक अपराधी को खदेड़ कर पकड़ लिया और ग्रमीणों द्वारा जमकर पिटाई की किया गया। लेकिन दूसरा अपराधी भागने में कामयाब रहा। पीड़ित युवक ने बताया कि इस दौरान अपराधियो ने दो फायरिंग भी की लेकिन गोली किसी को नही लगी। पकड़े गये अपराधी एवं बाइक को फारबिसगंज पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस अग्रतर कार्रवाही की प्रक्रिया कर रही हैं। वही पकड़े गये अपराधी पहचान के बारे में थाना अध्यक्ष निर्मल यादवेन्दु ने बताया कि अपराधी का उपचार चल रहा हैं अभी कुछ बताने की स्थिति में नही है,लेकिन कद काठी, वेश भूसा से प्रतीत हो रहा हैं कि कटिहार जिला का हो सकता हैं।

### कोविड महाअभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। कोविड संक्रमण पर लगाम कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग सजग और सतर्क है.आगामी 7 जुलाई को कोविड महाभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोदावन्दपुर परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में बोलते हुए स्वास्थ्य प्रबंधक सुरेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के कुल 13 जगहों पर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा, इनमें बाड़ा पंचायत में बाड़ा एवं तेतराही, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में मटकोरा टोला एवं बरियारपुर पश्चिमी, दौलतपुर पंचायत में चलकी, फफौत पंचायत में मालपुर एवं फफौत, खोदावंदपुर पंचायत में खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं खोदावंदपुर, मेघौल पंचायत में मलमल्ला, सागी पंचायत में नारायणपुर, नुरुल्लाहपुर एवं बरियारपुर पूर्वी पंचायत के बरियारपुर पूर्वी गांव शामिल है.उन्होंने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए एएनएम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गयी है.

### चोरों ने मिड डे मील योजना का चावल समेत अन्य सामग्री किया गायब



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरियारपुर पूर्वी ठाकुरबाड़ी का ताला तोड़कर मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने मिड डे मिल योजना का 153 किलो चावल, खाना बनाने का बर्तन समेत अन्य आवश्यक सामग्री गायब कर दिया है. विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ललिता देवी ने इस घटना की सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मध्यान्ह भोजन प्रभारी एवं खोदावंदपुर पुलिस को दी है. उन्होंने बताया है कि बुधवार को विद्यालय खुलने पर चोरी की इस घटना का पता चला. इसकी पुष्टि वार्ड सदस्या ने भी की है.

### एक युवक से 10 लाख रुपये की मांगी रंगदारी, नहीं देने पर पुत्र को उठा लेने का दिया धमकी

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर पूर्वी गांव के एक युवक से मोबाइल पर दस लाख रुपये की रंगदारी की मांग की गयी है. राशि नहीं देने पर उसके पुत्र को उठा लेने की धमकी दी गयी है. बरियारपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड पांच निवासी स्वर्गीय उमा शंकर महतो के पुत्र अर्जुन कुमार वर्मा ने इस घटना की लिखित शिकायत खोदावन्दपुर पुलिस से की है.स्थानीय पुलिस को दिये आवेदन में बताया है कि किसी मोहम्मद इनायतुल्ला नामक युवक ने अपने मोबाइल नंबर 7667857686 से उसके मोबाइल नंबर 7667755204 पर बातचीत कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है. रुपए नहीं देने पर इस बदमाश ने दरभंगा में पढ़ रहे उसके पुत्र को उठा लेने की धमकी भी दिया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है.

## सांसद आदर्श ग्राम चटुआग मे आजादी का अमृत महोत्सव आईकॉनिक के उपलक्ष्य में हुआ समारोह का आयोजन




- अंधविश्वास और झाड़फूंक के चक्कर में न रहें बिमार पड़ने पर कराएं ईलाज : मुकेश भगत

» मदरलैण्ड संवाददाता

लातेहार। चंदवा। कामता पंचायत के सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के आदिम जनजाति बहुल टोले में आजादी का अमृत महोत्सव आईकॉनिक के उपलक्ष्य में स्वस्थ्य गांव और सामाजिक रुप से सुरक्षित गांव विषय पर समारोह का आयोजन किया गया, संचालन पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कर रहे थे, समारोह को संबोधित करते हुए पंचायत सचिव मुकेश भगत कहा कि ने कहा कि अंधविश्वास और झाड़फूंक के चक्कर में न रहें बिमार पड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर ईलाज कराएं, हम सभी चाहते हैं कि हमारे गांव स्वस्थ रहे, उन्होंने कहा कि हमें केवल इलाज ही नहीं बल्कि बीमारी की रोकथाम की भी जरूरत है, जो स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा अपने गांवों में बस्ती है और वास्तव में यह सच है, हमें गांवों में लोगों तक पहुंचने की जरूरत है इस लिए ऐसे कार्यक्रम को गांव स्तर पर हम कर रहे हैं ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके, उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में सुधार करके बिमारी को नियंत्रित किया जा सकता है, अगर हम उस समस्या की जड़ का पता लगाते हैं जो समस्याओं और बीमारियों को बढ़ा रही है, तो हम जमीनी स्तर पर अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित कर सकते हैं, मुखिया नरेश भगत ने कहा कि गांवों के विकास में स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि गांवों में स्वास्थ्य को अन्य विभागों के साथ सामंजस्य बनाते हुए प्राप्त किया जा सकता है, आपका खानपान, स्वच्छता की स्थिति, पर्यावरण सब कुछ एक व्यक्ति को स्वस्थ रखने और स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने में शामिल है, सोख्ता गड्ढ़े बनाकर साधारण तरीकों से मलेरिया का खात्मा किया जा सकता है, प्रधानाध्यापक ईबरार अहमद, उप मुखिया सुमन उरांव, वार्ड सदस्य जमरूल खान, सोनी देवी, सावन परहैया, सुषमा मिंज, गंदरु उरांव ने कहा कि गाँव के कमजोर, विकलांग, बूढ़े या बीमारियों से पीड़ित लोगों के बारे में अधिक चिंता रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत है, मौके पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, पंचायत सेवक मुकेश भगत, प्रधानाध्यापक ईबरार अहमद,उप मुखिया सुमन उरांव, वार्ड सदस्य जमरूल खान, सोनी देवी, सावन परहैया, सुषमा मिंज, गंदरु उरांव, सनीका मुंडा, बसंती परहिन, अंजू देवी, सनियारो टोपनो, मुनीता देवी, पूनम देवी, सीता देवी, मुनीका देवी, गंदुरा उरांव, रामबृछ गंझु, माईकल हंस, मेघन गंझु, नेमा परहैया, गबरेल मुंडा, कुलेश्वर उरांव, जगमोहन गंझु, चरका परहैया, बिनोद परहैया, राजकुमार परहैया, रंगवा परहैया, परदेशी परहैया, बिफैया परहैया, सुरेश परहैया, सुरेन्द्र परहैया, कुलेश्वर परहैया, दिलु गंझु, सीता देवी, शनिचरी देवी, मुकेश परहैया,गीता देवी, मेघनी देवी, मेघन गंझु, रतिया गंझु, लालधारी गंझु, चमनी देवी, जगवा गझु, सुरेश परहैया, सुरेन्द्र परहैया सहित बड़ी संख्या ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

## अस्पताल पहुंच भावुक हुए नीतीश कुमार कहा लालू यादव मेरे पुराने साथी



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। लालू यादव से मिलने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के पारस अस्पताल पहुंचे. लालू यादव कंधे में फ्रैक्चर की शिकायत के बाद पारस अस्पताल के आइसीयू में भर्ती हैं. बुधवार को उनसे मुलाकात करने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया से बात की. सीएम ने लालू यादव को अपना पुराना दोस्त बताया और उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की.

**लालू यादव की सेहत के बारे में बोले नीतीश कुमार**

बुधवार को लालू यादव से मिलने पारस अस्पताल पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने मीडिया से बात की. सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि राजद सुप्रीमो के सेहत में पहले से सुधार हुआ है. लेकिन उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा है, इसे उन्होंने अच्छा फैसला बताया. कहा कि वहां सारी जांच और अच्छे तरीके से हो जाएगी. बताया कि लालू यादव की सेहत बिगड़ी, इसकी जानकारी उन्हें समाचार पत्रों से मिली. जिसके बाद फोन के माध्यम से उन्होंने हाल जाना था.

**लालू यादव को बताया पुराने दिनों के साथी**

नीतीश कुमार ने कहा कि लालू यादव उनके पुराने दिनों के साथी हैं. और भगवान से ये प्रार्थना करते हैं कि वो जल्द स्वस्थ हो जाएं. सरकारी खर्चे पर इलाज के एक सवाल का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि यह उनका अधिकार है और बिल्कुल होगा. सीएम ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि वो जल्द स्वस्थ हो जाएंगे.

**आइसीयू में लालू यादव से मिले सीएम**

लालू यादव से मिलने सीएम नीतीश कुमार पहुंचे तो उस समय अस्पताल में राबड़ी देवी और तेजस्वी के साथ ही तेज प्रताप यादव भी मौजूद थे. तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री को लेकर आइसीयू गये. सीएम ने लालू यादव से उनका हाल जाना और अस्पताल प्रशासन को कुछ निर्देश भी दिये.

## छात्र-छात्राओं को बाढ़ व भूकंप से बचाव का एसडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। तरैया प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित किसान भवन के सभागार में बुधवार को मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़ व भूकंप जैसी आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया। पटना से आये एसडीआरएफ की टीम द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को बाढ़ व भूकंप जैसी आपदा से बचने तथा आपदा के समय किये जाने वाले बचाव कार्यो के विषय में बताया गया। आपातकालीन स्थिति में स्वयं बचने तथा दूसरे को बचाने के तरीके को समझाते हुए एसडीआरएफ टीम के पदाधिकारियों व कर्मियों ने बताया कि जब भी आपदा-विपदा आती है तो राहत व बचाव दल सूचना मिलने के बाद पहुंचती है। लेकिन



तत्काल राहत पहुंचाने के लिए आप लोगों को प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। ताकि कभी भी आपदा पड़े तो राहत व बचाव दल को सूचित करने के साथ-साथ आप स्वयं भी स्थिति पर नियंत्रण करने का प्रयास करे और स्वयं बचने के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी बचाने में कामयाबी हासिल करें। मौके पर उपस्थित एसडीआरएफ के पदाधिकारियों व कर्मियों ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सभी के इलाके में इधर लगातार बाढ़ आने की समस्या से लोग जूझते आ रहे है। इसके लिए आप सभी को बचाव राहत व कार्य के लिए आगे आना होगा। जैसे कोई व्यक्ति गहरे पानी में डूब रहा हो तो उसे कैसे बचाया जा सकता है। पानी में डूब रहे व्यक्ति को तुरंत मदद पहुंचाने तथा उसके पेट से पानी निकालने से लेकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, सुभाष कुमार, अर्जुन युवराज, अनिल राम, छात्र बीरबल कुमार, ऋषभ कुमार, सोनू कुमार, संजय यादव समेत अन्य शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## उचक्को ने बालूमाथ के झारखंड ढाबा से 14 चक्का ट्रक लेकर हुए रफूचक्कर

» मदरलैण्ड संवाददाता



लातेहार। बालूमाथ। खलारी मुख्य पथ पर बालूमाथ के झारखंड ढाबा के समीप खड़ा किऐ चौदह चक्का ट्रक को मध्य रात्रि उचक्को ने लेकर फरार हो गए।इस संबंध में गाड़ी मालिक विनोद राम पिता सुखदेव राम जो कि भगिया के रहनेवाले हैं।उन्होने बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। ट्रक मालिक ने बताया कि चौदह चक्का ट्रक का रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच02 ए 6868 को उसके ड्राइवर ने दूरभाष पर बताया कि मेरे बच्चे की तबीयत खराब है इसलिए मैं झारखंड ढाबा के समीप ट्रक को खड़ी कर अपना घर जा रहा हूं।उसके बाद ड्राइवर अपना घर चला गया,साथ हीं ड्राइवर ने कहा कि ट्रक के अंदर चाभी रखा हुआ है।जब दूसरे दिन मै ट्रक देखने गया तो देखा कि ट्रक वहां पर खड़ी नहीं है।जिसके बाद मैने बालूमाथ थाना प्रभारी से शिकायत दर्ज करते हुए गुहार लगाकर ट्रक खोजने मे मदद मांगी है।वहीं थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि शिकायत के बाद मामले की छानबीन की जा रही है।

## सड़क पक्की करण नहीं रहने से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। नरपतगंज। प्रखंड क्षेत्र के खैरा चंदा पंचायत के वार्ड संख्या 1 में पक्की कारण सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों ने बुधवार को जनप्रतिनिधियों के खिलाफ घंटों पर जमकर प्रदर्शन किया। जानकारी अनुसार प्रखंड क्षेत्र के खैरा चंदा पंचायत के वार्ड संख्या 1 में हजारों की आबादी वाला गांव में पक्की करण सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ घंटे बाद जमकर प्रदर्शन किया वह बता देगी लेकिन बार-बार विधायक और जनप्रतिनिधियों को शिकायत किए हैं लेकिन यह गांव में कोई भी जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते हैं जिससे हम लोगों का हाल बेहाल दिख रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द से जल्द हम लोग गांव में पक्की कारण सड़क नहीं बनवाया गया तो हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण में ओम प्रकाश यादव, गणेश यादव, दिनेश यादव, इंदिरा आनंद यादव, वीरेंद्र यादव (वार्ड पंच) सदानंद यादव, मीना देवी के अलावा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे।

## बिहार में पुलिस, एंबुलेंस और फायर के लिए आज से डायल करें 112

### मोबाइल नेटवर्क के बिना भी लगेगा कॉल

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। पुलिस, एंबुलेंस और फायर सहित तमाम इमरजेंसी सेवाओं के लिए बुधवार से एक ही इमरजेंसी नंबर 112 डायल करना होगा. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज दोपहर 11.35 बजे राजधानी के शास्त्री नगर स्थित इसके इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (इआरएसएस) कमांड एंड कंट्रोल रूम का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही उनके द्वारा करीब 400 इमरजेंसी रिस्पांस वाहनों को झंडी दिखा कर रवाना किया जायेगा. इनमें से 100 वाहन पटना जिले को जबकि 300 वाहन अन्य जिलों में दिये जायेंगे.

**100 या 101 पर किये जाने वाले कॉल भी 112 पर ट्रांसफर होगा**

बिहार पुलिस के एडीजी (मुख्यालय) जेएस गंगवार ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं के लिए अब सिर्फ 112 नंबर रहेगा. इस पर पुलिस, अग्निशमन व एंबुलेंस से जुड़ी सेवाएं मिलेंगी. फिलहाल डायल 100 या 101 पर किये जाने वाले कॉल भी इसी कमांड एंड कंट्रोल रूम को ट्रांसफर होंगे.

**100 नंबर के बाद भी 112 की क्यों पड़ी जरूरत**

आप सभी जानते हैं कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही देश में 100 नंबर मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने 112 नंबर पूरे देश में आपातकालीन नंबर शुरू किया है. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह ये है कि पूरी दुनिया स्पेशली अमेरिका, कनाडा और यूरोप के देशों में आपातकालीन सेवा के लिए 112 नंबर यूज में आता है. इसके चलते ज्यादातर मोबाइल हैंड सेट में 112 नंबर इमरजेंसी कॉल के लिए फीड होता है. इसी को ध्यान में रखते हुए ट्राई ने 2015 में 112 नंबर को इमरजेंसी कॉल के लिए अधिकृत किया था.

**पैनिक बटन से यूज कर सकते है इमरजेंसी नंबर**

सरकार के 2017 के गजट के अनुसार 1 अप्रैल 2017 के बाद बेंचे जाने वाले सभी स्मार्टफोन में पैनिक बटन की कार्यक्षमता दी जाने लगी है. अगर आप भी अपने मोबाइल में पैनिक बटन एक्टिव करना चाहते हैं, तो आप 3 बार पावर बटन दबाकर 5 या 9 नंबर का बटन दबाकर एक्टिव कर सकते हैं. ऐसे में अगर आप कभी भी 5 या 9 नंबर का बटन दबाकर कॉल करेंगे तो ये अपने आप इमरजेंसी नंबर 112 पर डायल होगा.

**नेटवर्क न होने के बाद भी लगेगा कॉल**

अगर आप देश के किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में हैं और वहां मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहा. फिर भी आप 112 पर कॉल करके इमरजेंसी सुविधा का लाभ पा सकते है. वहीं 112 पर कॉल करना बिलकुल फ्री है. साथ ही आप लैंडलाइन फोन से भी 112 पर कॉल कर सकते हैं.

**112 पर मिलेगी ये इमरजेंसी सुविधा**

अगर आप इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल करते हैं. तो आपको ऑन-स्पॉट फायर ब्रिगेड, मेडिकल और पुलिस की सहायत जल्द से जल्द मिलेगा. वहीं 112 पर आप जिस राज्य में हैं वहां की भाषा बोल सकते हैं या फिर आप हिंदी या अंग्रेजी में मदद मांग सकते हैं.

## एमडीएम में धांधली और विद्यालय में कुव्यवस्था के खिलाफ भड़के छात्र अभिभावक

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय।

एमडीएम संचालन में धांधली और विद्यालय में व्याप्त कुव्यवस्था के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने जमकर बवाल किया. यह नजारा था छौड़ाही प्रखंड क्षेत्र के परोड़ा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूमरी की. हंगामा और बवाल कर रहे छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व ग्रामीणों का कहना था कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी माधुरी द्वारा मध्यान भोजन में अनियमितता बरती जा रही है. इस बावत विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष रंजना कुमारी, सचिव सुनीता कुमारी, ग्रामीण नारायण कुमार, मोहम्मद सलाउद्दीन समेत दर्जनों लोगों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छौड़ाही को आवेदन देकर पुरे मामले की जाँच पड़ताल करवाकर प्रभारी हेडमास्टर पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की माँग की है. बीईओ को दिये गये आवेदन में सभी मिलकर बताया है कि बच्चों की शिकायत पर पाया गया कि प्रभारी हेडमास्टर 29 जून 2022 बुधवार एवं 2 जुलाई 2022 शनिवार को एमडीएम मीनू के अनुसार बच्चों को फल दिया जाना था, लेकिन मीनू का पालन नहीं करते हुये बच्चों को फल नहीं दिया गया. शिक्षा समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय अभिभावकों व ग्रामीणों का आरोप है कि विगत दिनों शनिवार को महज 100 ग्राम सरसों तेल में 342 बच्चों के लिये चोखा तैयार किया गया. इनलोगों का आरोप है कि जब शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा इस संबंध में पड़ताल किया गया तो



प्रधानाध्यापिका के द्वारा बोला गया कि आपको जहां जाना है जाईये. हम बच्चे को फल नहीं दे पायेंगें. जो दिन चला गया अब उस पर विचार करना संभव नहीं है. ग्रामीणों का आरोप था कि प्रभारी हेडमास्टर ने स्पष्ट कह दिया कि हम अपने मीनू के हिसाब से एमडीएम चालायेंगें. ग्रमीणों का कहना था कि 4 जुलाई 2022 सोमवार को भी 342 बच्चों में महज 5 किलोग्राम दाल, 5 किलोग्राम झींगा एवं 25 किलोग्राम चावल दिया गया, जिसमें इतनी संख्या में उपस्थित बच्चों कि एमडीएम बनाना काफी नहीं था. एमडीएम परोसे जाने के दौरान कक्षा छह एवं अष्टम के तकरीबन दो दर्जन से अधिक बच्चों को सब्जी दाल नहीं मिला तो बच्चे भोजन की मांग करने लगे. इस पर प्रधानाध्यापिका डरा धमका कर बच्चों को भगा दिया. उसके बाद गुस्साये बच्चे विद्यालय परिसर में ही जमा हो गया और अपनी भोजन की मांग करते हुये हंगामा करने लगे. बच्चों के हंगामा करने की सूचना पर अभिभावक भी विद्यालय आये और प्रधानाध्यापिका से बात किया, फिर भी प्रधानाध्यापिका किसी की बात मानने को तैयार नहीं थी. स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभारी हेडमास्टर बच्चों के हंगामा से नाराज होकर पंचम एवं षष्ठ वर्ग के छात्रों को ना सिर्फ फटकार लगायी, बल्कि पिटाई भी की. बताया जाता है कि बच्चों ने हेडमास्टर द्वारा पिटाई किये जाने की शिकायत एमडीएम प्रभारी अमर सिन्हा से की.

विदित हो कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीएम पोषण योजना ने माह अप्रैल में प्रभारी हेडमास्टर कुमारी माधुरी से सपष्टीकरण पुछा था, जिसमें यह जिक्र किया गया था कि 12 अप्रैल 2022 को विद्यालय में भौतिक रूप से 22 बोरा (11.00 क्वींटल) चावल खाद्यान्न उपलब्ध रहने के बावजूद एमडीएम बाधित रखा गया. साथ ही पीएम पोषण योजना से संबंधित अभिलेख उपस्थित नहीं किया गया. इसके अलावे पत्र में यह जिक्र किया गया है कि प्रखंड साधनसेवी पीएम पोषण योजना छौड़ाही द्वारा विद्यालय के अनुश्रवण में पाया गया कि आपके द्वारा एमडीएम मानक के अनुसार निर्धारित मात्रा में नहीं बनाया गया एवं छात्रों के बीच अंडा मौसमी फल का वितरण भी नहीं किया गया, जबकि विद्यालय में नामांकित 466 छात्रों के विरुद्ध 319 छात्रों की उपस्थिति बनायी गयी है. पत्र में यह कहा गया था कि इससे प्रतीत होता है कि आपके द्वारा छात्रों के बीच अंडा मौसमी फल दिये बगैर पंजी में वितरण दिखाकर सरकारी राशि का गबन किया जा रहा है. प्रभारी हेडमास्टर को 24 घंटे के अंदर सपष्टीकरण दिये जाने का निर्देश दिया गया था. इतना सबकुछ होने के बाद प्रभारी हेडमास्टर की मनमानी बदस्तूर जारी है. विद्यालय के प्रभारी मनमानी और हिटलरशाही रवैये से विद्यालय में पढ़ाई कम और माहौल बिगाड़ रही है. इस कारण शैक्षणिक कार्य भी बाधित हो रहा है. ग्रामीणों ने प्रभारी हेडमास्टर के विरुद्ध पनप रहे आक्रोश और असंतोष की भावना से विद्यालय में कभी भी तालाबंदी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है. स्थानीय ग्रामीण मोहम्मद बाबर, मोहम्मद हैदर अली, संजय कुमार, मोहम्मद सलाउद्दीन, छात्र अमित कुमार, आशीष कुमार, हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, अंशु कुमारी, निशा कुमारी समेत अनेक छात्रों ने विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर पर जिलाधिकारी बेगूसराय से सख्त कार्रवाई की माँग की है.

बोली प्रभारी हेडमास्टर-

विद्यालय में सभी कुछ ठीकठाक चल रहा है. नियमानुसार एमडीएम भी चलाया जा रहा है. किसी भी तरह की कोई कठिनाई छात्र-छात्राओं को नहीं हो रही है. जानबूझकर फँसाने की साजिश की जा रही है.

कुमारी माधुरी, प्रभारी प्रधानाध्यापिका, डुमरी छौड़ाही

कहते हैं अधिकारी-

उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरी की प्रभारी हेडमास्टर के विरुद्ध आवेदन मिला है. जो भी आरोप लगाये जा रहें हैं. उसकी जाँच पड़ताल की जायेगी.जाँच पड़ताल के बाद अगर आरोप के मुताबिक गड़बड़ी पायी गयी तो संबंधित विद्यालय के हेडमास्टर पर नियम संगत कार्रवाई की जायेगी. दानी राय, प्रभारी बीईओ, छौड़ाही

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार एसपी ने किया थानें का औचक निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार एसपी जीतेन्द्र कुमार बुधवार के दिन अचानक आजमनगर थाना पहुंचे ।थाने में कार्यरत थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा से लेकर अधिकारियों तक में हड़कंप मच गई एसपी कुमार थाने में लंबित कई मामलों की समीक्षा के बाद थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा को दिशा निर्देश देते हुए लंबित मामलों का निष्पादन अभिलंब करने के निर्देश दिए हैं ।चलते चलते पत्रकारों के पूछे सवाल के बाद मेघनाथ हत्या कांड मामले में एसपी कुमार ने बताया उक्त मामले में लाइनर के रूप में हत्या कांड को अंजाम देने वाले सुरेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम द्वारा लगातार छापामारी जारी है ।जल्द सभी आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा ।साथ हीं थाना अध्यक्ष राजीव कुमार के कार्य कुशलता से संतुष्ट दिखे।

### प्रखंड कार्यालय में नशे की हालत में हो हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। शराब के नशे में प्रखंड मुख्यालय में हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय में किसी काम से युवक आया था जो काफी नशे की हालत में था और शोरगुल कर रहा था ।प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली ने युवक को नशे की हालत देखते हुए स्थानीय थाना की उसकी सूचना दिया। थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक की पहचान बरारी थाना क्षेत्र के काढा गोलाघाट के वार्ड संख्या 10 के मनीष कुमार पासवान पिता स्वर्गीय रघु पासवान के रूप में हुई है। युवक की मेडिकल जांच कराई गई जिसमें शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत मद्य निषेध कानून के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है ।

### श्री सद्गुरु कबीर आश्रम मनसाही में संतमत सत्संग का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। श्री सद्गुरु कबीर आश्रम मनसाही में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके कबीर आश्रम मनसाही के संत रामकृष्ण दास ने संतमत सत्संग कार्यक्रम में बताया कि मनसाही में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया जाता हैं,इस सप्ताह भी सत्संग प्रेमियों के बीच सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें सत्संग प्रेमियों के बीच कहा गया कि मानव के कल्याण के लिए शिक्षा देना, ज्ञान देना, अच्छे रास्ते पर लाना क्योकि मानव जो हैं बिखरा पड़ा हुआ हैं, अच्छे कर्म पर आना नहीं चाहता हैं, यहां जो हम लोग आते हैं, गुरु महाराज के बताए मार्ग पर चलते चलते हुए हम लोग रास्ते पर आए हैं,पहले हम लोग अज्ञानी थे, यहां आने से हमलोगों मैं सुधार हो रहा हैं। अभी जो सत्संग में आते हैं और बाद में आएंगे, सभी सत्संग सुन कर सुधरेंगे। इस मौके पर दर्जन सत्संग प्रेमियों ने अपनी मधुर वाणी से सत्संग प्रेमियों का मन मोहा। इस अवसर पर सत्संग प्रेमियों में रामविलास साहेब, संत रामकृष्ण दास,राजकुमार दास, उमेश दास, वासुदेव दास, विशु दास, रामनाथ दास, उर्मिला दासीन, जिछो दासीन आदि मौजूद थे।

### नामांकन के अंतिम दिन कुल 22 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए किया नामांकन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। डंडखोरा प्रखंड मत्स्यजीवी साख सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी के चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष, मंत्री एवं सदस्य के रूप में 22 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 3 ,मंत्री पद के लिए 2 एवं सदस्य पद के लिए 17 उम्मीदवारों नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रखंड मुख्यालय में बनाये गये काउंटर पर सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किया गया। जबकि 7 एवं 8 जुलाई को नामांकन पत्रों की समीक्षा एवं स्कूटनी होगी ।मतदान के लिए प्रखंड मुख्यालय में ही 3 मतदान केंद्र बनाए गए हैं ।जहां सुबह 7 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक मतदान होगी। लिपिक रामानंद सिन्हा ,बड़ा बाबू पंकज कुमार मंडल शिक्षक अनिल कुमार साह ,संजय कुमार विश्वास सहित अन्य कर्मी एवं कार्यपालक सहायक मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक में सौहार्द पर चर्चा

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बरारी प्रखंड के बरारी एवं सेमापुर थाना क्षेत्रों में कुबार्नी का त्योहार बकरीद को लेकर बरारी थाना परिसर में बीडीओ पूरण साह,सीओ ललन कुमार मंडल,थानाध्यक्ष शदाबुल हक,बिजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बैठक आरंभ की गई, बीडीओ पूरण साह ने बैठक में आये जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी,मीडीया को संबोधित करते हुए बताया कि प्रखंड स्तरीय शांति समिति संचालित है उसका विस्तार करते हुए वैसे सामाजिक कर्मठ लोगों को जोड़ना है,समाज में समरसता ,सौहार्द बनाये रखने के लिए हम सभी को हर पल प्रयासरत रहना है, ताकि भाईचारगी बनी रहे, शांति समिति की बैठक में सुजापुर कालिकापुर में बीती रात्री मवेशी तस्करी का मामला गर्म छाया रहा, थानाध्यक्ष शदाबुल ने सभी को आश्वस्त किया कि सुरक्षा में कमी नही होगी,अपने अपने क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए रखें ,सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह वाली बातो पर कड़ाई से निप्टा जायेगा, सीओ एल. के. मंडल ने क्षेत्र में आपसी भाईचारा बनाये रखने के साथ कर्तव्य निर्वहन की बात कही, बैठक में पूर्व मुखिया नियमातुर रहमान,विधायक प्रतिनिधि राजीव चौधरी,जिप सदस्य गुणसागर पासवान,प्रियंका देवी,डुमर मुखिया मनीष ठाकुर,मुखिया कौशल किशोर यादव,राजकुमार यादव,अधिवक्ता सुबोद कुमार,मो० जौहेर आलम,अर्जुन सिंह,अमरेन्द्र सिंह संजू,सुजान सिंह,अमीत कुमार,फजलूर रहमान,सरदार मान सिंह,राजेश कुमार,मुखिया मो० मिकाईल,उमाकांत सिंह,मो० अबदुल्लाह,मनोरंजन पाल,जदयु अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, राकेश यादव,अरविंद कुमार,भाकपा सचिव राजेन्द्र यादव,मो० मसकुर,कांग्रेस अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह,बकरूदीन अंसारी,तैमूर अलि,मो० सुलतान,रविन्द्र चौधरी,पुअनि मो० दिलशाद खान,अजय कुमार,सुरेश सिंह,दिलफराज,शाहीद ,मुखिया जर्नादन साह,मतीन,मकबूल,मो० आलम,चन्द्रकला देवी,भाजपा नेत्री शांति जयसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी सहित गणमाण्य नागरिक शांति समिति की बैठक में मौजूद रहे।

## मतस्यजीवी सहयोग समिति मंत्री पद के लिए नीरज कुमार सिंह व सुशील कुमार चौधरी ने अपना नामांकन किया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बरारी प्रखंड अन्तर्गत मतस्यजीवी सहयोग समिति प्रबंधकारिणी में कुल 22 ने अपना नामांकन किया,प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पूरण साह ने बताया कि अध्यक्ष पद से दो,मंत्री पद से दो एवं सदस्य पद से 18 ,पहले दिन कुल 22 प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल किया,पूर्व मतस्य मंत्री सुशील कुमार चौधरी ने समर्थकों के साथ मंत्री पद से नामांकन किया,मंत्री पद से नीरज कुमार सिंह गुंजरा जो जिला परिषद सदस्या प्रियंका देवी पति बहादुर सिंह के पुत्र हैं मंत्र पद से अपना नामांकन किया,समर्थन में निर्मल सिंह, अनिल सहनी,बिनोद सहनी,शंकर महलदार,दुक्खा महलदार,पवन सिंह रहे,खुशहालपुर बारीनगर के सुशील कुमार चौधरी ने मंत्री पद से अपना पर्चा भरा,समर्थन में शेखर सिंह,अनिरूद्ध सिंह,छत्रीया चौधरी,दीपनारायण,राजू,सुरेश सिंह मौजूद रहे,अध्यक्ष पद से सुराजी लाल चौधरी,घनश्याम सिंह ने पर्चा भरा, ग्यारह सदस्य पद हेतु सात महिला एवं 11 पुरुष प्रत्याशी सहित 22 प्रत्याशी ने प्रथम दिन मंगलवार को पर्चा दाखिल किया,प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ पूरण साह ने बताया कि अध्यक्ष पद - एक, मंत्री पद - एक एवं सदस्य पद - 11 है मतदाता - 6,234 है, नामांकन कार्य में

बीसीओ कन्हैया चौधरी,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार,सुनील राम,अशरफ मुख्तार सहित कर्मी एवं अधिकारी लगे रहे,सारा दिन कड़ी धूप में भी भारी संख्या में लोगों की भीड़ प्रखंड में जमी रही।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर किया गया वृक्षारोपण



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कटिहार जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो के अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद ने बताया कि पूरे जिले के सभी मंडलों में इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी नियमित जिला में प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, जिला उपाध्यक्ष बबन कुमार झा, जिला मंत्री धर्म नाथ तिवारी, मीडिया प्रभारी अमित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अजय दास, संजय कुमार गुप्ता, राजेश दास, इफ्तेखार आलम, ललित चौधरी, बलराम साह, चंद्रशेखर जयसवाल, राम यादव, सकलदीप साह, मुन्ना कुमार, गौरव कश्यप समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय महासचिव ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का किया दौरा कहा तैयारी के नाम पर हुई खानापूर्ति

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर कटिहार दौरे के क्रम में बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इसी क्रम में राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर ने बाढ़ के लिए रेड जोन कहे जाने वाले अमदाबाद एवं मनिहारी प्रखंड का दौरा करते हुए बाढ़ को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं बाढ़ से पीड़ित परिवारों से भी मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ आने से पूर्व ही मैंने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर कहा था, कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में तैयारी दुरुस्त की जाए। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्रों में बाढ़ आया है,अब देखने को मिल रहा है कि तैयारी के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई हैं। उन्होंने कहा कि कई ऐसे परिवार है जिनका घर इस बाढ़ की भेंट चढ़ गया। उन्होंने कहा कि हम मांग करते हैं, कि इस बाढ़ में जिनका भी घर कटाव की भेंट चढ़ गया उनको आवास दिया जाए। साथ ही बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पीड़ित परिवारों के बीच सभी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ष दावा करती हैं, कि बाढ़ को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। लेकिन जब इसकी जमीनी हकीकत देखी जाती है तो जनता हर वर्ष बाढ़ से त्रस्त ही रहते हैं, और अपने आशियाने को छोड़कर सड़क पर रात बिताने को मजबूर नजर आते हैं। इस दौरान कांग्रेस के मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह एवं कांग्रेस के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुनील कुमार यादव,गोपाल प्रसाद यादव, मोहम्मद मुन्ना, निरंजन यादव, नित्यानंद मंडल,जनार्दन मंडल, संजय सिंह,सऊद आलम, मोहम्मद लाल, अवधेश कुमार मंडल, चांद खान सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नामांकन के दूसरे दिन 3 पदों के लिए कुल 27 उम्मीदवारों ने भरा परचा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मत्स्यजीवी सहयोग समिति के चुनाव हेतु नामांकन के दूसरे एवं आखिरी दिन बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में कुल 27 उम्मीदवारों ने अध्यक्ष,मंत्री एवं सदस्य पदों के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

अध्यक्ष पद हेतु कुल 5 उम्मीदवारों श्रवण कुमार सिंह,सौरभ कुमार,पंकज महलदार,घनश्याम सहनी एवं पंकज कुमार महलदार ने नामांकन का पर्चा भरा। वहीं मंत्री पद के लिए राजीव कुमार सिंह उर्फ लालू तथा अनिल कुमार महलदार ने उम्मीदवारी दी। सदस्य पद के लिए कुल 20 उम्मीदवारों ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस बीच सभागार में उम्मीदवारों के नामांकन हेतु तीन अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। बुधवार के सुबह से ही उम्मीदवारों के समर्थकों का हुजूम प्रखंड कार्यालय के बाहर उमर पड़ा था। नामांकन को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एआरओ के रूप में किंचित बजाज एवं बीसीओ उत्तम कुमार को नियुक्त किया गया था।

निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि नॉमिनेशन के उपरांत आगामी दिनांक 7 जुलाई 2022 को अध्यक्ष तथा मंत्री पद की समीक्षा की जाएगी तथा दिनांक 8 जुलाई 2022 को सदस्य पद की समीक्षा की जाएगी। इस कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मी नंदन,शशिभूषण मंडल,विक्रम कुमार, पवन कुमार चौरसिया,संजय कुमार, नितिन कुमार तथा कुमार गौरव थे।

## शांति और सौहार्द के साथ मनाएं ईद उल अजहा

### बकरीद को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज थाना क्षेत्र में बकरीद का पर्व प्रेम व भाईचारा के बीच मनाया जाय। इसको लेकर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष रामचंद्र मंडल ने की। बैठक में बकरीद शांतिपूर्वक संपन्न हो इसको लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में बीडीओ रितेश कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हसनगंज में सभी त्योहार पूरी शांति के साथ सभी समुदाय मनाते है। इसके लिए हसनगंज के लोग बधाई के पात्र है। कहा कि जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक पर शांति समिति का पुनर्गठन किया गया। इस क्रम में प्रखंड स्तरीय सम्मानित सदस्य को नामित किया गया। बकरीद पर्व के मौके पर शांति समिति का बैठक किया गया। शांति और सादगी के साथ प्रखंड क्षेत्र में पर्व संपन्न हो इसकी निर्णय लिया गया। विधि व्यवस्था के साथ ही पुलिस पब्लिक का सहयोग आवश्यक है। स्थानीय थाना क्षेत्र के लोग इसमें पूरा सहयोग करते आए है। बकरीद के अवसर पर भी सहयोग करें। आशा हे कि आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। इस बैठक को सफल बनाने में सीओ उदय प्रसाद, पूर्व मुखिया उस्मान गनी, पंचायत समिति सदस्य मो अजीमुद्दीन, पैक्स अध्यक्ष राधा उरांव अन्य जनप्रतिनिधि एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहें।

## बकरीद पर्व को लेकर में शांति समिति की बैठक आयोजित



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत रोशना ओपी प्रांगण में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता रोशना ओपी अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। बैठक में पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे ।युक्त बैठक में आए हुए जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी राय एवं मकतब को रखा। वही ओपी अध्यक्ष राजेश कुमार ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांति पूर्वक मनाया जाए। जिसको लेकर हम सबों को चौकसी बरतनी होगी तथा अफवाह से बचना होगा, अगर कोई भी अफवाह फैलाता है तो तुरंत मामले की तह तक जाकर मुझे जानकारी दें, खासकर बकरीद के दिन विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वही स्थानीय मुखिया तनवीर आलम ने ओपी अध्यक्ष को अस्वस्थ कराते हुए कहा कि बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होगा तथा हमारे क्षेत्र में हिंदू एवं मुस्लिम भाईचारे का एक मिसाल है। वही गौरीपुर पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार मंडल कहां की हम लोगों ने वर्षों से कई त्यौहार मनाते आ रहे हैं। लेकिन आज तक किसी भी तरह की घटना एवं विवाद नहीं हुई है। और हम लोगों ने एक भाईचारे के तरह मिसाल कायम रखते हैं। इस अवसर पर प्राणपुर सीओ नलिनी कांत सरपंच नवल कुमार मंडल, राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष चंदन यादव, सरपंच असगर अली, पुलिस अवर निरीक्षक रामकुमार सिंह, दर्जनों जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन अस्पताल का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन, स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सकों को फुल देकर किया सम्मानित

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। लाइफ लाइन एक्सप्रेस विश्वस्तरीय ट्रेन अस्पताल के कटिहार रेलवे स्टेशन पर शुभारंभ के मौके पर डिप्टी सीएम तार किशोर प्रसाद पहुंचे थे। इनके साथ राज्यसभा सांसद डॉ अहमद अशफाक करीम, विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, जिलाधिकारी उदयन मिश्रा और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे। लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन 1 जुलाई को कटिहार के बारसोई पहुंची थी। जो 12 जुलाई तक कटिहार में रहेगी। बारसोई में स्वास्थ्य सेवा देने के बाद बुधवार को लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन कटिहार रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस ट्रेन में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाता है साथ ही ट्रेन में ही ऑपरेशन की भी सुविधा है। डिप्टी सीएम अन्य नेताओं और पदाधिकारियों के साथ लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन का खुद से निरीक्षण किए। जहां उन्होंने आधुनिक मशीनों स्वास्थ्य जांच और ट्रेन में मौजूद चिकित्सक की सेवा देखकर काफी प्रसन्न हुए।

मौके पर डिप्टी सीएम ने बताया कि विश्व का पहला यह रेल अस्पताल है। जिसमें सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जाता है। साथ ही इस रेल अस्पताल में सभी तरह के आधुनिक मशीनें लगाई गई है। रेल अस्पताल में दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, पटना व मुंबई के बड़े-बड़े अस्पताल के सर्जन को बुलाया गया है। जो ट्रेन में रहकर सभी मरीजों का जांच करते है। इसके अलावा जिस मरीज का ऑपरेशन होना है। उसे ट्रेन में ही चिकित्सकों के द्वारा ऑपरेशन किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि रेल अस्पताल में मल्टी स्पेशलिटी टर्सरी केयर सुविधाएं दी जाती है। इसके अलावा कैंसर की भी जांच की जाती है। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के द्वारा इस लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन रेल अस्पताल की शुरूआत की है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह स्वयंसेवी संस्था काम कर रही है। वास्तव में यह बहुत बड़ा काम है। उन्होंने सभी चिकित्सक कर्मियों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई भी सेवा नहीं है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन में कार्यरत चिकित्सक कर्मियों को उनके सेवा भाव को देखते हुए पुरस्कृत भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेमरा-श्रीरामपुर गांव से बोलेरो चोरी

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा थाना क्षेत्र के भीतिहरवा पंचायत के सेमरा श्रीरामपुर गांव के वार्ड नंबर 13 से मंगलवार की रात्रि में एक बलेरो की चोरी कर ली गई है।इस घटना को लेकर गाड़ी मालिक बेचू शर्मा ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज मामले में गाड़ी मालिक का कहना है कि मेरा बोलेरो गाड़ी मेरे गैरेज में 11बजे रात्रि तक था।जब हम लोग सोने चले गए तो रात्रि करीब 2 बजे अज्ञात चोरों द्वारा मेरी गाड़ी चोरी कर ली गयी।मेरा गाड़ी नंबर बीआर 26 डी 2180 है काफी खोजबीन करने के बाद भी गाड़ी का सुराग नहीं मिला है।थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि बलेरो चोरी के मामले में अग्रतर कारवाई की जा रही है।

### चुलाई शराब बरामद

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा–मेघौली गांव में मंगलवार को देर शाम पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में मुरारी साह के घर से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि शराब कारोबारी घर छोड़कर फरार हो गया।इस मामले में शराब कारोबारी पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है।उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मुरारी साह के घर पर छापेमारी की गई थी।

### महिला को बहला-फुसला कर घर से भगाने के आरोप में 9 पर प्राथमिकी दर्ज

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला को शादी की नीयत से बहला–फुसला कर भगा लिए जाने का मामला थाने में दर्ज किया गया है।दर्ज मामले में महिला के पति रमेश साह का कहना है कि मेरे पड़ोसी द्वारा मेरे पत्नी को शादी की नीयत से बहला–फुसला कर भगा लिया गया है।मेरी पत्नी कुल 75 हजार नगद रुपये के साथ गहना व कपड़ा भी लेकर फरार हो गयी है। रमेश साह ने बताया कि 75 हजार रुपये में 45 हजार रुपया इंदिरा आवास तथा 30 हजार रुपया नगद घर का था।उन्होंने अपने पड़ोसी इद्रीश अब्बास, नसीम खां, रईस मियां, बेगम खातून, पत्नी रेशमी देवी सहित 9 को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। उनके रिश्तेदारों के कहना है कि पति की प्रताड़ना से ऊब कर घर से भागकर अपने बहन के घर रहकर मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती है।इस मामले में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा का कहना है कि महिला के पति रमेश साह आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### बस और बाइक टक्कर में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले के बेतिया सिकटा रोड में बलथर थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमका पकड़ी गांव के पास शिवगंगा बस एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।मृत युवक की पहचान सिकटा प्रखण्ड क्षेत्र के शिकारपुर निवासी अभिषेक कुमार सिंह पिता सुभाष सिंह के रूप में की गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है।उक्त जानकारी देते हुए बलथर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बस को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली का तार टूटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बिजली का तार टूट कर गिर जाने से जंगी साह 45 वर्ष संजू देवी 30 वर्ष एवं मुन्ना कुमार 7 वर्ष एक ही परिवार के तीन लोगों कि घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई योगापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली का तार टूट कर गिर जाने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई मरने वालों में पति पत्नी एवं पुत्र शामिल है मिली जानकारी के अनुसार योगापट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत दरवलिया पंचायत के ग्राम रमपुरवा वार्ड नंबर 14 में बिजली का तार टूट कर गिर जाने से जंगी साह 45 वर्ष संजू देवी 30 वर्ष एवं मुन्ना कुमार 7 वर्ष एक ही परिवार के तीन लोगों कि घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है गांव में इस घटना को लेकर मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### भितहा पुलिस ने छापामारी कर दो शराबयो तथा एक न्यालय से निर्गत वारंटी को गिरफ्तार किया गया



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया।भितहा में बुधवार के दिन अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने छापामारी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बंटी बबली देसी शराब के साथ तीन शराबियों को गिरफ्तार जेल भेजा गया।भितहा थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने बताया की चेकिंग के दौरान विनहीं चेकपोस्ट पर विनोद प्रसाद पिता सुभाष प्रसाद ग्राम नरहवा किरत्पत्ति थाना बिशुनपुरा जिला कुशीनगर , विशुनी राउत पिता बालकन्हाई राउत ग्राम चरगाहवा थाना भितहा जिला प. चम्पारण को शराब पिने तथा 200 ml बंटी बबली देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।इस सम्बन्ध में माध्यनिषेध कानून के अंतर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। वही साथ ही न्यायलय से निर्गत वारंटी साहेब हुसैन पिता अब्दुल मियां ग्राम रूपहीटांड थाना भितहा जिला प. चम्पारण को गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा दिया गया।

## कौशल विकास केंद्र पर किया गया स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा-प्रखंड कौशल विकास केंद्र गौनाहा पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद, लेखापाल अरविंद कुमार,के समक्ष स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ,कार्यक्रम का शुरूआत बुद्धेश्वर प्रसाद ने साफ सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष चर्चा कर के किया उन्होंने मुख्य रूप से अपने हाथों का साफ-सफाई घर का साफ-सफाई प्रकार के साफ सफाई पर विशेष प्रकार से चर्चा किया और छात्र छात्राओं अनुरोध करते हुए कहा कि स्वच्छता के महत्व को समझ गया और अपने लोगों को आसपास के लोगों को अपने पंचायत के लोगों को भी समझाइए।चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्री शशि कुमार जी ने भी मानसून में होने वाले तरह-तरह की बीमारियों के बारे में भी बताया साथ ही उनसे बचाव के बारे में भी विस्तृत जानकारियां दी, जिसमें बुखार, चमकी बुखार, पेट दर्द, सर दर्द, सर्दी खांसी इत्यादि रोगो के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए उन्होंने गौनाहा रेफरल अस्पताल की सारी सुविधाओं के बारे में भी बताया और साथ ही छात्राओं को यह भी बताया कि आज इस नए दौर में अस्पताल के समस्त एएनएम को भी वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी लोगों का इलाज और देखभाल कराने का जिम्मेदारी दे दिया गया है, अतः जिन्हें भी कभी भी, किसी प्रकार का कोई तकलीफ होता है, कोई बीमारी होता है तो वह अपने एनएम से संपर्क कर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अस्पताल के डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं।और पुनः श्री अमित जी के द्वारा साफ सफाई स्वास्थ्य के साथ-साथ शौचालय पर भी विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा गया कि शौचालय आज हम सबके लिए बहुत जरूरी है अतः जिनके घर अभी तक शौचालय नहीं बन पाया है वह जल्द से जल्द शौचालय बनवा लें साथ ही उन्होंने बताया कि शौचालय बनाने के लिए सरकार भी आपकी मदद कर रही है साथ ही स्वच्छता के अंतर्गत अन्य योजनाओं पर भी चर्चा करते हुए कार्यक्रम में प्रखंड कौशल विकास केंद्र की समस्त छात्र छात्राओं के साथ केंद्र समन्वयक श्री सुबोध कुमार चौबे, प्रशिक्षक मनोज कुमार कुशवाहा एवं विशाल कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे।

## थाना परिसर में हुई शांति समिति बैठक




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। सिकटा बलथर इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नही है।दुनिया का कोई भी मजहब नफरत नही प्यार ,आपसी भाईचारे, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देता है।हमे भी इसी संदेश का पालन करते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे के बीच एकता का परिचय देना है। उक्त बातें सिकटाअंचलाधिकारी मनीष कुमार, बीडीओ मीरा शर्मा सिकटा थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो, बलथर थानाध्यक्ष अरबिन्द कुमार ने संयुक्त रूप से दिया।सभी अधिकारी बकरीद पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।शांति समिति की इस बैठक में तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में शांति का परिचय देते हुए मनाने की बात कही गई। दोनों समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने अपने सुझावों को साझा किया।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बकरीद को आपसी तालमेल के बीच मनाया जाएगा। वहीं विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर अधिकारियों ने विचार विमर्श किया।इस अवसर पर शब्बीर अनवर उर्फ मुन्ना, पूर्व मुखिया पति बिनोद राम, सचिन कुमार, लक्ष्मण ठाकुर ,जहांगीर आलम,बलथर की बैठक में बिहार प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट के वरीय नेता जनाब अनीसुर रहमान,मदन पटेल, श्रीकांति देवी, रामअयोध्या प्रसाद, गौरीपुर बाजार के समाजसेवी ऐनुल्लाह ऊर्फ बहादुर, दीपु पांडेय, रत्नेश गिरी समेत कई अन्य मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी बकरीद को लेकर साठी थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक की गई बैठक कि अध्यक्षता थानाध्यक्ष उदय कुमार ने की बैठक में मुख्य रूप से प्रतिबंधित मासं पर हिदायत देते हुये कहा गया की अगर कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित मासं के साथ पकड़ा जायेगा तो उस पर सख्त कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया जायेगा वहीं थानाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि बकरीद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाएं।उन्होंने कहा की साठी में हर वर्ष जिस तरह से बकरीद का पर्व मनाते आ रहे है । उसी प्रकार शांति के साथ मनाकर मिसाल कायम करना है । कही यदि पर्व के दिन कोई

- प्रतिबंधित मांस पर प्रशासन की रहेगी सख्त नजर, पकड़े जाने पर होगा जेल

प्रकार से हुड़दंग कर कोई गलत पोस्ट या अपवाह फैलाने का काम करेगा उसे बक्सा नही जाएगा। उस पर कानूनी करवाई की जाएगी। बैठक में दरोगा कन्हैया पासवान रणविजय सिंह अब्दुल हाफिज जमादार भूपेश सिंह, अजय कुशवाहा, विधान पार्षद केदार पांडेय के लौरिया प्रखण्ड प्रतिनिधी सुनिल कुमार वर्मा ऊर्फ गांगा वर्मा ,एकरामुल हक ,मंतोष पटेल सरपंच एहसान आलम, परवेज आलम ,कृष्णा प्रसाद,सहित कई लोग शामिल थे।

## महाराजा स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगी बेहतरीन सुविधाएं

### जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने महाराजा स्टेडियम का किया निरीक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा महाराजा स्टेडियम का निरीक्षण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों से भी वार्ता की गयी और यह जानकारी ली गयी कि उन्हें यहां और क्या-क्या सुविधाएं चाहिए। खिलाड़ियों ने बताया गया कि बरसात के मौसम में स्टेडियम में पानी जमा हो जाता है, जिससे प्रैक्टिस करने में परेशानी होती है।

जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को निदेश दिया गया कि खिलाड़ियों के 12 फीट का रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाय जिसमें रबर सिंथेटिक का यूज हो।स्टेडियम में जलजमाव की स्थिति नहीं रहें इस हेतु समुचित ड्रेनेज सिस्टम सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्रेन लाइन का निर्माण अच्छे तरीके से करायें। इस हेतु सैटेलाइट व्यू लेकर नालों की कनेक्टिविटी की व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि वेस्ट पानी के सदुपयोग के लिए सोख्ता का भी निर्माण कराया जाय।



उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान में दर्शकों के बैठने के लिए जो सीट हैं, उनको तोड़कर अच्छे तरीके से बैठने की व्यवस्था की जाय। साथ ही सिटिंग रूफ भी तैयार किया जाय। सिटिंग रूफ में पीबीसी शीट्स का उपयोग किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि दो मेन इंट्रेंस गेट का निर्माण भी आवश्यक है।साथ ही इंट्रेंस गेट से बाईक स्टेडियम में नहीं आएं, इस हेतु भी व्यवस्था की जाय।स्टेडियम में बाईक पार्किंग से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि युवक-युवतियों के लिए अलग-अलग आधुनिक चेंजिंग रूम तथा शौचालय का निर्माण कराया जाय।साथ ही 02 हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट तथा ग्राउंड के चारों तरफ हैलोजन लाइट सहित डिजिटल स्कोर बोर्ड का अधिष्ठापन कराना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने कहा कि महाराजा स्टेडियम में प्राच एरिया सहित फ्रंट एलिवेशन और रियर एलिवेशन का निर्माण बेहतर तरीके से किया जाय। फ्रंट एलिवेशन और रियर एलिवेशन निर्माण में एसीपी को प्राथमिकता दी जाय।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के खिलाड़ियों को और क्या बेहतर फेसिलिटी दिया जा सकता है, इस बिन्दु पर भी कार्य योजना तैयार करें तथा तीव्र गति से कार्यान्वित कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, अनिल राय, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, लक्ष्मण प्रसाद, विशेष कार्य पदाधिकारी, बैद्यनाथ प्रसाद, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, रमेश पड़ित आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के मंत्री सह प्रवक्ता के निवास पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जयंती मनाया गया

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। भाजपा पूर्वी नगर मंडल बेतिया द्वारा जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम का आयोजन मंडल मंत्री सह प्रवक्ता कार्तिकेय कुमार मिश्रा के निवास स्थान भगवती नगर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मालार्पण एवं दीप जलाकर की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राधेश्याम पटेल ने किया,उन्होने पंडित जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह ने राष्ट्र वाद पर अपने विचार को रखा,उन्होने कहा कि मुखर्जी जी का कहना था कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान एवं दो विधान नहीं चलेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारों का अनुसरण कर रही है। मंत्री सह प्रवक्ता कार्तिकेय कुमार मिश्रा ने कहा कि पंडित जी का जीवन और संघर्ष प्रेरणादायक है।विपरीत परिस्थितियों में भी इंसान को अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन वरीय नेता कृष्ण मुरारी जी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री नीरज तिवारी जी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनमोहन मिश्र,भाजपा उपाध्यक्ष मेराज अली, उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा,मंत्री रणधीर वर्मा,बादल सिंह,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोबारक अली,अनुसुचित जाति मोर्चा उपाध्यक्ष रविरंजन कुमार,बुथ अध्यक्ष अजय कुमार सहित स्थानीय नागरिक एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## ठकराहा पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया।ठकराहा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के चेक पोस्ट व थाना गेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया जहां दोहपिया वाहनों की सघन जांच की गई। वाहन जांच के समय वाहनों की डिक्की और वाहन मालिकों के बैग की भी विशेष रूप से जांच किया गया। वही मौके पर उपस्थित एसआई अशोक कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से आने वाले सभी वाहन चालकों पर पुलिस की पैनी नजर है। कोई भी शराब तस्कर पुलिस की नजर से बच नहीं सकता है। सघन वाहन जांच के समय नियम का उल्लंघन करनेवालों से जुमार्ना वसूला गया। इसके साथ ही कहा गया वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियम का पालन करें ताकि सुरक्षित यात्रा हो सके। जांच के दौरान हेलमेट, डिक्की, रजिस्ट्रेशन नंबर, इंश्योरेंस पेपर आदि की जांच की गई। जांच के समय उपस्थित एसआई अशोक कुमार ने बताया कि वाहन चालको से 1500 का जुमार्ना वसूल किया गया। और कहा कि नियमित से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा जो जारी रहेगा। तमकुही छितौनी मुख्य मार्ग पर थाना के चेक पोस्ट पर लगभग दो-तीन घंटे वाहन की सघन चेक किया गया वाहन चेकिंग के समय दोपहिया और चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को रास्ता बदलकर जाते भी देखा गया।

## विकास के लिए मिशाल बन रही डबल इंजन सरकार सांसद विजय दुबे

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। सेवरही कुशीनगर बुधवार को विकास खण्ड़ विशुनपुरा अन्तर्गत ग्राम सभा विरइठ रामनगर में केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त योजना अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय का मरम्मत व सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण कर कार्यक्रम को सम्बोधित करते सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज भाजपा सरकार में विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे है।केन्द्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार जनमानस के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक बिना किसी भेद भाव के मिल रहा है।सांसद ने कहा कि भारत की आत्मा गांवो में बसती है इसीलिए गांवो को साधन संम्पन्न बनाना केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य है।आज यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी व मा०मुख्यमंत्री की सरकार में समाज के सभी वर्गों व अंतिम तबके तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।इसी कारण आज कुशीनगर जनपद में निन्तर विकास कार्यों के एक नए आयाम लिखे जा है।कोरोना काल में भी आज अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट, मेडिकल कालेज, ट्रामा सेंटर,



फ्लाईओवर सहित सभी क्षेत्रों में सड़को का जाल विछाया जा रहा है।जिससे आज कुशीनगर जनपद का नाम विकास के अग्रणी भूमिका में देखा जा रहा है।कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख विंध्यवासिनी श्रीवास्तव ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम की शुरूआत ग्राम प्रधान ने अतिथियों को माल्यापर्ण कर स्वागत कर किया गया इसके बाद इसके बाद मैतुल मस्तान व उनकी टीम के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम के द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शाकिर अली व अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष महेश रौनियार ने किया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लियाकत अली ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान प्रमुख रूप से सहायक खण्ड विकास अधिकारी विशुनपुरा भगवंत प्रसाद

- सांसद ने किया विरइठ रामनगर में केन्द्रीय वित्त/राज्यवित्त योजना अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय का मरम्मत व सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण

कुशवाहा,खण्ड शिक्षा अधिकारी विशुनपुरा देव मुनी वर्मा,मण्डल उपाध्यक्ष व ग्राम प्रधान लल्लन गुप्ता,प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सत्यप्रकाश गुप्ता, संजय राय, रामानुज मिश्रा, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय,मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा अनुज शुक्ला, अनिल राय, हृदेश कुमार, मण्डल उपाध्यक्ष बूथ अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, हरिशंकर सिंह, शशिकांत पाण्डेय उर्फ डगरु बाबा,ग्राम प्रधान बभनौली चतुरी चौहान,ग्राम प्रधान डुमरी राजीव मिश्रा, विजय तुलयस्यांन,नित्यानंद पांडेय, प्रदुम्मन तिवारी, नवनीत मिश्रा,पूर्व प्रधान रामप्रीत यादव,अनिल राय, धर्मेंद्र चौबे, जैकी शुक्ला, उमेश पांडेय, उमा सिंह, उमाशंकर मिश्रा, प्रधानचार्य राजमन यादव जनप्रतिनिधि गण,पार्टी पदाधिकारी गण,ग्राम प्रधान गण सहित कार्यकर्ता गण व स्थानीय जनता उपस्थित रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# भारत में बढ़ रहा है प्लांट-बेस्ड प्रोटीन का महत्व

चण्डीगढ़/लुधियाना, 06 जुलाई, 2022: भारत में इन दिनों लोग प्लांट-बेस्ड (वनस्पति-आधारित) डाइट अपना रहे हैं और पशु-आधारित उत्पादों के सेवन में कमी ला रहे हैं। स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कारणों से प्लांट-बेस्ड डाइट कोलोकप्रियता बढ़ रही है, क्योंकि इसमें पशुओं की भलाई है। हालांकि, प्लांट-बेस्ड डाइट लेने वाले लोग अक्सर प्रोटीन को लेकर चिंतित रहते हैं, क्योंकि कई प्रकारों के मीट और डेयरी उत्पादों में अच्छा-खासा प्रोटीन होता है।

प्लांट-बेस्ड डाइट्स के बढ़ते महत्व पर बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, ह्ययह एक मिथक है कि प्लांट-बेस्ड डाइट्स में पर्याप्त प्रोटीन नहीं होता है। मैंने सुना है कि 100 ग्राम बादाम में लगभग 21 ग्राम प्रोटीन होता है और बादाम 15 से ज्यादा पोषक-तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन और जिंक। मेरा मानना है कि संतुलित आहार लेना लंबे समय तक स्वस्थ रहने के लिये महत्वपूर्ण है। और मैं बादाम, चना और टोफू (सोयाबीन का पनीर) जैसे स्वास्थ्यकर प्लांट-बेस्ड प्रोटीन्स को हमेशा अपनी डाइट में शामिल करती हूँ, ताकि मेरा भोजन ज्यादा पौष्टिक और संपूर्ण बने ह्व

न्यूट्रिशन एंड वेलनेस कंसल्टेन्ट शीला कृष्णस्वामी ने कहा, ह्यप्रोटीन ऊतकों, मांसपेशियों, हार्मोन्स और एंजाइम्स बनाने के लिये जरूरी होता है और शरीर में कोशिकाओं और ऊतकों की मरम्मत में भी काम आता है। यदि आपने प्लांट-बेस्ड डाइट्स लेने का फैसला किया है, तो अपनी डाइट की सावधानीपूर्वक योजना बनाना महत्वपूर्ण है। अगर आप डेयरी उत्पादों से कैल्शियम लेते रहे हैं, तो अब आप रागी, सोयाबीन, हरी सब्जियों और बादाम से यह ले सकते हैं। बादाम जैसे सूखे मेवे और तूअर तथा मूंग जैसी दालें आपके शरीर में प्रोटीन की जरूरत पूरी कर सकती हैं, अगर आप प्लांट-बेस्ड डाइट्स पर चल रहे हों। ह्व

मैक्स हेल्थकेयर- दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने कहा, ह्यभारत के लोगों में प्रोटीन की कमी आम है और हमारे आहार में उसके महत्व पर जागरूकता की कमी चिंताजनक है। प्रोटीन जैसे पोषक-तत्व मानव शरीर के लिये जरूरी हैं। प्रोटीन बॉडी टिश्यू के बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं उदाहरण के लिये, एक मुट्ठी में लगभग 30 ग्राम बादाम आती हैं, जो 4 ग्राम फाइबर, 6 ग्राम प्लांट-बेस्ड प्रोटीन और स्वास्थ्यकर वसा देती हैं। इससे आप भोजन के बीच सक्रिय रहने के लिये ऊर्जा ले सकते हैं और आपका मसल मास भी बना रहेगा ह्व

जीवनशैली को लेकर सही फैसले करने की जरूरत पर अपनी बात रखते हुए इंटीग्रेटिव न्यूट्रिशनिस्ट और हेल्थ कोच नेहा रंगलानी ने कहा, ह्यमुझेलगता है कि इसमें ध्यान रखने योग्य सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यह है कि एक व्यक्ति के लिये प्लांट-बेस्ड डाइट्स को अपनाने के मजबूत कारण होने चाहिये- यह इसलिये नहीं होना चाहिये कि उसका चहेता सेलीब्रिटी वीगन है या चूंकि यह अभी प्रचलन में है। अध्ययन दिखाते हैं कि प्लांट-बेस्डडाइट्स लेने वाले लोगों को कुछ बीमारियों का जोखिम कम होता है, जैसे इस्चेमिक हार्ट डिसीज, टाइप 2 डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कुछ तरह के कैंसर और मोटापा। शोध ने दिखाया है कि प्रोटीन के स्रोत और आहारीय फाइबर की उच्च मात्रा वाले बादाम ब्लड शुगर का स्वस्थ लेवल रखने में मदद कर सकते हैं, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों में ब्लड शुगर का नियंत्रण सुधार सकते हैं और फास्टिंग इंसुलिन के लेवल को प्रभावित करने वाले कार्बोहाइड्रेट खाद्यों का ब्लड शुगर पर पड़ने वाला प्रभाव कम करने में मददगार हो सकते हैं। ह्व



जानी-मानी भारतीय टेलीविजन एवं फिल्म अभिनेत्री निशा गणेश ने कहा, ह्यमैं प्रोटीन से भरपूर डाइट लेती हूँ, जिसमें अंडे, बादाम, दूध और दाल होती है। बादाम जैसे सूखे मेवों को सेट पर ले जाना, खासकर यात्रा करते समय आसान होता है और वे स्वस्थ स्नैक खाने की चाहत होने पर काम आते हैं। मुट्ठीभर बादाम खाने से मैं भोजन के बीच तृप्त रहती हूँ और मेरी भूख मिट जाती है। प्लांट-बेस्ड प्रोटीन के विषय पर अपनी बात रखते हुए, कन्नड़ अभिनेत्री और सेलीब्रिटी प्रियंका उपेन्द्र ने कहा, ह्यमैं ऐसी इंसान हूँ, जिसका मानना है कि संयम महत्वपूर्ण है। फल, सब्जी, डेयरी, अनाज और प्रोटीन समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों वाला संतुलित आहार अच्छा स्वास्थ्य बनाये रखने के लिये महत्वपूर्ण है। मैं रोजाना एक मुट्ठी बादाम खाना भी सुनिश्चित करती हूँ।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल कंपनी वीवो पर 45000 करोड़ की मनीलांड्रिंग ?

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन की मोबाइल निमार्ता कंपनी वीवो पर मनी लांड्रिंग का शिकंजा कस गया है। ईडी को प्राप्त शिकायत के अनुसार लगभग 47000 की राशि कंपनी ने अवैध रूप से चीन को भेजी है। जिसमें बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी की गई है। ईडी ने देशभर में कंपनी के विभिन्न कार्यालयों में छापे डालकर दस्तावेज और नगदी जप्त की है। अप्रैल माह में बेंगलुरु ऑफिस से ईडी ने बड़े पैमाने पर नगद राशि जप्त की थी। दस्तावेजों की जांच करने के बाद अब बड़े पैमाने पर कार्यवाही की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनी लांड्रिंग का अभी तक का यह सबसे बड़ा मामला है।

### रुपये 79.30 प्रति डॉलर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 79.30 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंचा। रुपया अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में 79.29 के भाव पर खुला था पर बाद में उसमें उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 79.24 के ऊंचे स्तर और 79.37 के निचले स्तर पर भी पहुंच गया। वहीं कारोबार के अंत में रुपया 79.30 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ यह तीन पैसे की बढ़त को दिखाता है जबकि पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 79.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। बाजार जानकारों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट से रुपये को मजबूती मिली। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से भी रुपये को बल मिला है। डॉलर के मजबूत बने रहने और वैश्विक निवेश खतरे को लेकर धारणा कमजोर होने से भी निवेशकों को मजबूती मिली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा मंगलवार को 10 फीसदी तक गिर गया था हालांकि डॉलर के मजबूत बने रहने से रुपया अपनी सुधरी स्थिति को देर तक बरकरार नहीं रख पाया। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 फीसदी बढ़कर 106.72 अंक पर पहुंच गया।

### खाने के तेल की कीमतों में आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। खाने के तेलों की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए अब सरकार की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि सरकार के इस कवायद के बाद खाने का तेल सस्ता हो सकता है। इस संबंध में खाद्य सचिव ने बुधवार को खाद्य तेल कंपनियों और तेल आयातकों के साथ बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि सरकार इस बैठक में खाद्य तेल के कारोबार से जुड़ी कंपनियों को खाद्य तेलों की कीमतें घटाने के लिए कह सकती है। सरकार की ओर से इस बैठक में शामिल होने के लिए खाद्य तेलों के आयातक और उत्पादक दोनों की तरह की कंपनियों को कहा गया है। सूत्रों के अनुसार बुधवार को होने वाली बैठक में देश में खाद्य तेलों की कीमतों की समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाने के तेलों की कीमतों में अच्छी-खासी गिरावट देखने को मिली है। इसके बावजूद, देश में खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी बनी हुई है। इसी को देखते हुए सरकार की ओर से पहल कर खाद्य तेल के आयातकों और उत्पादकों को बातचीत करने के लिए बुलाया गया है।

### इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचने के मामले में ओकिनावा पहले नंबर पर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स की की बिक्री 9.89 फीसदी बढ़ गई है। देश की 8 टॉप इलेक्ट्रिक व्हीकल निमार्ता कंपनियों ने कुल 38,693 यूनिट्स सेल की। ये आंकड़े जून 2022 के है. वहीं, मई 2022 में कुल 35,212 यूनिट्स बिकी थीं। भारत में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर सेगमेंट धीरे धीरे आगे बढ़ रहा है और ग्राहक परंपरागत दोपहिया वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों का भी रुख कर रहे हैं। सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचने के मामले में ओकिनावा पहले नंबर पर रहा. कंपनी ने जून में 6,976 यूनिट्स सेल की। हालांकि मई के मुकाबले कंपनी की बिक्री में 21.51 फीसदी गिरावट देखने को मिली। दूसरे नंबर पर एमपी रही जिसकी 6,534 यूनिट्स बिकी। मई के मुकाबले कंपनी ने 1,005 यूनिट्स ज्यादा बिक्री की। मई 2022 में एंपियर की 5,529 यूनिट्स सेल हुई थी। हीरो इलेक्ट्रिक बिक्री के मामले में तीसरे नंबर पर रही। हीरो इलेक्ट्रिक ने जून 2022 में 6,486 यूनिट्स सेल की. मई में हीरो की सिर्फ 2,739 यूनिट्स ही सेल हुई थीं. ओला 5,689 यूनिट्स के साथ चौथे नंबर पर खिसक गई। जून में ओला की सिर्फ 5,698 यूनिट्स सेल हुई। ओला की सेल में 34.47 फीसदी की गिरावट देखी गई। पांचवें नंबर पर टीवीएस आईक्यूब (होलसेल) रही। कंपनी ने 4,667 यूनिट्स जून 2022 में सेल बेची। मई में कंपनी ने 2,637 यूनिट्स बेची थीं। जून में सेल 76.98 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई। छठे नंबर पर 3,797 यूनिट्स के साथ अथर एनर्जी रही। अथर की बिक्री में मई के मुकाबले 22.56 फीसदी सेल देखी गई। रिवॉल्ट ने 2,419 यूनिट्स सेल करके 7वें नंबर पर रही. रिवॉल्ट ने भी पॉजिटिव सेल दर्ज की और मई के मुकाबले 52 फीसदी ज्यादा यूनिट्स सेल की।

## भारत में लांच हुआ ब्लॉपंक्त बीई 100 नेकबैंड, 100 घंटे चलेगी बैटरी

मुंबई, एजेंसी। ब्लॉपंक्त ने भारत में ब्लॉपंक्त बीई 100 नेकबैंड लांच किया है। यह डिवाइस एक बार चार्ज करने पर लगभग 100 घंटे का टॉकटाइम देने का वादा करता है। इसके अलावा, इसमें नेकबैंड पर बैटरी डिस्प्ले के साथ-साथ सिंगल माइक पर बिल्ट-इन एनवायरनमेंटल नॉइज कैंसलेशन दिया गया है। नेकबैंड दो कलर ऑप्शन में आता है, इसे अमेजन के माध्यम से खरीदा जा सकता है। जर्मन कंपनी के इयरफोन में रियल टाइम मॉनिटरिंग के साथ एलसीडी बैटरी इंडिकेटर, कॉल वाइब्रेशन अलर्ट और इन-लाइन कंट्रोल जैसे अन्य फीचर मिलते हैं। कंपनी का दावा है कि ये केवल 10 मिनट की चार्जिंग पर 10 घंटे की बैटरी लाइफ प्रदान करता है। नेकबैंड इयरफोन में कई इन-लाइन कंट्रोल हैं, जिनमें कॉल का जवाब देने, समाप्त करने या रिसीव करने के साथ-साथ गाने स्विच करने का ऑप्शन भी शामिल है। ब्लॉपंक्त बीई 100 में एक वाइब्रेशन कॉल अलर्ट फीचर दिया गया है, जो फोन साइलेंट होने या ईयरबड्स प्लग इन नहीं होने पर भी काम करता है, ताकि आप कोई कॉल मिस न करें, बीई 100 एक इन-ईयर डिजाइन को सपोर्ट करता है और एक बेहतर ऑडियो एक्सपीरियंस के लिए 10 एमएम ड्राइवर, हाई-डेफिनिशन साउंड और नॉइज आइसोलेशन तकनीक के साथ आता है। नेकबैंड टाबोवोल्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 600एमएएच की बैटरी द्वारा संचालित होता है, जो सिर्फ 10 मिनट के चार्ज के साथ 10 घंटे के प्लेबैक का वादा करता है।

## क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी एवं हाईजीन समाधानों पर एशिया का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड एक्स्पो नॉर्थ इंडिया में

चण्डीगढ़: क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी पर एशिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्स्पोज़िशन - क्लीन इंडिया टेक्नॉलॉजी वीक का आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड में 13 जुलाई से 15 जुलाई 2022 के बीच होगा। इसमें क्लीन इंडिया शो का 18 वां संस्करण, वेस्ट टेक्नॉलॉजी इंडिया एक्स्पो, लॉन्ड्रिक्स इंडिया एक्स्पो और ऑटो केयर एक्स्पो शामिल हैं, जिनके पाँच कॉन्फ्रेंस और सेमिनार आयोजित होंगे। पश्चिमी, केंद्रीय और दक्षिण भारत में पिछले 17 सालों से सफल शो के बाद, सीटीडब्लू इंडिया उत्तर भारत में एक दशक के बाद और उत्तर प्रदेश में पहली बार आ रहा है।

सरकार, उद्योगों, संस्थाओं, कमर्शियल एवं रिटेल सुविधाओं तथा सेगमेंट्स की क्लीनिंग एवं हाईजीन की जरूरतों को देखते हुए, एक्स्पो में भारतीय प्रोफेशनल क्लीनिंग सेगमेंट मैकेनाइज्ड और ऑटोमेटेड क्लीनिंग के लिए इनोवेशन, टेक्नॉलॉजी, सिस्टम एवं उत्पाद लेकर आ रहा है।

इन समाधानों में सतहों का रखरखाव, हवा की गुणवत्ता मापने की प्रणाली, रखरखाव के लिए समझदार मशीनें, स्वच्छ वातावरण एवं स्मार्ट शहरों के लिए प्रभावशाली एवं किफायती उत्पाद, रोबोट द्वारा कचरे का पृथक्करण, हाईजीन के कपड़ों के लिए प्रभावशाली समाधान, वाहन की देखभाल के लिए उत्पाद एवं सस्टेनेबिलिटी एवं नेट ज़ीरो का उद्देश्य पूरा करने के लिए जरूरी हर चीज शामिल है।

वर्चुअल इन्फो सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इन एक्स्पो को स्वच्छ भारत 2.0, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन, नेशनल सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बायोगैस एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग है।

क्लीन इंडिया शो साल 2005 से अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं, जिन्होंने भारत में अपनी सब्सिडियरीज और सप्लायर नेटवर्क स्थापित कर लिया है। ये एक्स्पो 350 से ज्यादा ब्रांड्स का प्रदर्शन करती हैं, जो क्लीनिंग एवं हाईजीन, कचरे के पृथक्करण से लेकर रिसाइक्लिंग एवं लॉन्ड्री और ड्राई-क्लीनिंग तक के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करते हैं।

ये एक्स्पो स्टार्ट-अप सप्लायर्स, फ्रैंचाईजी और सर्विस प्रदाताओं को खुद को स्थापित करने के शानदार अवसर प्रदान करती हैं। इन तीन दिवसीय एक्स्पो में करोड़ों के सौदे किए गए हैं।

अग्रणी हॉस्पिटलिटी समूहों के कॉर्पोरेट हाउसकीपर्स एवं एग्ज़िक्यूटिव हाउसकीपर्स 13 जुलाई को स्वच्छ स्टे और हॉस्पिटलिटी के क्षेत्र में कुशल कार्यबल की कमी के कारण उत्पन्न व्यवसायिक कमी को पूरा करने के बारे में बात करेंगे।

14 जुलाई को हॉस्पिटल हाईजीन एवं हाउसकीपिंग के दौरान सरकारी इकाईयों के उच्चाधिकारी, हैल्थकेयर सेक्टर में अस्पतालों के अध्यक्ष उन समाधानों, प्रौद्योगिकी और विधियों का क्रियान्वयन करने की ओर केंद्रित होंगे, जो परिसर में हाईजीन बनाकर रखना आसान बनाएं।


## मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने 'इनोवेशन फॉर इंडिया अवार्ड्स' के 9 वें संस्करण की घोषणा की

चंडीगढ़ : गेम चेंजिंग इनोवेशन को पहचानने में अग्रणी मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) ने आज अपने प्रमुख पुरस्कार मंच - इनोवेशन फॉर इंडिया अवार्ड्स 2023 - के 9वें संस्करण की घोषणा की। मुंबई में फरवरी 2023 में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह के साथ, मंच अब आवेदन प्राप्त करने के लिए खुला है। आगामी बड़े नवाचारों का पता लगाने और पहचानने के लिए अपनी रुचि के लिए जाना जाता है, यह मंच राष्ट्रव्यापी नवोन्मेषकों को सबसे व्यापक रूप से मान्यता-प्राप्त नवाचार पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के अवसर में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है इस वर्ष के संस्करण में, मंच दो व्यापक श्रेणियों में नवाचारों को पहचानेगाः- व्यापारः स्टार्ट-अप और कॉर्पोरेट नवोन्मेषकों सहित भारत-आधारित ह्यलाभ के लिएह्व संगठन। सामाजिकः भारत-आधारित ह्यगैर-लाभकारीह्व व्यक्ति या संगठन जिसमें सरकारी संस्थाएं, परोपकारी निकाय, धर्मार्थ ट्रस्ट, बहुपक्षीय एजेंसियां, सामुदायिक फाउंडेशंस, गैर-सरकारी संगठन और सीएसआर / कॉर्पोरेट फंड्स शामिल हैं इस वर्ष के संस्करण में विजेताओं के प्रतिष्ठित समूह के बीच एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी नवप्रवर्तनकों के लिए आवेदन विंडो हमारी वेबसाइट के माध्यम से 4 जुलाई से 31 जुलाई, 2022 तक खुली रहेगी इस अवसर पर बोलते हुए, मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक श्री हर्ष मारीवाला कहते हैं, नवोन्मेषकों और उद्यमियों की अगली पंक्ति को जल्दी से बदलते व्यावसायिक परिदृश्य के हृश्य पर छा जाने और अपने नवाचारों के साथ जीतने का अधिकार बनाने के लिए प्रोत्साहित करना एक व्यक्तिगत जुनून है और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन में हमारे सभी प्रयासों के लिए वही अंतर्निहित आकांक्षा रही है।

## मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी ने टियर 2 और 3 शहरों में अपनी उपस्थिति प्रबल बनाई

चंडीगढ़ : मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी शिक्षार्थियों को पहले दिन पहले घंटे की उत्पादकता के लिए सही तकनीकी प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाते हुए, राष्ट्रीय स्तर पर स्नातकों के फ्रेशर्स की भर्ती और प्रशिक्षण को प्रबल बनाता है यह भारत की प्रौद्योगिकी कौशल प्रतिभा पाइपलाइन के विकास को गतिशक्ति देगा मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी, भारत का प्रमुख प्लेसमेंट और नौकरी केंद्रित प्रशिक्षण उद्यम। एमजीएसए के कौशल बढ़ाने के कार्यक्रम शैक्षणिक समुदाय और उद्योग कौशल के बीच अंतर पर ध्यान देते हैं और डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड टेक्नोलॉजीज, सी आर एम, फुल स्टैक डेवलपमेंट, जावा, और संबद्ध क्षेत्रों में उद्योग-प्रासंगिक नौकरियों की पेशकश करते हैं जहां शैक्षणिक समुदाय स्नातकों को समग्र स्तर पर प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों के ज्ञान और समझ के साथ प्रशिक्षित करते हैं, वहीं उद्योग अपने आंतरिक तकनीकी प्रतिभा पूल को मजबूत करने के लिए डोमेन के अंतर्गत विशेषज्ञों को नियुक्त करना चाहता है। मणिपाल ग्लोबल प्रोग्राम जॉब ट्रेनिंग, अनुभवी फैकल्टी क्लासेस, लाइव रोल-प्ले लर्निंग, कैपस्टोन प्रोजेक्ट्स और कोर जॉब विशेषज्ञता से पहले फ्रेशर्स और शुरूआती पेशेवरों को इस स्थान को पाटने के लिए, पूर्ण प्लेसमेंट आश्वासन प्रदान करते हैं। सह-निर्मित कार्यक्रमों के मॉड्यूल वास्तविक जीवन कौशल एप्लीकेशन पर व्यवसायों को प्रशिक्षित करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे पहले दिन पहले घंटे उत्पादक है विस्तार पर बोलते हुए, रॉबिन भौमिक, मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कहते हैं,मौजूदा कौशल अंतर बढ़ रहा है, और मणिपाल ग्लोबल स्किल्स एकेडमी को इस भर्ती और प्रशिक्षण आवश्यकता को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया था। हमारे कार्यक्रम शैक्षणिक समुदाय और उद्योग के बीच सह-निर्मित और अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए हैं जो एक पूर्ण रीयल-टाइम जॉब लर्निंग सुनिश्चित करते हैं जो पहले दिन पहले घंटे की उत्पादक तकनीक सुनिश्चित करता है। हमारे प्रमाणन शिक्षार्थियों को उनके पेशेवर कौशल के स्तर का निर्माण करने में मदद करते हैं और उन्हें प्रौद्योगिकी भर्ती बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम अवसर प्रदान करते हैं। समग्र महिला तकनीकी प्रशिक्षण बैचों पर हमारा नया फोकस एक मजबूत और विविध प्रतिभा पूल सुनिश्चित करेगा।

## आज की महिलाओं के लिए रिलायंस ज्वेल्स ने लॉन्च किया बेला कलेक्शन





पानीपत : भारत के लीडिंग ज्वैलरी ब्रांडरिलायंसज्वेल्सनेनयाएक्सक्लूसिव बेला कलेक्शन लॉन्च किया है। इस स्पेशल कलेक्शन का उद्देश्य कलर की चमक के साथ मिलेनियल और आज की जेन जेड महिलाओं के लिए हर दिन को खास बनाना है। इस खूबसूरत रोज गोल्ड और सेमी-प्रीसियस कलर स्टोन ज्वैलरी कोमिनिमलिस्टिक और मॉडर्न डिजाइन के साथ लॉन्च करके रिलायंस ज्वेल्स मॉडर्न वीमेन के ड्रेसेस को सेलीब्रेट करता है। बेला एक एटिट्यूड है ! एक स्टेटमेंट है ! जो स्टाइल को औरों से अलग बनाएगा। यह स्पेशल कलेक्शन डैश ऑफ कलर को एड करने और हर दिन को खास बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। बेला के पीसेज मिनिमलिस्टिक हैं और आज के दौर का स्टाइल इसे वर्क या यहां तक कि कैजुअल डिनर्स के लिए आइडियल बनाता है। ये लारीट स्टाइल नेकवियर और स्लीक, हल्के झुमके डेली वेसिस पर हेवी डिजाइंस की ज्वेलरी के शानदार विकल्प बन गए हैं। आंखों को सुहाने वाली डिटेल और बारीक मोहक डिजाइंस की जटिल कंपोजिशन के साथ यह खूबसूरत कलेक्शन आपके रोजमर्रा के पलों के लिए आइडियल है, जिसमें डिनर प्लान से लेकर दोस्तों के साथ खरीदारी, फैमिली के साथ मिनी-वेकेशंस से संडे ब्रंच, घर पर छोटे सेलीब्रेशंस से वीकेंड पार्टियों या डिनर्स डेट्स शामिल हैं।

## झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो में शामिल टाटा मोटर्स के स्टॉक पर एक्सपर्ट बुलिश

मुंबई, एजेंसी। शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो में शामिल टाटा मोटर्स के स्टॉक पर एक्सपर्ट बुलिश हैं। टाटा मोटर्स ने जून 2022 में पैसेंजर वाहनों की रिकॉर्ड मासिक बिक्री की है। जून में टाटा मोटर्स ने 45,197 वाहनों की बिक्री है। मार्च के मुकाबले टाटा मोटर्स के शेयर अब 1.50 फीसदी डिस्काउंट पर हैं। वहीं इस अवधि में निफ्टी ऑटो इंडेक्स 16 फीसदी चढ़ा है। बाजार जानकारों को उम्मीद है कि टाटा मोटर्स की आय वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में शानदार होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, सेबी रजिस्टर्ड जानकार का कहना है, कि निफ्टी ऑटो में मार्च से अब तक 16 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है, जबकि टाटा मोटर्स के शेयर इस दौरान 1.5 प्रतिशत नीचे आ गए हैं। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। जानकार का कहना है कि सेमीकंडक्टर की सप्लाई बेहतर होने से टाटा मोटर्स के शेयर में तेजी देखने को मिल सकती है। टाटा मोटर्स के शेयर बुधवार को 0.87 फीसदी की तेजी के साथ दिन में तीन बजे 415.60 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहा था पिछले पांच कारोबारी सत्रों में इस शेयर में 1.89 फीसदी की तेजी आ चुकी है। वहीं एक महीने में यह शेयर 4.65 फीसदी गिर चुका है। पिछले छह महीनों में इस शेयर में करीब 15 फीसदी गिर चुका है। एक साल में यह शेयर अपने निवेशकों को 31 फीसदी रिटर्न दे चुका है।

एक अन्य जानकार का कहना है, कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मामले में टाटा मोटर्स को दूसरी कंपनियों के मुकाबले बढ़त हासिल है। कंपनी के मैनेजमेंट में बदलाव के बाद से ही कंपनी का पूरा ध्यान मेकओवर हो गया है। यही नहीं कंपनी अब मार्केट हिस्सेदारी में भी बढ़ोतरी करती नजर आ रही है। ग्राहकों की सुरक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का फायदा भी कंपनी को हो रहा है। बता दें कि मार्च 2022 में समाप्त हुई तिमाही के अनुसार झुनझुनवाला के पास 3,92,50,00 शेयर या 1.18 प्रतिशत कंपनी की हिस्सेदारी थी।

## सीटीयू को 40 आयशर स्काईलाइन प्रो ई 3012 एच इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति करेगी वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड

चंडीगढ़: वॉल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड एक हरित और संस्टेनबल राज्य के निर्माण के राज्य के विजन को स्पोर्ट करते हुए चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) को आयशर स्काईलाइन प्रो ई 3012एच इलेक्ट्रिक बसों की 40 इकाइयों की आपूर्ति करेगा।वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड इन इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाकर जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर भी मुहैया कराएगी। इस एसोसिएशन के हिस्से के तहत , वीईसीवी 10 वर्षों की अवधि के लिए सकल लागत अनुबंध मॉडल के तहत बसों का प्रबंधन और संचालन करेगा।चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) के डायरेक्टर ट्रांसपोर्ट, एचसीएस, श्री प्रद्युम्न सिंह ने कहा, ह्यसीटीयू चंडीगढ़ में परिवहन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। आयशर इलेक्ट्रिक बसों की नई खेप चंडीगढ़ के यात्रियों को कुशल, आरामदायक और किफायती यात्रा प्रदान करेगी ह्ववीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, विनोद अग्रवाल ने इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए कहा, चंडीगढ़ में मोबिलिटी के भविष्य को बदलने के लिए, वीईसीवी को सीटीयू के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। भारत के सबसे बड़े बस निर्माताओं में से एक के रूप में, वीईसीवी ने सस्टेनेबल, ग्रीन और क्लीन मोबिलिटी के सरकार के विजन में भागीदारी की है और पर्यावरण के अनुकूल मेडइन इंडिया ईवी के लिए ट्रांजिशन को तेज करने के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों की सराहना करता है इस नई पेशकश पर टिप्पणी करते हुए, वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के बस डिवीजन के प्रेसीडेंट, आकाश पासी ने कहा, हम चंडीगढ़ शहर की सेवा करने का अवसर देने के लिए सीटीयू को धन्यवाद देते हैं और हमें यकीन है कि यह आदेश सीवी उद्योग के लिए ईवी आधारित ग्रीन मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करने के हमारे चल रहे प्रयासों को और प्रोत्साहित करेगा। एक सुगम ट्रांजिशन प्रदान करने के लिए, हम न केवल इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती और उनका रखरखाव कर रहे हैं, बल्कि एक इलेक्ट्रिक फ्लीट में ट्रांजिशन को कारगर बनाने के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचे को स्थापित करने में सीटीयू की भी मदद करेंगे।



# महिला हॉकी विश्व कप : भारतीय टीम आज न्यूजीलैंड से खेलेगी

एम्सटेलवीन, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम गुरुवार को यहां एफआईएच महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम के पहले दो मुकाबले इंग्लैंड और चीन से बराबरी पर रहे हैं। ऐसे में पूल बी से अगर उसे क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश करना है तो इस मैच को किसी भी हाल में जीतना होगा। भारतीय टीम अभी दो अंक के साथ ही पूल बी में तीसरे स्थान पर है। टूनार्मेंट के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक पूल में चार टीमें शामिल हैं। इसमें से शीर्ष टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच क्रॉसओवर मुकाबला होगा।




क्रॉसओवर में पूल ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल डी में तीसरे स्थान पर रहती है जबकि पूल ए में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम की भिड़ंत पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से मुकाबला होगा। इसी तरह पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का सामना पूल सी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से सामना होगा जबकि पूल बी में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगी। इन चारों मुकाबले के विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। पूल बी में शीर्ष पर रहने के लिए भारत को न्यूजीलैंड को हराना होगा और साथ ही दुआ करनी होगी कि इंग्लैंड के खिलाफ चीन हार जाये। पहले दो मैच में भारत के प्रदर्शन पर ध्यान दिया जाये तो टीम के लिए न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करना आसान नहीं रहेगा। भारतीय रक्षापंक्त ने दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है पर अग्रिम पंक्ति और मिडफील्ड का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

अब तक स्ट्राइकर वंदना कटारिया ही भारत की ओर से गोल कर पायीं हैं जबकि लालरेमसियामी, शर्मिला जैसी खिलाड़ी विफल रही हैं। इसके साथ ही भारतीय टीम के मिडफील्डरों को भी अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। भारतीय टीम अब तक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में असफल रही है यह भी उसके लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। दो मैच में भारतीय टीम 12 पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल ही कर सकी है। यह दोनों गोल भी वंदना ने ही किये हैं।

दोनो ही टीमों की रैंकिंग में ज्यादा अंतर नहीं है। न्यूजीलैंड दुनिया की आठवें जबकि भारत नौवें नंबर की टीम है , ऐसे में मुकाबला करीबी रहने की उम्मीदें हैं पर इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत से कीवी टीम को मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे मिलेगा।

# भारत-इंग्लैंड पहला टी20 आज

साउथम्प्टन, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम गुरुवार से यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में जीत से शुरूआत करने उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर एजबेस्टन टेस्ट की हार से उबरना भी रहेगा। रोहित कोरोना संक्रमण के कारण टेस्ट मैच में नहीं खेले थे , उनकी जगह जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट टीम की कप्तानी की थी। ऐसे में अब उनका लक्ष्य जीत से वापसी रहेगा। सीरीज का पहला मुकाबला यहां रोस बाउल स्टेडियम में होगा।




भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज एजबेस्टन टेस्ट में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। ऐसे में अब अगर भारतीय टीम को टी20 सीरीज जीतनी है तो उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज बुमराह और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को पहले टी20 मैच के लिए आराम दिया गया है। अब ईशान किशन या ऋतुराज गायकवाड़ में से किसी एक को रोहित के साथ पारी की शुरूआत का अवसर मिलेगा। बल्लेबाज संजू सैमसन भी टी20 टीम में शामिल हैं। दिनेश कार्तिक इस मैच में विकेटकीपिंग करेंगे क्योंकि ऋषभ पंत को भी इस मैच के लिए आराम दिया गया है। युवा उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, हर्षल पटेल को इस मैच में जगह मिल सकती है।

वहीं दूयरी ओर टेस्ट मैच में जीत से इंग्लैंड के हौंसले बुलंद हैं और वह इस सीलसिले को बरकरार रखना चाहेगी। टीम को बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लय में होने का भी लाभ मिलेगा।

पहले टी20 के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुडा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई , भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधू , प्रणीत ओर कश्यप मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

कुआलालंपुर, एजेंसी। भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने यहां मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट में जीत के साथ शुरूआत की है। सिंधू ने पहले दौर में चीन की ही बिंग जियाओ को करीब एक घंटे तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-13 17-21 21-15 से हराया। इस जीत के साथ सिंधू ने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के पहले दौर में जियाओ के खिलाफ पहले दौर में मिली हार का हिसाब भी बराबर कर दिया। वहीं पुरुष एकल में भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बी बी साई प्रणीत और पारुपल्ली कश्यप भी जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। प्रणीत ने जहां असानी से गुआटेमाला के केविन कोर्डन को 21-8 21-9 से हराया। वहीं कश्यप एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी टॉमी सुगियार्तो को 16-21 21-16 21-16 से हराने में सफल रहे। एक अन्य मुकाबले में भारत के ही समीर वर्मा को चीनी ताइपे के टिएन चेन ने 21-10 12-21 14-21 से हराया।

### ओन्स विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बनीं

विंबलडन, एजेंसी। ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर विम्बलडन टेनिस के सेफीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं। गत वर्ष विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-1, 6-1 हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। जेब्युर ने कहा, ह्ययह काफी अहम है। मैं लंबे समय से यहां तक पहुंचने की उम्मीद कर रही थी जा अब पूरी हुई है। मैं मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे परेशान हो गये हैं। इस सिलसिल को तोड़ने का प्रयास करो।ह्न ओन्स के अनुसार वह अपने प्रयासों में सफल रही है। अब सेमीफाइनल में ओन्स का मुकाबला जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा। जर्मनी की 34 साल की खिलाड़ी तात्याना भी पहली बार यहां पहुंची हैं। मारिया ने 35वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट में हिस्सा लेते हुए 22 साल की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराया।

### रुट टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रुट ने भारत के खिलाफ हुए पांचवे क्रिकेट टेस्ट में शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। रुट इस मैच में शानदार प्रदर्शन के साथ ही टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की एक खास सूची में शामिल हो गए हैं। इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट की एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पूर्व क्रिकेटर वाल्टर हैमंड के नाम है। हैमंड ने एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 905 रन बनाए थे। एक सीरीज में इंग्लैंड द्वारा बनाया गया किसी खिलाड़ी द्वारा यह सर्वोच्च स्कोर है। हैमंड के बाद दूसरे स्थान पर पूर्व बल्लेबाज ग्राहम गूच का नाम आता है। गूच ने साल 1990 में भारत के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच में 752 रन बनाये थे।

### कोहली से विवाद के बाद आक्रामक हुए बेयरस्टो

एजबेस्टन, एजेंसी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरेस्टो को भड़काना भारी पड़ा है। बेयरेस्टो ने ही पांचवे टेस्ट मैच की दोनो पारियों में शानदार शतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस मैच में रूट ने नाबाद 142 और बेयरस्टो ने नाबाद 114 रन बनाये। यह मैच पिछले साल कोरोना संक्रमण के कारण नहीं हो पाया था। विराट का एजबेस्टन टेस्ट में मैन ऑफ द मैच बेयरस्टो को उकसाना भी टीम इंडिया को भारी पड़ा है।

# इंग्लैंड ने एजबेस्टन टेस्ट में बनाये कई रिकार्ड




एजबेस्टन, एजेंसी। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में जीत दर्ज करने के दौरान कई रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। इस मैच में मेजबान टीम ने 378 रनों का लक्ष्य 76.4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर 145 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। इंग्लैंड ने इस मैच में सबसे तेजी से रन बनाने का नया रिकॉर्ड बनाया है। उसका रनरेट 4.93 रहा है। इंग्लैंड ने 378 रन का पीछा करते हुए जिस तेजी से रन बनाए, ऐसा 145 साल के क्रिकेट इतिहास में पहले कभी भी देखने में नहीं आया है। इससे पहले 350 रन से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा औसत के साथ जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड भारतीय टीम के नाम था। भारत ने 2008 में इंग्लैंड के खिलाफ 98.3 ओवर में 4 विकेट पर 387 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। तब भारतीय टीम का रनरेट 3.92 था।

इस मैच में जो रूट (142) और जॉनी बेयरस्टो (114) के शतकों से इंग्लैंड ने अपना रनरेट 5.00 के करीब पहुंचा दिया। वहीं मेजबान टीम ने जब जीत दर्ज की तो उसका रनरेट 4.93 था। यह 145 साल के इतिहास में पहला मौका है, जब किसी टीम ने 4.00 से अधिक के रनरेट से मैच जीता है।



लंदन में विम्बलडन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में खेलती हुई जर्मनी की जूली निमेयर

# आईसीसी टेस्ट रैंकिग में विराट शीर्ष दस से बाहर हुए , ऋषभ ने लगायी लंबी छलांग

दुबई, एजेंसी। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष-10 में जगह नहीं मिली है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में कोहली चार पायदान फिसल कर 714 रेटिंग के साथ 13वें स्थान पर आ गए हैं। विराट इससे पहले 2,053 दिनों तक लगातार शीर्ष दस में बने रहे थे। विराट पिछले दो साल से खराब फार्म से परेशान हैं। इस दौरान वह एक भी शतक नहीं लगा पाये हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट की दो पारियों में कुल मिलाकर केवल 31 रन ही बनाये थे।



वहीं एजबेस्टन टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी का लाभ भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को मिला है। ऋषभ ने इस मैच में 146 और 57 रन बनाये थे। इससे उन्होंने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है और वह पांच पायदान ऊपर आकर 801 रेटिंग अंकों के साथ ही पांचवें स्थान पर आ गए हैं। दूसरी ओर कोरोना संक्रमण के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर रहे भारतीय टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह नौंवे स्थान पर आ गए हैं। इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो को मैच की दोनो पारियों में शतक लगाने का लाभ हुआ है और वह 11 पायदान की छलांग लगाकर 10 वें स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि पूर्व कप्तान जो रुट 923 रैंकिंग के साथ शीर्ष टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं। रुट ने एजबेस्टन टेस्ट में शतक लगाया था।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में धवन करेंगे भारतीय टीम की कप्तानी

मुम्बई, एजेंसी। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिवीसय श्रृंखला में उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने 22 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला के लिए रवीन्द्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है।




चयनकताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बड़े खिलाड़ियों को आराम देते हुए युवा खिलाड़ियों का अवसर दिया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम में नहीं रहेंगे। इस टीम में स्पिन गेंदबाज के तौर पर युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल को रखा गया है। तेज गेंदबाजी की कमान अवेश खान, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। तीन मैचों की एकदिवसीय क्वींस पार्क ओवल में खेली जाएगी।

एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार हैं :

शिखर धवन (कप्तान), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

# भारत-चीन का मुकाबला ड्रॉ रहा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम का चीन के खिलाफ महिला हॉकी विश्वकप के पूल बी में 1-1 से मुकाबला बराबरी पर रहा है। इससे पहले भारतीय टीम का इंग्लैंड के खिलाफ पहला मुकाबला भी ड्रॉ रहा था। वहीं भारत ने इंग्लैंड को 2-2 से बराबरी पर रोका था। अब गुरुवार को अंतिम मैच में भारतीय टीम न्यूजीलैंड से खेलेगी। भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबले में चीन की झेंग जियाली ने 26वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की ओर से 45वें मिनट में वंदना कटारिया ने एक गोल कर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

पहले दो क्वार्टर में भारतीय टीम हावी रही और उसने गोल करने के कई प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली। इसके बाद चीनी खिलाड़ियों ने भी पलवार किया। भारत की ओर से 9वें मिनट में नवनीत कौर ने अच्छा प्रयास किया पर वह गोल नहीं कर पायीं। वहीं दूसरे हाफ में भारत को 42वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले पर दोनो ही बेकार गये।

# तीसरे एकदिवसीय को जीतकर सीरीज 3-0 से अपने नाम करने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम, सुबह 10 बजे शुरू होगा मैच

पालेकल, एजेंसी। पहले दोनो मैचों में जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को भी जीतकर सीरीज को 3-0 से अपने नाम करने उतरेगी।

भारतीय टीम ने इससे पहले टी20 श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। भारतीय टीम ने जिस प्रकार दूसरे एकदिवसीय में दस विकेट से जीत हासिल की है। उसको देखते हुए वह तीसरे मुकाबले में भी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। दूसरे मैच में भारतीय टीम ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनो में मेजबान श्रीलंकाई टीम को कोई अवसर नहीं दिया था।

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर अभी शानदार फार्म में हैं। दूसरे मैच में स्मृति मंधाना ने भी लय हासिल कर ली है। शेफाली वर्मा भी फार्म में आ गयी हैं। मंधाना और शेफाली ने दूसरे एकदिवसीय में नाबाद शतकीय साझेदारी कर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी।

वहीं टीम की कप्तानी संभालने के बाद हरमनप्रीत का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। जिससे टीम को जीत दर्ज करने में आसानी हुई है। भारत की ओर से दूसरे एकदिवसीय में युवा तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर श्रीलंकाई टीम को कोई अवसर नहीं दिया था। रेणुका ने 28 रन देकर चार विकेट लिए थे।

रेणुका के प्रदर्शन का भारतीय टीम की जीत में अहम योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर मेजबान श्रीलंकाई टीम इस मैच में जीत के साथ ही सीरीज का समापन करना चाहेगी हालांकि यह इतना आसान नहीं है। कप्तानी चामरी अटापट्टू के अलावा अन्य खिलाड़ी अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी हैं। जहां तक गेंदबाजी की बात है तो टीम के पास इनोका रणवीरा और ओशादी रणसिंघे जैसे स्पिनर हैं। ये दोनो ही इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के इरादे से उतरेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया और हरलीन देओल।

श्रीलंका : चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रम, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, इनोका रणवीरा, सत्य संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवंडी।

# जोकोविच और तात्याना विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहूंचे

लंदन, एजेंसी। सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विम्बलडन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। जोकोविच ने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ पहले दो सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7, 2-6, 6-3, 6-2, 6-2 से जीत दर्ज कर अंतिम चार में जगह बनायी है।

इसी के साथ ही शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच अपने 7वें विम्बलडन खिताब की ओर बढ़े हैं। 20 ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता इस सर्बियाई खिलाड़ी ने इस तरह ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 26वीं जीत दर्ज की है। इस स्थल पर पांच सेट के अपने 11 मुकाबलों में उन्होंने 10 में जीत दर्ज की है। इससे पहले जोकोविच का साल 2006 में हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच की यह विम्बलडन में 84वीं जीत है, इसी के साथ ही उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की भी बराबरी की है। अब केवल रोजर फेडरर ही जोकोविच से आगे हैं।



वहीं महिला एकल में जर्मनी की तात्याना मारिया ने क्वार्टर फाइनल में अपने ही देश की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। विश्व रैंकिंग में 103वें स्थान पर बरकरार मारिया पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्हें तीसरी वरीयता प्राप्त ओन्स जेब्युर या गैर वरीयता प्राप्त मेरी बोजकोवा के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता का सामना करना होगा।

# टी20 और एकदिवसीय सीरीज से वापसी करेंगे रोहित

## 11 दिन में 6 मुकाबले खेलेंगी दोनो टीमें

लंदन, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अब कोरोना संक्रमण से उबर गये हैं और 7 जुलाई से शुरू हो रही टी20सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अब उसका लक्ष्य सीमित ओवरों के प्रारुप में जीत दर्ज कर अच्छी वापसी करना रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 और एकदिवसीय सीरीज में 6 मुकाबले खेले जाएंगे। ये मुकाबले 7 जुलाई से 17 जुलाई के बीच होंगे। इस प्रकार दोनों टीमें अगले 11 दिन में 6 मुकाबले खेलेंगी। पहला टी20 मैच साउथम्प्टन में खेला जाएगा।



यह दिन-रात्रि मैच होगा, जो रात 10.30 (भारतीय समय) बजे शुरू होगा। वहीं टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 9 जुलाई को बर्मिंघम में शाम 7 बजे (भारतीय समय) से खेला जाएगा। तीसरा टी20 मैच 10 जुलाई को नॉटिंघम में खेला जाएगा। यह मुकाबला भी शाम 7 बजे (भारतीय समय) से शुरू होगा। इसके बाद दोनों टीमें एकदिवसीय सीरीज खेलेंगी। एकदिवसीय सीरीज के मुकाबले 12, 14 और 17 जुलाई को होंगे। पहले दो एकदिवसीय दिन-रात्रि के होंगे। यह शाम 5.30 बजे (भारतीय समय) शुरू होंगे जबकि तीसरा टी20 मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे खेला जाएगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org




# ऑफिस यूनिफॉर्म में भी ट्रेंडी लुक के लिये टिप्स

**ऑफिस का यूनिफॉर्म पहनने का अर्थ यह नहीं है कि आप भी दूसरों जैसे ही दिखें! कई ऑफिस में यूनिफॉर्म पहनना पड़ता है। इस कारण अच्छा दिखने के लिए आप कपड़ों के साथ अलग अलग प्रयोग नहीं कर पाते। क्या आपको आश्चर्य हो रहा है कि आप यूनिफॉर्म में भी कैसे ट्रेंडी दिख सकते हैं? जानकारी के लिए पढ़ें। जब आपको ऑफिस में यूनिफॉर्म पहनना होता है तो अलग दिखना थोडा कठिन होता है। परंतु उसी समय यह भी निश्चित है कि आप अपने सहयोगियों से कुछ अलग दिखना पसंद करेंगे।**

अपने व्यवसाय की गरिमा को धक्का लगाए बिना मेकअप करना भी एक कला है। आपकी शैली आपके व्यवसाय को परिलक्षित करती है तथा कुछ मामलों में यह आपकी क्षमता के स्तर का भी सूचक होती है। यदि आपको आश्चर्य होता है कि ऑफिस यूनिफॉर्म में आप कैसे ट्रेंडी दिख सकते हैं तो ये आसान और प्रभावी उपाय अपनाएँ ताकि आप ऑफिस में कुछ अनोखी और अलग दिखें। इससे आप बेहतर दिखेंगी। एसेसरीज़ यदि आपके ऑफिस यूनिफॉर्म के साथ एसेसरीज़ पहनने पर कोई पाबंदी नहीं है तो आप विभिन्न शैली की एसेसरीज़ के साथ प्रयोग कर सकती हैं। विभिन्न प्रकार के हल्के आभूषण और एसेसरीज़ पहनें जो पहली नज़र में ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर ले। डिज़ाइनर बैग्स एक अलग बैग की चमक का स्थान कोई नहीं ले सकता। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका ऑफिस का यूनिफॉर्म कितना फीका है; यदि आप एक स्टाइलिश डिज़ाइनर बैग चुन सकते हैं तो भी आप अलग और आकर्षक दिख सकते हैं। यदि आप उच्च पेशेवर हैं तो कुछ अलग डिज़ाइन वाले ऑफिस बैग्स खरीदें। यह एक रोचक सलाह है जिसका उपयोग आप कर सकते हैं। हेयरस्टाइल आपकी शैली को व्यक्त करने में आपकी हेयरस्टाइल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक ही हेयरस्टाइल करने के बजाय विभिन्न प्रकार की हेयरस्टाइल करें। ऐसा न सोचें कि केवल बाल कटवाकर ही आप अपनी हेयरस्टाइल बदल सकती हैं। आप अलग अलग तरीके से कंघी करके, बालों को अलग प्रकार से बांध सकती हैं। आप हेयर कलर का भी प्रयोग कर सकती हैं परन्तु इस बात का ध्यान रखें कि यह अजीब न दिखे। घड़ी इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके ऑफिस का यूनिफॉर्म क्या है, एक अच्छी घड़ी आपको लग दिखने में मदद करती है। जहाँ पुरुष ब्रांडेड घड़ियाँ पहनना पसंद करते हैं वही महिलायें सस्ती परन्तु आधुनिक घड़ियाँ पहनना पसंद करती हैं। घड़ी पहनने के उद्देश्य के अलावा घड़ी आपकी गरिमा को भी प्रदर्शित करती है।

# 10 मिनट में दिखें जवां



**बीबी क्रीम** - बीबी क्रीम महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों के लिए 'मस्ट हैव' बनती जा रही है। ये न सिर्फ चेहरे के दाग धब्बे छुपाता है बल्कि टोंड त्वचा पाने में भी मदद करता है। बीबी क्रीम इस्तेमाल करने का सबसे बड़ा फायदा ये है कि इसके साथ आपको कुछ और इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती।


**अंडर आई क्रीम**-आंखों के नीचे के एरिया से बढ़ती उम्र और तनाव का पता चलता है। इसे ठीक करने के लिए सबसे पहले अच्छी नींद और अच्छा खानपान शुरू करना होगा। इसके साथ रोजाना अंडर आई क्रीम का इस्तेमाल करना होगा जो आपको फ्रेश और यंग लुक देगा।

**हेयर वॉल्यूम स्प्रे** -बाल पतले होना काफी गंभीर समस्या है जो आज हर वर्ग के लोगों को है। पतले बाल आपको उम्र से पहले ही बूढ़ा बना देते हैं, इस समस्या से समाधान के लिए आपको एक अच्छे हेयर वॉल्यूम स्प्रे की जरूरत है। ये बालों को बाउंस और वॉल्यूम देते हैं। इसे इस्तेमाल करने के बाद पानी और बारिश से बचें।

**एंटी ऐजिंग प्रोडक्ट** -एंटी ऐजिंग क्रीम, फेसवॉश और मॉइस्चरीजर बढ़ती उम्र वाले लोगों के लिए आइडियल उत्पाद हैं। ये आपकी त्वचा को टाइट करते हैं और चेहरे में निखार आता है।

**फेस मिस्ट** -तैयार होने के बाद आपके चेहरे पर ताजगी बनी रहे उसके लिए 'फेस मिस्ट' परफेक्ट कॉस्मेटिक उत्पाद है। ये आपके चेहरे पर 'सीलिंग एजेंट' की तरह काम करते हैं।

# महिलाओं को ब्लड प्रेशर की समस्या में जरूरी है नारियल पानी



**नारियल पानी दोनों का अपना ही मजा है। नारियल पानी सेहत के लिए वरदान से कम नहीं है, क्योंकि इसके अंदर मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पोषक तत्व आपके शरीर के लिए फायदेमंद तो होते ही है, लेकिन ये कई बीमारियों को भी आपसे कोसों दूर रखता है। नारियल पानी के कई ऐसे फायदे भी होता है जो आपके शरीर के लिए बेहद जरूरी भी होता है।**

**नारियल पानी के फायदेः**

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में नारियल पानी काफी मदद करता है। नारियल पानी में मौजूद विटामिन सी, पोटैशियम और मैग्नीशियम ब्लड प्रैशर को कंट्रोल रखता है। नारियल पानी में कम कैलोरी होने की वजह से ये वजन घटाने में भी आपकी मदद करता है। नारियल पानी में पोटेशियम, मैग्नीज, सोडियम, कैल्शियम के अलावा प्रोटीन और फाइबर भी होता है।

बढ़ती गर्मी की वजह से आपका एनर्जी लेवल काफी कम हो जाता है। इसमें इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। नारियल पानी आपको ठंडक देने के साथ ही एनर्जी लेवल को भी बढ़ाता है।

# निमोनिया-डायरिया न बने जानलेवा

**बीमारियों के बारे में-**

**समझें इसके लक्षण**

निमोनिया व डायरिया वैसे तो सामान्य बीमारियां मानी जाती हैं लेकिन भारत में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सर्वाधिक मृत्यु इन रोगों के कारण ही हो रही है। भारत में वर्ष 2015 में ही करीब 3 लाख बच्चों को इनके कारण जान गंवानी पड़ी है। हाल ही एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है। विशेषज्ञों के मुताबिक रोग के लक्षणों को न समझ पाना व सही समय पर उपचार न मिल पाना इसकी वजह हैं। जानते हैं इन बीमारियों के बारे में-

**प्रमुख कारण**

डायरियाः दूषित भोजन व पानी, साफ-सफाई की कमी, छह माह तक ब्रेस्ट फीड कम कराना।

निमोनियाः बैक्टीरिया के संक्रमण, वातावरण में प्रदूषण, कुपोषण आदि।

लक्षणों से करें पहचान

डायरियाः बार-बार दस्त, अत्यधिक प्यास, आंखें चढना, कम यूरिन, जीभ सूखी व हाथ-पैर ठंडे पडना आदि। परेशानी बढने पर रक्तसंचार बाधित होकर अंग में विकार भी आ सकता है।

निमोनियाः जुकाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत। गंभीर स्थिति में बेहोशी, दौरे किसी अंग में विकार या जान भी जा सकती है।

**निमोनिया में रखें खयाल**

डेढ, ढाई और साढ़े तीन माह में एच इनफ्लूएंजा व न्यूमोकोकल का वैक्सीनेशन जरूर करवाएं।

दिन में कमरे की खिड़कियां आदि खोलकर रखें ताकि दूषित वायु बाहर निकल सके।

बच्चे को पोषक तत्त्वों से भरपूर आहार जैसे फल, हरी सब्जियां, दूध व दूध से बने पदार्थ दें।

कुछ बनाते या खिलाते समय साफ-सफाई का विशेष खयाल रखें।

अधिक मसालेदार व तली-भुनी चीजें खाने को न दें।

जुकाम, बुखार के साथ यदि सांस की गति तेज हो तो देर किए बगैर विशेषज्ञ से परामर्श करें।

**डायरिया से बचाव के लिए**

छह माह तक बच्चों को केवल ब्रेस्ट फीड करवाएं। इसके अतिरिक्त कुछ भी न दें। इससे उसे शरीर के मुताबिक पोषण मिलता रहेगा।

नवजात को रोटावायरस का टीका ढाई व साढ़े तीन महीने पर जरूर लगवाएं। हरी-सब्जियां, फैट, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, मिनरल्स कैल्शियम व आयरन से भरपूर चीजें दें।

कुछ बनाते समय साफ-सफाई का ध्यान रखें। ताजा चीजें ही खिलाएं, बासी या रखी हुई न दें।

फल देते समय अच्छे से धोएं व खुला रखा जूस, दूध या कोई अन्य पदार्थ न दें।

**बच्चा कुपोषित कब?**

कुपोषित बच्चों में निमोनिया के गंभीर होने की आशंका ज्यादा रहती है। हम अक्सर इस शब्द का इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन इसके वास्तविक पैमाने के बारे में नहीं जानते। विशेषज्ञ के मुताबिक जिन बच्चों का वजन उम्र के अनुसार न होकर 20 प्रतिशत तक कम हो, साथ ही हाथ-पैर पतले हों तो उन्हें इस श्रेणी में रखा जाता है।

**कितना होना चाहिए वजन**

| | |
|---|---|
| नवजात : | 2.5-3.5 किलो |
| 6 माह : | 7.5-8.5 किलो |
| 1 साल | 9-10 किलो |
| 2 साल | 11-12 किलो |
| 3 साल | 13-14 किलो |
| 4 साल | 15-16 किलो |
| 5 साल | 19-20 किलो |



# स्टैमिना क्यों कम होता है



**आपने कई लोगों को कहते सुना होगा कि उनका स्टैमिना बहुत कम या फिर बहुत अच्छा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसका मतलब क्या होता है? आइए, हम आपको बताए कि क्या होता है स्टैमिना -**

स्टैमिना का मतलब है आपके शरीर की उर्जा व आपके आंतरिक बल से। सामान्य शब्दों में कहे तो स्टैमिना अर्थात व्यक्ति द्वारा किसी भी काम को मानसिक या शारीरिक रूप से लंबे समय तक जारी रख पाना। वैसे आमतौर पर अधिकांश लोग स्टैमिना से शारीरिक कार्यों को करने की क्षमता ही समझते है।

* थोड़ी दूर तक चलने में या कुछ ही सीढ़ियां चढ़ते वक्त थकान लगना।
* बिना मेहनत किए पसीना आना।
* भूख नहीं लगना।
* हर वक्त खुद को थका हुआ महसूस करना और चक्कर आना।
* आंखों के सामने कभी-कभी धुंधलापन छा जाना।
* किसी काम को करने में मन न लगना।
* हाथों और पैरों में दर्द महसूस होना।
* अधिक नींद आना।

■ **नींद की कमी** – जो लोग रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद नहीं ले पाते हैं, उनके शरीर की ताकत धीरे-धीरे कम होने लगती है, जिससे उनका किसी काम में मन भी नहीं लगता।

■ **पानी कम पीना** – हमारे शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है, ऐसे में अगर शरीर में पर्याप्त पानी नहीं होगा तो भी स्टैमिना कम होने लगता है, इसलिए जरूरी है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पिते रहें।

■ **कार्बोहाइड्रेट की कमी** – क्या आपको पता है कि कार्बोहाइड्रेट का सेवन ही शरीर को सबसे ज्यादा एनर्जी देता है। ऐसे में अपने खान-पान में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा को संतुलित रखें।

# फेफड़ों को नेचुरल तरीके से करें क्लीन



**न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट न सिर्फ आपके हेल्थ और वजन के लिए अच्छी होती है बल्कि इनका काम आपको कई सारी गंभीर बीमारियों से भी दूर रखना है। इतना ही नहीं न्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर फूड आइटम्स वायु प्रदूषण के खतरे को कम कम आपके फेफड़ों को हेल्दी बनाए रखने का काम करते हैं। तो आज हम ऐसे ही कुछ नेचुरल फूड आइटम्स के बारे में जानेंगे।**

**मिर्च :** मिर्च विटामिन सी से भरपूर होते हैं जो आपके फेफड़ों की सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है। विटामिन सी एक ऐसा असरदार एंटीऑक्सीडेंट होता है जो गंभीर फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए रामबाण इलाज है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि विटामिन सी बॉडी से सभी टॉक्सिन्स और फ्री रेडिकल्स को रिमूव करने का काम करता है। जिससे बॉडी के साथ लंग्स भी रहते हैं सुरक्षित।

**चुकंदर :** चुकंदर में ढेर सारे विटामिन्स और खनिज होते हैं। ये प्राकृतिक शुगर का स्रोत है और इसमें आयरन, सोडियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम आदि भी पाए जाते हैं। चुकंदर कफ बलगम निकालकर सांस की नली को साफ रखता है। मतलब इसका सेवन शरीर के लिए तो फायदेमंद है ही साथ ही ये हमारे फेफड़ों के लिए भी। इसलिए रोजाना चुकंदर का किसी न किसी रूप में सेवन करें।

**सेबः** फाइबर और विटामिन्स से भरपूर और कैलोरी की कम मात्रा लिए हुए सेब के रोजाना सेवन से आप न सिर्फ डॉक्टर के पास जाने से बचे रहेंगे बल्कि ये आपके श्वसन तंत्र को भी दुरुस्त रखने का काम करता है। सेब में पाया जाने वाला एक खास तरह का फ्लेवोनॉयड क्वरसिटिन फेफड़ों को साफ करने में मदद करता है।

**सब्जियां :** कुछ सब्जियां जैसे पत्तागोभी, ब्रोकली, गोभी, काले, स्प्राउट्स बहुत ही सेहतमंद ऑप्शन्स होते हैं। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर ये सब्जियां स्किन के साथ ही फेफड़ों के लिए भी काफी अच्छी होती हैं। तो कोशिश करें इनका ज्यादा से ज्यादा सेवन करने की जिससे आपके फेफड़े आसानी से सांस ले सकें।




# मेडिटेशन को करें अपनी दिनचर्या में शामिल

**मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे...**

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- यदि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस-पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रातःकाल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।

## आज की रेसिपी

# खुबानी रेसिपी



**यह किसी भी फेस्टिवल सीजन के लिए एकदम परफेक्ट है, जिसमें आपको खुबानी, अंजीर और प्रून्स का स्वाद मिलता है यह एक पारंपरिक खुबानी रेसिपी है.**

**सामग्री :**

- 300 ग्राम खोया, कद्दूकस किया हुआ
- 200 ग्राम खूबानी (सूखा बीज रहित, भिगोया हुआ और कटा हुआ)
- 200 ग्राम प्रून्स (सूखा बीज रहित, लथपथ और कटा हुआ)
- 200 ग्राम अंजीर सूखा
- 50 ग्राम बादाम पाउडर
- 30 ग्राम गुड़
- 20 ग्राम पिस्ता (बारीक स्लाइस)
- 10 ग्राम चिरौंजी
- 1 टी स्पून हरी इलायची पाउडर
- 25 ग्राम घी

**विधि :**

- खुबानी को एक घंटे के लिए भिगोने के बाद नरम होने तक उबालकर बारीक काट लें.
- सूखे प्रून्स को भी एक घंटे भिगोने के बाद नरम होने तक उबालकर बारीक काट लें.
- सूखे अंजीर को एक घंटे के भिगोने के बाद छानकर पतली प्यूरी बना लें.
- पिस्ते को छीलकर स्लाइस में काट लें. बादाम को हल्का उबालकर उच्छील लें और बारीक पाउडर बना लें.
- अब एक पैन में घी गरम करें. इसमें अंजीर की प्यूरी डालें और इसे गाढ़ा होने तक पकाएं.
- इसमें कटा हुआ अंजीर और प्रून्स डालकर 15 मिनट तक पकाएं.
- अब इसमें कददूकस की हुआ गुड़ डालें और 2 से 3 मिनट के बाद बादाम पाउडर डालें.
- इसके बाद कददूकस किया हुआ खोया डालें और धीमी आंच पर 4 से 5 मिनट के लिए पकाएं. इसे लगातार चलाते हुए इसमें हरी इलाइची पाउडर डालें.
- इसमें गाढ़ापन आने दें और इसे बर्फी की तरह सेट होने दें.
- चिरौंजी को ड्राई रोस्ट करें. इस मिश्रण को किसी चकोर ट्रे में अच्छी तरह फैलाएं.
- इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें और अपने मनचाहे आकार में काट लें.

# चेहरे पर आएगा बिना मेकअप के ग्लो



**चेहरे की रंगत अगर फीकी पड़ जाए तो लड़कियां परेशान हो जाती हैं। हर लड़की चाहती है कि उसका चेहरा बेदाग, गोरा और चमकदार बना रहे। मगर धूल-मिट्टी और बढ़ते प्रदूषण के कारण चेहरे की रंगत को बरकरार रख पाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं, इन दिनों लॉकडाउन की वजह से लोगों का स्क्रीन टाइम भी काफी बढ़ गया है, जिससे लैपटॉप से निकलने वाली घातक किरणें स्किन को अंदर से खराब कर देती हैं। यदि आप भी अपने चेहरे पर कील-मुंहासों के दाग, टैनिंग और झाइयों के कारण परेशान हैं और चेहरे के नूर को दोबारा वापस लाना चाहती हैं, तो एक्सपर्ट की सलाह आपके बड़े काम की हो सकती है। जी हां, एनबीटी ने अपने पाठकों के लिए कुछ ब्यूटिशन से बात की है, जो आपको ऐसे ब्यूटी टिप्स देंगे, जिसको आजमा कर आपकी स्किन दोबारा चमकदार और हेल्दी बन सकती है।**

**कच्चा आलू**

आलू के इस्तेमाल से स्किन से डार्क स्पॉट्स, पिंग्मेंटेशन और टैनिंग की परेशानी दूर होती है। यही नहीं अगर आपकी स्किन से ग्लो चला गया है तो भी आलू का फेस मास्क काफी काम आता है।

कच्चे आलू को घिसकर चेहरे पर स्क्रब की तरह लगाएं। फिर दूसरे दिन कच्चा दूध लगाएं। इससे त्वचा के दाग हल्के हो जाते हैं। कद्दूकस किया हुआ खीरा त्वचा की क्लींजिंग और टोनिंग करता है।

**नारियल पानी**

त्वचा के दाग दूर करने के लिए नारियल का पानी बहुत कारगर हैं। नारियल पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर उसे आइस ट्रे में डालकर बर्फ जमा दें। फिर रोज एक टुकड़ा निकल कर हल्के हाथों से चेहरे पर मलें। 10 मिनट बाद पानी से धो लें। नारियल के पानी में कैराटिन होता है, जो त्वचा की ऊपरी परत को हटाकर नई त्वचा विकसित करता है।

**नींबू**

नींबू प्रकृति का वरदान है, यह ब्यूटी ही नहीं बल्कि हेल्थ के लिए भी बेहद फायदेमंद है। खाली पेट नींबू, पानी और शहद पीने से आपका मेटाबॉलिजम ठीक रहता है वहीं स्किन पर नींबू लगाने से यह दागरहित, सॉफ्ट बनती है और रंगत भी निखरती है। नींबू को शहद में मिलाकर स्किन पर लगाएं, इससे आपकी स्किन सॉफ्ट होगी और रंगत में निखार आएगा।

नींबू का इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि यह एसिडिक होता है इसलिए इसे स्किन पर कभी डायरेक्ट न लगाएं। इसे डाल्यूट करने के लिए गुलाबजल, या ऊपर बताई गई चीजों के साथ मिलाकर ही इस्तेमाल करें। इसके अलावा स्किन पर नींबू का इस्तेमाल करने के बाद धूप में न निकलें।

**नारियल तेल और कपूर**

धूल-मिट्टी, प्रदूषण के कारण त्वचा पर दाने और कील-मुंहासे आ जाते हैं। नारियल तेल में एक टिकिया कपूर मिलाकर अच्छी तरह ब्लेंड करें। इसे चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। 10 मिनट बाद पानी से धो लें। कच्चे दूध से रोज सुबह चेहरा साफ करने से दाग दूर होते हैं। यह उपाय अल्टरनेट दिन में एक महीने तक आजमाएं।

**मलाई और हल्दी**

एक टीस्पून दूध की मलाई में एक चुटकी हल्दी पाउडर और 1/4 चम्मच गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर हलके हाथों से गोलाई में मलें। फिर ऐसे ही छोड़ दें। बीस मिनट बाद चेहरा हलके गुनगुने पानी या ताजे पानी से धो लें। इसे रोजाना दो महीने तक करने से रंगत साफ होगी और दाग भी दूर हो जाएंगे।

**फ्रूट पैक का करें नियमित इस्तेमाल**

फलों में ऐंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट तो करते ही हैं, दाग-धब्बे भी हल्के करते हैं। फ्रूट पैक के लिए मसला हुआ आधा पका केला, मसला हुआ एक टुकड़ा पका पपीता में आधा चम्मच शहद मिलाकर चेहरे पर रोज सुबह व रात में सोने से पहले लगाएं। 20 मिनट बाद पानी से धो लें।